खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
अधिकतम :28° C
न्यूनतम: 17° C
बरेली, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 329 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com
कार्तिक शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082
1 जमादिउल उला 1447 हिजरी
नई दिल्ली, मुज़फ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



फायर सर्विस केवल आग बुझाने तक सीमित न रहे: योगी पेज 2



विराट फिर शून्य पर लुढ़के, ऑस्ट्रेलिया ने बनाई 2-0 की अजेय बढ़त खेल टाइम्स



जन नायक राहुल गांधी पटना कब जाएंगे सम्पादकीय



भारत रूसी तेल खरीदना दिसम्बर तक बंद करेगा: ट्रम्प पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### जस्टिस सूर्यकांत होंगे अगले CJI

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ारत के अगले मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है? क्योंकि वर्तमान सीजेआई बीआर गवई 23 नवम्बर को पद से मुक्त हो रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया से वाकिफ सूत्रों ने बताया कि न्यायमूर्ति गवई को उनके उत्तराधिकारी के नाम का अनुरोध करने वाला पत्र गुरुवार शाम या शुक्रवार को भेजा जाएगा।

### तेजस्वी यादव महागठबंधन के सीएम फेस

**नई दिल्ली।** बिहार चुनाव के लिए महागठबंधन का सीएम चेहरा आरजेडी प्रमुख तेजस्वी यादव होंगे। कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने महागठबंधन की जाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अगर हमारी सरकार बनी, तो उपमुख्यमंत्री मुकेश सहनी होंगे। उप मुख्यमंत्री और भी लोग बनाए जाएंगे, जो पिछड़े समुदाय से होंगे। गहलोत ने कहा कि हमारा नेता तो तेजस्वी यादव हैं। एनडीए बताए कि उनका सीएम फेस कौन होगा। सिर्फ नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे, कहने से नहीं चलेगा।

### कर्नाटक में डेटा सेंटर ऑपरेटर ने वोटरों के नाम हटाए

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की आलंद विधानसभा सीट पर कांग्रेस के वोट चोरी के आरोपों पर बड़ा खुलासा हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने वोटर्स लिस्ट में अनियमितताओं की जांच के दौरान पाया कि एक डेटा सेंटर ऑपरेटर को प्रत्येक मतदाता के नाम फर्जी तरीके से हटाने के लिए 80 रुपये मिले थे। दिसम्बर 2022 और फरवरी 2023 के बीच आलंद सीट पर 6,018 वोटरों के नाम हटाने के आवेदन आए थे।

### दिल्ली में हुई एयर क्वालिटी और खराब

**नई दिल्ली।** दिल्ली में दिवाली के बाद एयर क्वालिटी में तेजी से गिरावट आई है। दिल्ली की हवा की गुणवत्ता गुरुवार को भी बेहद खराब बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की वेबसाइट के अनुसार, सुबह 6 बजे दिल्ली का एक्यूआई 353 दर्ज किया गया।

# SC: नाबालिग रोक सकता है अभिभावक का अवैध सौदा

## नाबालिग को अलग से मुकदमा दर्ज करने की जरूरत नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संपत्ति विवादों से जुड़े एक अहम फैसले में स्पष्ट कर दिया है कि अगर किसी नाबालिग की संपत्ति उसके अभिभावक ने कोर्ट की अनुमति के बिना बेच दी है, तो बालिग होने के बाद वह उस सौदे को केवल अपने आचरण से भी अस्वीकार कर सकता है। इसके लिए उसे अदालत में अलग से मुकदमा दर्ज करने की आवश्यकता नहीं है। अदालत ने कहा कि व्यवहार से अस्वीकृति भी कानूनन वैध मानी जाएगी।

जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने कहा कि हिंदू अल्पसंख्यक और अभिभावक अधिनियम, 1956 की धारा सात और आठ के तहत प्राकृतिक अभिभावक द्वारा नाबालिग की अचल संपत्ति को कोर्ट की अनुमति के बिना बेचना रद्द माना जाएगा। अदालत ने कहा कि ऐसा सौदा बालिग होने के बाद नाबालिग या तो मुकदमा दाखिल करके रद्द कर सकता है या अपने स्पष्ट आचरण, जैसे उसी संपत्ति को स्वयं बेच देना, के जरिये भी अस्वीकार कर सकता है। यह फैसला पिछले कई वर्षों से चली आ रही कानूनी अस्पष्टता को दूर करता है, जिसमें यह स्पष्ट नहीं था कि नाबालिग को ऐसे मामलों में मुकदमा दाखिल करना जरूरी है या नहीं। यह फैसला कर्नाटक के दावणगेरे जिले के केएस शिवप्पा की अपील पर आया। मामला दो सटे हुए भूखंडों से जुड़ा था, जिन्हें रुद्रप्पा नामक व्यक्ति ने 1971 में अपने तीन नाबालिग बेटों के नाम से खरीदा था। लेकिन जल्द ही रुद्रप्पा ने कोर्ट की अनुमति लिए बिना दोनों भूखंडों को अलग-अलग खरीदारों को बेच दिया। इनमें से एक प्लाट 56 को बाद में कई बार बेचा गया और आखिरकार 1989 में नाबालिगों के बालिग होने के बाद उन्हीं के द्वारा शिवप्पा को बेचा गया। दूसरा प्लाट 57 भी रुद्रप्पा ने कोर्ट अनुमति के बिना बेचा, जिसे 1993 में नीलम्मा नाम की महिला ने खरीदा। शिवप्पा ने दोनों प्लाट्स को खरीदने के बाद उन पर एक मकान बनाया। बाद में नीलम्मा ने इनमें से एक प्लाट पर स्वामित्व का दावा करते हुए शिवप्पा पर मुकदमा दायर कर दिया। ट्रायल कोर्ट ने शिवप्पा के पक्ष में फैसला देते हुए कहा कि रुद्रप्पा का बिना अनुमति किया गया सौदा 'रद्द योग्य' था और नाबालिग बेटों ने बालिग होने के बाद संपत्ति खुद बेचकर उसे वैध रूप से अस्वीकार कर दिया। हालांकि, अपीलीय अदालत और कर्नाटक -शेष पृष्ठ दो पर

**अदालत ने कहा : व्यवहार से अस्वीकृति भी कानूनन वैध मानी जाएगी**



### CJI पर हमले के आरोपी वकील के खिलाफ अवमानना याचिका पर शीर्ष कोर्ट करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई पर हमला करने की कोशिश के आरोपी वकील राकेश किशोर के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 27 अक्टूबर को सुनवाई करेगा। यह याचिका सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने दायर की है। इस पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ सुनवाई करेगी। यह घटना 6 अक्टूबर को हुई थी, जब वकील राकेश किशोर (71) ने सीजेआई की अदालत में जूता फेंक दिया था। इस अप्रत्याशित घटना के बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने किशोर का वकालत लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था।

# सेना को मिलेगी नाग मिसाइल प्रणाली

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस कर उनकी मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 79 हजार करोड़ रुपये के रक्षा खरीद सौदों को मंजूरी दे दी है।

इन रक्षा सौदों में मुख्य रूप से सेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम, ग्राउंड बेस्ट मोबाइल सिस्टम, क्रेन और हाई मोबिलिटी व्हीकल की खरीद के प्रस्ताव शामिल हैं। इनमें नौसेना के लिए नेवल सरफेस गन और वायुसेना के लिए भी लंबी दूरी के मिशन में महत्वपूर्ण प्रणाली की खरीद भी शामिल है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को यहां हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में लगभग 79 हजार करोड़ रुपये के इन रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि इन सौदों के अंतर्गत सेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम (ट्रैक्ड) एमके-2 , ग्राउंड बेस्ड मोबाइल सिस्टम (जीबीईएमएस) और मैटेरियल हैंडलिंग क्रेन के साथ हाई मोबिलिटी व्हीकल्स की खरीद के लिए जरूरत के आधार पर खरीद की स्वीकृति प्रदान की गई है।

**■ सरकार ने 79 हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी दी**

### ट्रम्प से मोदी की मुलाकात इस साल नहीं होगी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी के 22 वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लेने के निर्णय से उनकी मलेशिया यात्रा तथा वहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ मुलाकात की संभावनाओं को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के संगठन (आसियान) -भारत शिखर सम्मेलन 26 से 28 अक्टूबर तक कुआलालंपुर में हो रहा है। गुरुवार को पहले प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में स्वयं यह जानकारी दी और बाद में विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 26 अक्टूबर को इस सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से भाग लेंगे।

# केदारनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**श्री केदारनाथ धाम।** उत्तराखंड में स्थित भगवान शंकर के ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट भाई दूज पर गुरुवार को प्रात: 8:30 बजे विधि विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद हो गए।

कपाट बंद होने के बाद बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली ने सेना के बैंड तथा जयघोष के साथ पहले पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचमुखी डोली को शीतकालीन गद्दीस्थल के प्रथम पड़ाव के लिए प्रस्थान करवाया। केदारनाथ में सर्द मौसम के बीच 10 हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने। इस मौके पर मंदिर को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था तथा श्रद्धालुओं ने भंडारे भी आयोजित किए। कपाट बंद होने की प्रक्रिया से पहले श्रद्धालुओं ने मंदिर में अखंड ज्योति के दर्शन किए। इसके बाद कपाट बंद की प्रक्रिया के अंतर्गत ब्रह्म मुहुर्त में केदारनाथ धाम के पुजारी बागेश लिंग तथा आचार्यगणों, श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति -शेष पृष्ठ दो पर

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचमुखी डोली को शीतकालीन गद्दीस्थल के प्रथम पड़ाव के लिए प्रस्थान करवाया



# कुख्यात रंजन व गिरोह के तीन सदस्य ढेर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रोहिणी इलाके में बुधवार रात पुलिस और बिहार पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बिहार के कुख्यात अपराधी रंजन पाठक और उसके गिरोह के तीन अन्य वांछित सदस्य मुठभेड़ में मारे गए।

यह मुठभेड़ बुधवार रात करीब 2:20 बजे रोहिणी सेक्टर के बहादुर शाह मार्ग और पंसाली चौक के बीच हुई। संयुक्त आयुक्त (अपराध) सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि मारे गए अपराधियों की पहचान मलाही गांव, सुरसंड, सीतामढ़ी निवासी रंजन पाठक (25), बाजपट्टी थाना क्षेत्र, सीतामढ़ी निवासी बिमलेश महतो उर्फ बिमलेश साहनी (25), दोस्तियां गांव, शिवहर निवासी अमन ठाकुर (21) और शेरपुर गांव, करावल नगर, दिल्ली निवासी मनीष पाठक (33) के रूप में हुई है संयुक्त आयुक्त के अनुसार मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने कहा कि यह गिरोह दिल्ली में किसी बड़ी आपराधिक साजिश को अंजाम देने आया था। रंजन पाठक बिहार के सीतामढ़ी जिले का कुख्यात अपराधी था और 'सिग्मा एंड कंपनी' नामक आपराधिक संगठन का सरगना था।







## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में वक्फ बोर्ड प्रस्ताव नामंजूर

**श्रीनगर।** पीडीपी के नेता वहीद पारा की ओर से जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की बहाली और उसके प्रबंधन की जिम्मेदारी मुत्तहिंद-ए-मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) को सौंपने की मांग वाला प्रस्ताव विधानसभा में मतदान के दौरान नामंजूर हो गया। पारा ने एक्स पर लिखकर इस विषय में जानकारी देते हुए कहा कि पीडीपी विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर से औपचारिक रूप से आग्रह करेगी कि वे अपने विवेक का इस्तेमाल करते हुए इस प्रस्ताव को विधाई कार्य में शामिल करें। यह एक संवेदनशील, आस्था से जुड़ा मुद्दा है, जिस पर बहस होनी चाहिए और इसे स्थानीय धार्मिक नेतृत्व के पास वापस भेजा जाना चाहिए। इससे पहले जम्मू-कश्मीर विस अध्यक्ष ने पारा द्वारा पेश किए गए दो निजी प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया था, जिनमें से एक में वक्फ बोर्ड की बहाली और कश्मीर के प्रमुख धर्मगुरु मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले धार्मिक समूह एमएमयू द्वारा इसके प्रबंधन की मांग की गई थी।

### एसबीआई को मिला दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कंज्यूमर बैंक का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** एसबीआई को अमेरिकी फिनटेक कंपनी ग्लोबल फाइनेंस ने साल 2025 के लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कंज्यूमर बैंक और भारत के सर्वश्रेष्ठ बैंक का पुरस्कार दिया है। देश के सबसे बड़े सार्वजनिक बैंक को मिली इस वैश्विक मान्यता पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बधाई दी है और कहा है कि वह इसका हकदार है। एसबीआई के अध्यक्ष चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने अमेरिका के वाशिंगटन, डीसी में एक कार्यक्रम में ये पुरस्कार ग्रहण किए।

# उप्र की राजनीति में एक बार फिर छिड़ा पोस्टरवार

## अखिलेश के जन्मदिन पर सपा कार्यालय के बाहर लगा प्रबल इंजन सरकार का पोस्टर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर पोस्टरवार छिड़ गया है। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय के बाहर एक विशालकाय होर्डिंग ने सबका ध्यान खींच लिया है।

पोस्टर सपा ने भारतीय जनता पार्टी के 'डबल इंजन सरकार' के नारे की तर्ज पर 'प्रबल इंजन की सरकार' का नारा देते हुए राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की है। यह होर्डिंग सपा के मेंहदावल (संत कबीरनगर) से रहे प्रत्याशी जयराम पांडेय ने लगवाई है। इसमें पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को एक ट्रेन के इंजन के रूप में दिखाया गया है, जबकि पीछे के डिब्बों पर सपा सरकार की योजनाओं के नाम लिखे हैं। इनमें समाजवादी पेंशन योजना, कन्या विद्याधन, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे, लैपटॉप योजना, डायल-100, लखनऊ मेट्रो और मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसी योजनाएं शामिल हैं। पोस्टर पर लिखा है एक इंजन, मजबूत इंजन फिर से चलेगी समृद्धि की बयार, जब 2027 में आएगी प्रबल इंजन की सरकार। इसके साथ धनतेरस, दिवाली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज की शुभकामनाएं भी दी गई हैं। खास बात यह है कि अखिलेश यादव के दस्तावेजों में जन्मतिथि 1 जुलाई 1973 दर्ज है, लेकिन समर्थक हर साल 23 अक्टूबर को उनका 'वास्तविक जन्मदिन' मनाते हैं। इसी अवसर पर यह रचनात्मक पोस्टर लगाया गया है, जिसमें उन्हें संस्कृत में जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई हैं। होर्डिंग में सपा का नया 'पीडीए फॉर्मूला' भी प्रमुखता से दिखाया गया है, पी. प्रगतिशील, डी. दूरदर्शी, और ए. अमनपसंद। पार्टी के कार्यकर्ता इसे सामाजिक न्याय और विकास के नए प्रतीक के रूप में पेश कर रहे हैं। जयराम पांडेय ने बताया कि वह पिछले नौ वर्षों से अखिलेश यादव के जन्मदिन पर इसी तरह के रचनात्मक पोस्टर लगाते आ रहे हैं।




# आसियान शिखर बैठक में समझबूझ कर नहीं जा रहे हैं पीएम मोदी: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगता है कि कुआलालम्पुर में होने वाली आसियान शिखर बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने वह अलग-थलग महसूस करेंगे, इसलिए सोची समझी रणनीति के तहत इस बैठक में हिस्सा लेने नहीं जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि आसियान शिखर सम्मेलन की 26 से 28 अक्टूबर तक कुआलालम्पुर में शिखर बैठक होगी निसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कई दिनों से अटकलें लगाई जा रही थीं कि प्रधानमंत्री इस बैठक में जाएंगे या नहीं। अब तय लग रहा है कि प्रधानमंत्री नहीं जाएंगे। इसका मतलब है कि विश्व नेताओं के साथ गले मिलने, तस्वीरें खिचवाने या खुद को विश्वगुरु बताने के कई मौके गंवा दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी के न जाने की वजह साफ है। वहां राष्ट्रपति ट्रंप मौजूद होंगे मोदी उनके सामने खुद को अलग थलग पड़ता महसूस नहीं करना चाहेंगे। उन्होंने कुछ हफ्ते पहले मिस्र में गाजा शांति शिखर सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण भी इसी वजह से ठुकरा दिया था। सोशल मीडिया पर राष्ट्रपति ट्रंप की प्रशंसा में संदेश पोस्ट करना एक बात है। लेकिन उस व्यक्ति के साथ घुलना-मिलना दूसरी बात है और यह सब उस व्यक्ति के साथ आसान नहीं होगा, जिसने 53 बार ऑपरेशन सिदूर रुकवाने और पांच बार भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद करने के वादे का दावा करने वाला बयान दिया है। यह एक तरह से खुद को बचाकर रखने की स्थिति ही होगी। कांग्रेस नेता ने तंज करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री शायद उस पुराने हिट बॉलीवुड गाने को याद कर रहे होंगे बचके रे रहना रे बाबा, बचके रहना रे।

# इंडिया गठबंधन में कांग्रेस का कोई सम्मान नहीं: भाजपा

नई दिल्ली, वार्ता

■ महागठबंधन के पोस्टर से राहुल का फोटो गायब

भाजपा ने बिहार विधानसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का इंडिया गठबंधन में कोई सम्मान नहीं बचा है, इसीलिए इस पोस्टर से राहुल गांधी गायब हैं।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने गुरुवार को महागठबंधन के प्रेसवार्ता के पोस्टर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की फोटो गायब होने पर कहा कि कांग्रेस पार्टी का इंडिया गठबंधन में कोई सम्मान नहीं बचा है, इसीलिए इस पोस्टर से राहुल गांधी गायब हैं। पूनावाला ने कहा कि प्रेसवार्ता के गुरुवार को पटना में होने वाली प्रेसवार्ता के पोस्टर में तेजस्वी बीच में दिखाई दे रहे थे, जबकि गठबंधन के अन्य सहयोगियों की छोटी तस्वीरें थीं, लेकिन राहुल गांधी का कोई नामोनिशान नहीं था। श्री पूनावाला ने कहा कि महागठबंधन के नेताओं के पास न कोई मिशन, न कोई विजन, सिर्फ भ्रम, विभाजन और पद की महत्वाकांक्षा है। पूनावाला ने इस चूक का मजाक उड़ाते हुए कहा कि कल तक तो यही घोषणाएं हो रही थीं कि राहुल गांधी ही चेहरा होंगे, लेकिन अब मुझे लगता है कि कांग्रेस पार्टी के लिए कोई सम्मान नहीं बचा है।

इन दलों के गठबंधन को देखिए, न कोई मिशन, न कोई विजन, सिर्फ भ्रम, सिर्फ विभाजन और सिर्फ पद की महत्वाकांक्षा। उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने के लिए अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। वहीं भाजपा नेता प्रदीप भंडारी ने इसी मामले पर हमला तेज करते हुए कहा कि राजद ने जानबूझकर कांग्रेस सांसद के नेतृत्व को 'अनदेखा' किया है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सुबह 11 बजे निर्धारित पीसी में राहुल गांधी का कोई पोस्टर नहीं था।

## फायर सर्विस केवल आग बुझाने तक सीमित न रहे: योगी

# फायर सर्विस में जल्द बनेगी स्पेशलाइज्ड यूनिट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ एक्सप्रेस-वे पर हर 100 किमी पर छोटी फायर चौकी स्थापित की जाए: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिक विस्तार और शहरीकरण की गति को देखते हुए अग्निशमन विभाग की संरचना को अधिक सशक्त, आधुनिक तथा जनसुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील बनाना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि फायर सर्विस को केवल आग बुझाने तक सीमित न रखकर इसे आपदा प्रबंधन, रेस्क्यू ऑपरेशन और आपात सेवाओं के समेकित स्वरूप में विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री गुरुवार को अग्निशमन विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने विभागीय कैडर रिव्यू की आवश्यकता जताते हुए निर्देश दिए कि प्रत्एक रीजन में स्पेशलाइज्ड यूनिट गठित की जाए, जो केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल दुर्घटनाओं तथा सुपर हाईराइज बिल्डिग जैसी परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हों। बैठक में विभाग में नए पदों के सृजन पर भी चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग की प्रशासनिक क्षमता और वित्तीय पारदर्शिता बढ़ाने के लिए प्रत्येक जनपद में अकाउंट कैडर स्थापित किया जाए। साथ ही राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय में अतिरिक्त पद सृजित कर प्रशिक्षण एवं अनुसंधान की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद विभाग में राजपत्रित संवर्ग के 98 तथा अराजपत्रित संवर्ग के लगभग 922 नए पद सृजित होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इससे जनपद, रीजनल और मुख्यालय स्तर पर फायर सर्विस की कार्यक्षमता और जनसेवा क्षमता को नई मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि प्रत्एक जिले में फायर एवं आपात सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। एक्सप्रेस-वे पर बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्एक 100 किलोमीटर की दूरी पर फायर टेंडर सहित एक छोटी फायर चौकी स्थापित की जाए, ताकि दुर्घटना की स्थिति में गोल्डन ऑवर के भीतर राहत व बचाव कार्य प्रारंभ किया जा सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फायर सर्विस जनता के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा से सीधे जुड़ा हुआ विभाग है। इसकी संरचना ऐसी होनी चाहिए, जो हर परिस्थिति में त्वरित, कुशल और उत्तरदाई प्रतिक्रिया देने में सक्षम हो। उन्होंने कहा कि विभाग के पुनर्गठन की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूरी की जाए, ताकि इसका लाभ शीघ्र जनता तक पहुंच सके।

### योगी ने प्रदेशवासियों को दी भैया दूज की शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश वासियों को भैया दूज की शुभकामनाएं और बधाई दी है। योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा, भाई-बहन के स्नेहिल बंधन और विश्वास की डोर को दृढ़ करने वाले पावन पर्व भैया दूज की सभी को हार्दिक बधाई। यमुना मैया की कृपा से हर बहन का जीवन सुख, सौभाग्य और समृद्धि से आलोकित हो और हर भाई का जीवन साहस, सफलता और उज्जवल भविष्य के प्रकाश से जगमगाता रहे, यही प्रार्थना है। गौरतलब है कि यूपी के विभिन्न हिस्सों में आज भाई दूज धूम धाम से मनाया जा रहा है। इस क्रम में पूर्वांचल से लेकर कानपुर, अवध, पश्चिमी यूपी समेत सभी इलाकों में चहल-पहल का माहौल है।



सेंसेक्स 84556.40
निफ्टी 25891.40



सोना रु. 123907
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 152501
प्रति किलो



# सेंसेक्स पहली बार 85,000, निफ्टी-50 सूचकांक 26000 पार

मुंबई, वार्ता



अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता जल्द होने की खबरों से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को शुरुआती कारोबार में जबरदस्त तेजी देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पहली बार 85,000 तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक पहली बार 26,000 अंक के स्तर को छूकर लौटा।

बाद में तेल एवं गैस, ऑटो और फार्मा सेक्टरों में गिरावट से बाजार की तेजी कम हुई। सेंसेक्स 860 अंक से अधिक की उछाल के साथ 85,290.06 अंक को छूने के बाद अंत में 130.06 अंक (0.15 प्रतिशत) की बढ़त में 84,556.40 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक भी बीच कारोबार में 235 अंक से ज्यादा की मजबूती के साथ 26,104.20 अंक तक पहुंचने के बाद अंत में 22.80 अंक यानी 0.09 प्रतिशत ऊपर 25,891.40 अंक पर बंद हुआ। दोनों प्रमुख सूचकांकों के लिए ए उनके रिकॉर्ड बंद स्तर हैं। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों पर बाद में दबाव आ गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.09 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.05 फीसदी लुढ़क गए। मीडिया में बुधवार को यह खबर आई थी कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता जल्द हो जाएगा। साथ ही, भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में आयात शुल्क की दर 50 प्रतिशत से घटाकर 15.16 प्रतिशत हो जाएगी।

इससे बाजार सकारात्मक निवेश भावना के साथ खुला। आईटी सेक्टर में सबसे अधिक तेजी देखी गई। इसके अलावा बैंकों और एफएमसीजी सेक्टरों में भी निवेशक लिवाल रहे। एनएसई में कुल 3,202 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,308 के शेयर बढ़त में और 1,802 के लाल निशान में बंद हुए। वहीं, 92 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 में से 22 के शेयरों में तेजी और अन्य आठ में गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर सबसे अधिक 3.86 प्रतिशत चढ़ा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 2.43 प्रतिशत, टीसीएस में 2.24, एक्सिस बैंक में 1.90, कोटक महिंद्रा बैंक में 1.24 और टाइटन में 1.15 प्रतिशत की तेजी रही। टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, एलएंडटी, टाटा स्टील, आईटीसी और बजाज फाइनेंस के शेयर आधा से एक फीसदी के बीच चढ़े। इटरनल में सबसे अधिक 2.88 प्रतिशत की गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 1.75 प्रतिशत, भारती एयरटेल का 1.63, अडानी पोर्ट्स का 1.41, आईसीआईसीआई बैंक का 1.35 और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.17 प्रतिशत टूट गया। वैश्विक स्तर पर अन्य एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.35 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग 0.72 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.22 फीसदी मजबूत हुआ। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.40 प्रतिशत फिसल गया जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.53 प्रतिशत की तेजी रही।

## चांदी रिकॉर्ड हाई से 25,000 सस्ती, सोना 5 दिन में 5,677 गिरा

**नई दिल्ली।** दिवाली के बाद सोना-चांदी के दाम में भारी गिरावट आई है। सोना अपने ऑल टाइम हाई से 5,677 रुपए और चांदी भी रिकॉर्ड हाई से 25,599 रुपए सस्ती हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज यानी, 22 अक्टूबर को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 3,726 रुपए घटकर 1,23,907 रुपए के स्तर पर आ गया है। इससे पहले ए 20 अक्टूबर को यह 1,27,633 रुपए पर था। वहीं 17 अक्टूबर को सोने ने 1,29,584 रुपए का आल टाइम हाई बनाया था। चांदी के दाम आज 10,549 रुपए घटकर 1,52,501 रुपए प्रति किलो पर आ गए हैं। इससे पहले चांदी 1,63,050 रुपए प्रति किलो थी। वहीं 14 अक्टूबर को चांदी 1,78,100 रुपए के आल टाइम हाई पर पहुंची थी।वहीं माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला को वित्त-वर्ष 2024-25 में 96.5 मिलियन डॉलर यानी 847 करोड़ रुपए सैलरी मिली। यह उनकी अब तक की सबसे बड़ी सैलरी है, जो पिछले साल की तुलना में 22 प्रतिशत ज्यादा है।

## चावल मजबूत, चीनी, दालें नरम खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए जबकि गेहूं में टिकाव देखा गया। वहीं दालों और चीनी में गिरावट रही जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा 14 रिंगिट चढ़कर 4,470 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.79 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत छह रुपए बढ़कर 3,888.78 रुपए प्रति क्विंटल हो गई। वहीं गेहूं 2,883.12 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा।

आटे की कीमत आठ रुपए घटकर 3,338.86 रुपए प्रति क्विंटल रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। मूंगफली तेल की औसत कीमत 59 रुपए और सूरजमुखी तेल की 19 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। सरसों तेल 43 रुपए और सोया तेल 64 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वहीं वनस्पति की कीमत 49 रुपए और पाम ऑयल की 13 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। दाल-दलहनों में नरमी रही। चना दाल और उड़द दाल दोनों की औसत कीमत 18.18 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल भी 18 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल 29 रुपए और मूंग दाल 12 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 19 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी भी 17 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**SC नाबालिग....** हाईकोर्ट ने इस निर्णय को पलट दिया और कहा कि नाबालिगों को पहले पिता की बिक्री रद्द करने के लिए मुकदमा दाखिल करना चाहिए था। अंततः शिवप्पा ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा कोई कानून नहीं है, जो नाबालिग को अनिवार्य रूप से मुकदमा दायर करने के लिए बाध्य करता हो। अदालत ने कहा कि यदि नाबालिग का व्यवहार जैसे संपत्ति को स्वयं बेचना स्पष्ट रूप से अस्वीकृति दर्शाता है, तो उसे पर्याप्त माना जाएगा। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसी स्थिति में मुकदमा दायर करने का दायित्व नाबालिग पर नहीं बल्कि उस व्यक्ति पर होता है, जो पहले के सौदे से अपने अधिकार खोने का दावा करता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि पावर ऑफ अटार्नी रखने वाला व्यक्ति संपत्ति स्वामित्व से जुड़ी व्यक्तिगत जानकारी वाले मामलों में मालिक की ओर से गवाही नहीं दे सकता। इस आधार पर नीलम्मा का दावा भी खारिज कर दिया गया। अदालत ने अंत में कहा कि रुद्रप्पा द्वारा किया गया सौदा वैध नहीं था और नाबालिगों द्वारा समय रहते उसे अस्वीकार करने के कारण नीलम्मा को कोई अधिकार नहीं मिला।

**केदारनाथ...** (बीकेटीसी) अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी सहित जिला प्रशासन, तीर्थ पुरोहितों और हक हकूकधारियों ने पूर्व द्वार से मंदिर के गर्भगृह परिसर में प्रवेश किया तथा समाधि पूजा में शामिल हुए। यज्ञ-हवन समाधि पूजा के पश्चात, पुजारी बागेश लिंग ने भगवान केदारनाथ के स्वंभू शिवलिंग को समाधि रूप दिया। स्थानीय पुष्पों कुमजा, बुकला, राख सहित ब्रह्म कमल, शुष्क फूल पत्तों से ढक दिया गया। जय बाबा केदार के उदघोष के साथ मंदिर गर्भगृह बंद हुआ। मुख्यमंत्री तथा बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी की उपस्थिति में प्रातः साढ़े आठ बजे मंदिर का पूर्वी तथा दक्षिण द्वार बंद हो गया। इसके बाद पंचमुखी डोली को बाहर मंदिर परिसर में लाया गया तथा डोली ने श्री केदारनाथ मंदिर की परिक्रमा के पश्चात प्रथम पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान किया। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंचमुखी डोली के साथ प्रस्थान किया। श्री धामी ने बाबा केदार के कपाट बंद होने के अवसर पर देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए शुभकामनाएं दी।

## चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस नौ नवम्बर से दिल्ली के लिए दोबारा शुरू करेगी उड़ान

**नई दिल्ली।** चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस आगामी नौ नवम्बर से दिल्ली और शंघाई के बीच दोबारा उड़ान शुरू करेगी। एयरलाइंस ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह उड़ान सप्ताह में तीन दिन बुधवार, शनिवार और रविवार को उपलब्ध होगी। दिल्ली से शंघाई की उड़ान शाम 7:55 बजे और शंघाई से वापसी की उड़ान स्थानीय समय के अनुसार अगले दिन सुबह 4:10 बजे रवाना होगी। दोनों देशों के बीच पांच साल से भी ज्यादा समय के बाद कोई सीधी उड़ान शुरू हो रही है। ईस्टर्न एयरलाइंस दोबारा भारत के लिए उड़ान शुरू करने वाली पहली चीनी एयलाइंस है। भारतीय विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने 26 अक्टूबर से कोलकाता से चीन के ग्वांग्झू के लिए उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। कोविड-19 महामारी से पहले दोनों देशों के बीच 500 से अधिक उड़ानों का परिचालन किया जा रहा था, लेकिन साल 2020 में महामारी के प्रसार को रोकने के लिए उड़ानों पर रोक लगा दी गई थी। इस बीच, टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया के सूत्रों का कहना है कि एयरलाइंस अगले महीने से चीन के लिए उड़ानों की घोषणा कर सकती है। चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस शंघाई-दिल्ली मार्ग पर एयरबस ए330-200 विमान का संचालन करेगी जो इन-फ्लाइट वाई-फाई से लैस होगा।

# अनुशासनहीनता के आरोप में बसपा नेता समसुद्दीन रायनी पार्टी से निष्कासित

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ रायनी को कई बार संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन उन्होंने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने पार्टी में गुटबाजी और अनुशासनहीनता के मामलों पर सख्त रुख अपनाया है। पार्टी की अनुशासन समिति की सिफारिश पर उन्होंने कद्दावर मुस्लिम नेता समसुद्दीन रायनी को बसपा से निष्कासित कर दिया है।

रायनी पर पार्टी विरोधी गतिविधियों और गुटबाजी में लिप्त रहने का आरोप लगाया गया है। बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल के स्तर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि रायनी को कई बार संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन उन्होंने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया। पार्टी हितों के विपरीत आचरण और अनुशासनहीनता के चलते उन्हें संगठन से बाहर किया गया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि मायावती अब संगठन में सक्रिय और जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेताओं को आगे लाने की रणनीति पर काम कर रही हैं। निष्क्रिय और गुटबाजी करने वाले नेताओं पर एक के बाद एक कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले भी बसपा में कई जिलों और मंडलों में बड़े फेरबदल किए जा चुके हैं। गौरतलब है कि समसुद्दीन रायनी बसपा में लंबे समय से सक्रिय रहे हैं और नसीमुद्दीन सिद्दीकी के बाद उन्हें पार्टी का बड़ा मुस्लिम चेहरा माना जाता था। वह लखनऊ और कानपुर मंडल के प्रभारी थे और संगठन में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती थी। सूत्रों के अनुसार बीते कुछ महीनों से रायनी के खिलाफ लगातार शिकायतें आ रही थीं, जिनकी समीक्षा के बाद यह कार्रवाई की गई है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पुलिस की ढिलाई से खूनी संघर्ष की आशंका

## फायरिंग से मचा हड़कम्प, भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री समेत 13 पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** नगर पंचायत में एक बार फिर दो पक्षों में मारपीट और फायरिंग की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना सैद नगली नगर पंचायत के मोहल्ला धर्मशाला मंदिर की है, जहां बुधवार रात करीब 8:30 बजे दोनों पक्षों में विवाद के बाद जमकर लाठी-डंडे चले और फायरिंग की गई। गोली चलने से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई, गनीमत रही कि कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।

मोहल्ला धर्मशाला मंदिर निवासी लक्ष्मी शर्मा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि पड़ोसी बॉबी उर्फ अमित शर्मा आए दिन गंदी गालियां देता है और बुरी नजर से देखता है। कई बार समझाने के बावजूद वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। आरोप है कि बॉबी अपनी पत्नी वर्षा शर्मा, जो भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री हैं, के पद का दबाव बनाकर आए दिन दबंगई करता है। बुधवार रात बॉबी उर्फ अमित शर्मा, वर्षा शर्मा, शगुन सहित अन्य लोगों ने लक्ष्मी शर्मा और उनके परिवार को गालियां दीं। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया और जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। गोलीबारी की इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें बॉबी शर्मा हाथ में तमंचा लहराते और भीड़ को डराते हुए नजर आ रहा है। घटना के बाद मोहल्ले में दहशत का माहौल है। लोगों ने बताया कि महज दो दिन पहले इसी क्षेत्र में गुरुदत्त त्यागी के घर पर भी दर्जनभर युवकों ने हमला कर तोड़फोड़ व फायरिंग की थी। पुलिस ने उस मामले में नौ नामजद समेत 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। वहीं, कुछ दिन पहले सैद नगली क्षेत्र के गांव सकतपुर में भी अवैध तमंचों से फायरिंग का मामला सामने आया था, जिसमें पुलिस ने दो बाल अपचारियों सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। लगातार तीन दिनों में तीन फायरिंग की घटनाओं से क्षेत्र में भय का माहौल बन गया है और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में बड़ी संख्या में अवैध हथियारों की आवाजाही हो रही है, लेकिन पुलिस अभी तक इसके स्रोत तक नहीं पहुंच पाई है। इस पर पुलिस की निष्क्रियता को लेकर लोगों में आक्रोश है। थाना अध्यक्ष विकास कुमार सहरावत ने बताया कि लक्ष्मी शर्मा की तहरीर पर बॉबी उर्फ अमित शर्मा, वर्षा शर्मा, शगुन सहित 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है और जल्द ही उन्हें जेल भेजा जाएगा

**■ घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**



# रास्ते में युवक को घेरकर बेरहमी से पीटा

## दो पक्षों के नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मन्दिर में दीपक जलाकर लौट रहे युवक को रास्ते में घेरकर दबंगों ने लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षा के नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव बीजरा की है। यहां रहने वाले रवि ने गांव निवासी सगे भाई सुरेश व काशीराम, शिवम कुमार, सौरभ व राकेश के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि 21 अक्तूबर की शाम 6 बजे वह मंदिर में दीपक जलाकर घर लौट रहे थे। रास्ते में घात लगाकर बैठे आरोपियों ने घेरते हुए मारपीट कर दी। विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बचाव में आए परिवार के अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की। हमले में रवि के अलावा दो लोग गंभीर घायल हो गए। वहीं, दूसरे पक्ष से सुरेश सिंह ने रवि, दीपक, रोहतास व सुंदर के खिलाफ तहरीर देते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई है। उनका आरोप है कि घटना वाले दिन वह ड्यूटी से घर लौट रहे थे। गांव से गुजरते समय आरोपी रास्ते में घेरकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# त्यौहार पर डग्गामार बसों ने काटी चांदी

**अमरोहा।** भैयादूज के चलते शनिवार को रोडवेज व डग्गामार बसों में ही नहीं बल्कि निजी वाहनों में भी हाउसफुल रहा। वाहनों में बैठकर सफर करना तो दूर की बात रही, खड़े होने में भी बहनों को खासे पापड़ बेलने पड़े। मजबूरी में सवारियां ने अपनी जान जोखिम में डाल वाहनों की छतों पर बैठकर सफर तय किया।

**■ निजी वाहनों में बैठकर किया सफर**

आमतौर पर जिला मुख्यालय से कई रोडवेज बस विभिन्न शहरों के लिए संचालित होती है। मगर भैयादूज के अवसर पर परिवहन निगम ने विशेष बसों का बंदोबस्त किया था। यानि महिला यात्रियों को भैयादूज पर कोई असुविधा न हो। इसके लिए आज कई दर्जन बसें यहां से संचालित हुई। हालत यह थी कि हर रूट पर जाने वाली बस स्टैंड ठीक से खड़ी भी नहीं हो पाती थी सवारियां दौड़ पड़ती थी। निजी वाहनों के हालात तो और भी बुरे थे। जान जोखिम में डालकर लोगों ने गेट पर लटककर यात्रा की। देर रात तक वाहनों में भारी भीड़ का आलम था।

## जमकर बिकी मिठाई

**हसनपुर।** भैया दूज पर बसों में सड़कों पर भारी भीड़ रही। मिठाइयों की दुकानों पर भी जमकर खरीदारी की गई। रविवार की सुबह से ही बहनों ने भाइयों के टीका करने के लिए उनके घरों का रुख कर लिया था। सड़क पर बाइकों का यह आलम था कि जगह-जगह जाम की स्थिति बन गई। भैया दूज को मनाने के लिए बहनों ने भाइयों के टीकाकर अपनी रक्षा का भी वचन लिया। गजरौला हसनपुर मार्ग पर चलने वाली मिनी बसों में भी भीड़ का आलम यह था कि उनमें पांव रखने तक के लिए जगह नही बची थी। पंसारा बाजार में गोलो की खरीदारी करने के लिए भीड़ लगी हुई थी। हलवाईयो की दुकानों पर भी मिठाई खरीदने वालों का जमावड़ा लगा हुआ।

# तिलक कर भाइयों के लिए मांगी दीर्घायु

## जिलेभर में श्रद्धा व आस्था से मनाया गया भैया दूज



■ अमरोहा। भैयादूज पर भाई के माथे पर तिलक करती बहिन।



■ मंडी धनौरा। भैयादूज के अवसर पर छोटे भाई को तिलक करती बहन।

## भाईयों ने लिया बहनों की रक्षा का वचन

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**अमरोहा।** भैया दूज पर बहनों ने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लम्बी उम्र की कामना की। जबकि गोला भेंट किया। जबकि भाईयों ने भी बहनों को तरह तरह के उपहार देकर उनकी रक्षा का वचन दिया।

जिले भर में भैया दूज का पर्व पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही इसे लेकर भाईयों और बहनों में खास उत्साह था। इस त्योहार पर बहनें मायके आकर भाईयों का तिलक करती है। गुरूवार की सुबह होते ही इसका सिलसिला शुरू हो गया। बहनों ने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर उनके लिये दीर्घायु की कामना की। जबकि मुंह मीठा कराकर गोला भी भेंट किया। इसके बदले भाईयों ने बहनों को गिफ्ट देकर उनकी रक्षा का वचन लिया। सुबह से ही इस त्योहार को लेकर खास उत्साह देखा गया था।

वैसे तो बीते दिन ही बहनें मायके आ गई थी। लेकिन आज भी बड़ी संख्या में वह मायके पहुंची। जबकि जो बहनें किसी कारण बस मायके नहीं आ सकी उन्होंने गाले पर भैया दूज की। जब भी उन्हें मायके आने का मौका मिलेगा वह उक्त गोले अपने भाईयों को भेंट करेंगी। त्योहार को लेकर हर तरफ रोनक दिखाई दे रही थी। बाजार में खरीदारों की भारी भीड़ थी। सबसे ज्यादा मिठाई व गोले की बिक्री इस त्योहार पर होती है। यहीं कारण था कि दोनों की दुकानदारों को फुर्सत तक नहीं मिल रहीं थी। गोले के दाम भी 250 रूपये के आस-पास थे। भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व भैयादूज जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भाईयों ने अपनी बहनों को साम्थर्य अनुसार नकद धनराशि, उपहार आदि भेंट किए। भैया दूज के पर्व का हिन्दू धर्म में खासा महत्व है।

### बहनों के लिए चुनौती बना सफर

भैयादूज पर सफर बहनों के लिए चुनौती से कम नहीं रहा। रोडवेज तथा डग्गामार बसें यात्रियों से ठसाठस रहीं। दीपावली तथा भैयादूज पर मुकम्मल सरकारी प्रबंध न होने के खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ा। घंटो खड़े रहकर सवारी का इंतेजार करना पड़ा। बसों की हालत देखकर लोगों ने डग्गामार वाहनों की की तरफ रूख किया लेकिन वहां भी हालत इससे बुरी थी।

### जाम से जूझे लोग

गुरूवार को सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही। अतिक्रमण कें बीच वाहनों के बेतरबीत संचालन ने पूरी ट्रैफिक व्यवस्था बिगाड़ दी। पूरे दिन ट्रैफिक रेंगकर गुजरा। चौराहों पर खड़े पुलिस कर्मी मूकदर्शक बने रहे। संकरी सड़क पर चलना भी मुश्किल हो रहा था। ऐसी ही हालत शहर के अंदरूनी हिस्से में मुख्य बाजार की भी रही।

### डग्गामार वाहनों की रही चांदी

भैयादूज पर आटो रिक्शा वालों की भी चांदी रही। बसों में भीड़ होने से मासूम बच्चों के साथ महिलाएं सड़क किनारे वाहनों के इंतेजार में खड़ी रहीं। ऐसे में इन यात्रियों ने ऑटो रिक्शा कर अपनी मंजिल तय की। इसके अलावा डग्गामार वाहनों में सवारियों से मनमाफिक किराया भी वसूला।

# हर्ष व उल्लास के साथ मनाया भैयादूज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भाई-बहन के स्नेह और अटूट रिश्ते का प्रतीक भैयादूज का पर्व गुरुवार को हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में रौनक, पकवानों की महक और रिश्तों की गर्माहट का अलग ही उत्सवी माहौल नजर आया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल को भी बहनों ने तिलक कर भाई दूज की शुभकामनाएं दी

सुबह से ही बहनों के आने का इंतजार करते भाइयों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। बहनें जब मायके पहुंचीं तो द्वार पर आरती और तिलक की थाल लेकर उनका स्वागत हुआ। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर मिठाई खिलाई तथा तरक्की, उन्नति और दीर्घायु की मंगलकामनाएं कीं। बदले में भाइयों ने भी बहनों को मनपसंद उपहार भेंट कर उनका दिन और खास बना दिया। कई भाई-बहन अपने रिश्ते का यह पर्व निभाने के लिए दूर-दराज से पहुंचे। कुछ बहनों ने सुबह-सुबह तिलक कर रस्म निभाई, जबकि कई शाम ढलते-ढलते मायके पहुंचीं। देर शाम तक तिलक, गोला और उपहारों का दौर चलता रहा और घरों में हंसी-खुशी का माहौल बना रहा। इधर, कई भाई अपनी बहनों के नहीं आ पाने पर स्वयं बहन के ससुराल पहुंचे और तिलक की रस्म निभाई। गांवों और कस्बों में दिनभर "भाई-बहन मिलन" के दृश्य नजर आते रहे।

## भाईयों को तिलक कर लिया आशीर्वाद



# धूमधाम से मना भैया दूज का त्यौहार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भाई और बहन के पवित्र प्रेम के प्रतीक भैया दूज का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बहनों ने भाइयों की आरती उतारकर उन्हें गोला भेंट किया और दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को नकद धनराशि और उपहार भेंट किये। बता दें कि पुरातन काल से ही दीपावली और गोवर्धन त्यौहार के बाद भाई दूज का पर्व मनाया जाता है। इस दिन बहनें भाइयों की आरती उतारती हैं और मस्तक पर तिलक लगाकर गोला भेंट करते हुए अपने भाई की लंबी उम्र, खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना करती हैं और उनके लिए अपने स्नेह का इजहार करती हैं। भाई भी अपनी ओर से बहन को उपहार और आशीर्वाद देते हैं, जिससे उनके बीच प्यार और भरोसा और मजबूत होता है। यह पर्व केवल उपहार और तिलक का अवसर नहीं है, बल्कि भाई-बहन के पारंपरिक संबंध में सुरक्षा, सम्मान और जिम्मेदारी की भावना को भी उजागर करता है। वहीं भैया दूज के चलते गोले का मूल्य भी और दिनों की अपेक्षा ज्यादा देखने को मिला। मूल्य 400 रूपये किलो के पार रहा।

**■ बहनों ने की भाईयों की दीर्घायु की कामना**



# संभल बस स्टैंड चौराहे पर लगा घंटो जाम

## भैयादूज त्यौहार के चलते लगा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भैयादूज पर सड़कों भीषण पर जाम लग गया। जाम खुलवाने को लेकर पुलिस कर्मियों के पसीने छूट गये।

गुरुवार को भैयादूज पर त्योहार को पारंपरिक रूप से मनाये जाने के लिए सुबह से ही बहने अपने भाइयों के घर पहुंचनी शुरू हो गई थी। अधिकतर बहने भाईयों के घरों पर अपने निजी वाहनों से पहुंच रही थी। जिससे सड़कों पर वाहनों के अधिक चलने के कारण जाम लगता रहा। संभल बस स्टैंड चौराहा पर सड़क किनारे वाहनों को तलत ट्रैक ने खड़े करने को लेकर जाम लग गया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी जाम खुलवाने के लिए जुट गये। घंटे तक संभल बस स्टैंड चौराहा पर जाम लग रहा। जिसके चलते त्यौहार मनाने जा रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पहले निकलने को लेकर कई वाहन चलाने वालों के बीच नोकझोंक भी देखने को मिली।



■ गजरौला। भैयादूज के अवसर पर लगे जाम में फंसे वाहन।

# फर्जी अभिलेखों से लोन लेने में फंसा दम्पति

## हरियाना के पूर्व प्रधान के बेटे व ठेकेदार पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** फर्जी अभिलेखों से लोन लेने में पूर्व प्रधान के बेटे, उसकी पत्नी व एक ठेकेदार के खिलाफ शाखा प्रंबधक ने मुकदमा दर्ज कराया है। मंडी समिति स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। शाखा प्रबंधक के मुताबिक शहर के मोहल्ला चाहमुल्ला आमान निवासी एवं डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हरियाना के पूर्व प्रधान हाजी मुस्तकीम के बेटे मुरसलीन अहमद ने 13 मार्च 2015 को बैंक से सात लाख रुपये का लोन लिया था। जिसके लिए मोहल्ला पीरगढ़ में तुर्क कॉलोनी स्थित एक 76 वर्ग मीटर का प्लॉट के बैनामे की मूल प्रति बंधक रखी थी। लोन फाइल में पत्नी के अलावा अपने ठेकेदार दोस्त की गवाही दी थी। दोनों ही इस लोन में गारंटर थे लेकिन लोन लेने के बाद ठेकेदार मुरसलीन अहमद ने शर्तों के मुताबिक अपनी किस्तों की अदायगी नहीं की। लिहाजा, 17 अगस्त 2024 तक ब्याज समेत लोन 815142 रुपये हो गया। इस बीच बैंक द्वारा नोटिस भेजे गए लेकिन न तो उनका संतोषजनक जवाब मिला और न ही लोन की रकम बैंक में जमा कराई गई। बीते दिनों बैंक की रिकवरी टीम जब प्लॉट का निरीक्षण करने पहुंची तो सामने आई जानकारी से होश उड़ गए। पता चला कि मुरसलीन अहमद का फिलहाल कॉलोनी में कोई प्लॉट नहीं है। उनका पहले एक प्लॉट था जो 19 फरवरी 2008 को मोहम्मद कासिम द्वारा खरीदा जा चुका है।जबकि, मुरसलीन अहमद ने बैंक से लोन साल 2015 में लिया था, तब इस प्लॉट को बेचे हुए उन्हें सात साल हो चुके थे। बैंक ने जांच में पाया कि मुरसलीन अहमद ने दोनों गारंटर की मिलीभगत से योजनबद्ध साजिश के तहत धोखाधड़ी कर बैंक से लोन रकम हड़पने के लिए लिया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में शाखा प्रबंधक की तहरीर पर मुरसलीन अहमद, उनकी पत्नी शबनम तथा मोहल्ला नल नई बस्ती निवासी जाने आलम के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है, इसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि आरोपी मुरसलीन अहमद सरकारी विभागों में ठेकदारी करते हैं। बीते दिनों उन्होंने भाजपा नेता बब्बू मंसूरी के खिलाफ ठेके में पार्टनर बनाकर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था हालांकि पुलिस ने मामले में अंतरिम रिपोर्ट लगा दी थी लेकिन अदालत ने अंतरिम रिपोर्ट निरस्त करते हुए पुनर्विवेचना का आदेश दिया था, उक्त मामले में भी पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

## डीआईजी ने डीएम व एसपी के साथ लिया तिगरी मेले का जायजा

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकताः डीआईजी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** डीआईजी मुनिराज जी ने तिगरी मेले में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात एवं अन्य सभी बिंदुओं पर बारीकी से निरीक्षण करते हुए अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिये ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा में कोई चूक नहीं रहे। डीआईजी ने गंगा के पानी की गहराई की माप भी कराकर देखा, और गहरे स्थान पर बैरेकैडिंग और अधिक सतर्कता की बात कही।

उन्होंने कहा कि तिगरी मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से प्रतिवद्ध है। इस बार पहले से ज्यादा पुलिस बल लगाया जाएगा। इस दौरान मेला क्षेत्र की ड्रोन द्वारा निगरानी की जाएगी और संदिग्धों पर नजर रखी जाएगी। स्थानीय पुलिस के अलावा दूसरे जनपदों से आने वाली पुलिस फोर्स के बीच पुलिस ब्रीफ के जरिए मेले की सुरक्षा योजना के जरिये समझाया जाएगा। डीआईजी ने कहा कि, मेले में श्रद्धालुओं को आने जाने के लिए जाम मुक्त रूट रखे जाने के लिए भी पुलिस ने रूट प्लॉन बनाया है। पार्किंग आदि की व्यवस्था भी रहेगी तो वहीं जिस दिन मेला समाप्त होगा उस दिन भी वापसी के लिए कांकाठेर मार्ग सहित अन्य मार्गों से यातायात को गुजारा जाएगा ताकि जाम न लग सके। पूरा मेला क्षेत्र सीसीटीवी कैमरे की



गजरौला। तिगरी गंगा मेले में व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीआईजी मुनिराज जी।

**मेले में शांति भंग करने वालों पर होगी कार्रवाई**

निगरानी में रहेगा, घाटों पर प्रकाश की उचित व्यवस्था रहेगी ताकि श्रद्धालुओं को रात में भी स्नान करने में परेशानी न हो। स्थानीय गोताखोर के साथ साथ पीएसी के गोताखोर भी तैनात रहेंगे। प्रत्येक सेक्टर में पुलिस चौकी बनाई जाएगी और वहां पर सीसीटीवी कैमरे और पब्लिक एड्रैस सिस्टम से कनेक्टिविटी की जाएगी ताकि मेला कोतवाली के कंट्रोल रूम से संबधित निर्देश दिए जा सकें। निरीक्षण के दौरान डीएम निधि गुप्ता वत्स, एसपी अमित कुमार आनंद, एडीएम गरिमा सिंह, एसडीएम विभा श्रीवास्तव, सीओ अंजलि कटारिया आदि मौजूद रहे।

### हुड़दंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** मेले में शांति व्यवस्था भंग करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से शांतिपूर्ण ढंग से मेले का आनंद लेने और स्नान करने की अपील की। कहा कि किसी भी प्रकार का हुड़दंग, शांतिभंग और स्टंट करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अभिषेक के हत्यारोपियों पर 25-25 हजार का इनाम

### देहात पुलिस के लिए गिरफ्तारी बनी चुनौती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अभिषेक हत्याकांड में फरार हत्यारोपी मनोज व गुड्डू की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार का ईनाम घोषित किया गया है। परिजनों की ओर से गिरफ्तारी को लेकर लगातार बढ़ रहे दबाव और मुख्यमंत्री दरबार में शिकायत की चेतावनी के बीच एसपी अमित कुमार आनंद ने बुधवार रात दोनों पर ईनाम घोषित किया है। फरार दोनों हत्यारोपियों की गिरफ्तारी पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है जबकि पुलिस मामले में हत्यारोपी अनुज व हरविंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। तीन दिन पूर्व देहात थाने के बाहर जाम लगाकर इंस्पेक्टर का घेराव करने वाले अभिषेक के परिजनों ने बुधवार दोपहर एसपी कार्यालय पर भी विरोध-प्रदर्शन किया था।

गौरतलब है कि अभिषेक हत्याकांड 12 अक्तूबर की रात में अंजाम दिया गया था। नगर पालिका अमरोहा में ठेकेदारी करने वाले निरंजन सिंह ने अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव मुनव्वरपुर निवासी समरपाल सिंह चौहान के कांठ मार्ग स्थित फार्म हाउस पर एक एक दावत रखी थी। जिसमें वार्ड 12 के करीब 200 से 250 लोगों को बुलाया गया। एक जनप्रतिनिधि के बेटे के इशारे पर रखी गई दावत में शराब पार्टी भी चली थी। जिसमें गांव हाशमपुर निवासी किसान अभिषेक सिंह उर्फ भूरे भी आए थे। उनके गांव का ही अनुज भी साथियों के साथ वहां मौजूद था। अभिषेक व अनुज के बीच करीब नौ साल पुरानी रंजिश थी। इस बीच अभिषेक ने अनुज पर तंज करते हुए पूर्व में हुई घटना को लेकर कटाक्ष किया था। कहा था कि तुम लोग पहले भी मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाए, आगे भी कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। जिसे लेकर हुए विवाद में अनुज ने हरविंद्र व मनोज के साथ योजना बनाकर अभिषेक की दावत में ही सिर में गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना अंजाम देकर आरोपी भाग निकले थे। मामले में मृतक अभिषेक के भाई ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। साथ ही अनुज और मनोज पर पुरानी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम देने का शक जताया था। बाद में पुलिस ने आरोपी अनुज और हरविंद्र को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया था। अभिषेक के परिजनों का आरोप है कि देहात थाना पुलिस को छह लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई थी लेकिन पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है जबकि दो आरोपियों को ही गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस हत्या करने के षड्यंत्र में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। उनका आरोप है कि पुलिस ने हत्यारोपियों से सांठगांठ कर ली है, उन्हें बचा रही है। वहीं, परिजनों ने सात नवंबर को लखनऊ पहुंच शिकायत मुख्यमंत्री दरबार में करने की चेतावनी भी दी थी।एसपी ने बताया कि हत्याकांड में फरार चल रहे मनोज पुत्र नेमपाल व गुड्डू पुत्र धर्मपाल की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया है। गिरफ्तारी करने या कराने में सहयोग देने वाले या छिपे होने के ठिकाने की सटीक सूचना देने वाले को 25-25 हजार रुपये की धनराशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

## भाजयुमो के मंडल महामंत्री को घेरकर पीटा

### चार हमलावरों पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** भाजयुमो के मंडल महामंत्री को रास्ते में घेरकर दबंगों ने बुरी तरह पीटा। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गये। पुलिस ने चार के खिलाफ हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज की है।

कस्बा जोया के मोहल्ला चौधरियान में राजवीर सिंह का परिवार रहता है। उनके बेटे आकाश कुमार भाजयुमो संगठन में मंडल महामंत्री हैं। 21 अक्तूबर की शाम वह घर से कहीं जा रहे थे। आरोप है कि उसी दौरान मोहल्ले के रहने वाले अमर सिंह ने रास्ते में रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर अमर सिंह ने अर्जुन, अभिषेक और अभय बुलाते हुए अचानक धारदार हथियार से हमला कर दिया। चारों ने आकाश कुमार को बुरी तरह पीटा। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा होती देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। हमले में आकाश कुमार गंभीर घायल हो गए। परिजनों ने तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल के बाद मोहल्ले से ही आरोपी अर्जुन को हिरासत में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में भाजपा नेता आकाश कुमार की तहरीर पर आरोपी अमर सिंह, अर्जुन, अभिषेक व अभय के खिलाफ हत्या का प्रयास करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में आरोपी अर्जुन को अदालत में पेश करते हुए रिमांड मंजूर होने पर जेल भेज दिया गया है। फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी कर जल्दी चालान किया जाएगा

## गंगा के कटान से घाट बनाने में हो रही दिक्कत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गंगा के तेजी से कटान करने के कारण इस बार प्रशासन के सामने स्नान घाट बनाए जाने को लेकर काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। गहराई के चलते घाट बनाए जाने के स्थिति नहीं बन पा रही है। ऐसे में प्रशासन के समक्ष इस बात की चिंता है कि सुरक्षित रूप से घाट कहां पर बनाए जाएं।

बता दें कि तिगरी मेले में 21 सेक्टर और 14 घाट बनाये जाने प्रस्तावित हैं, हालांकिअभी घाटों का काम अधूरा है, क्योंकि गंगा ने कटान ज्यादा किया था। इस कारण घाट बनाने में बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। गंगा के कटान के बाद तटों पर गहराई ज्यादा है। गंगा रोड पर कुछ घाट जरूर बने हैं मगर आगे की तरफ कटान अधिक होने के कारण घाट बनाने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को डीआईजी मुनिराज जी, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद ने घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने कई स्थान पर जलस्तर की गहराई की माप कराई। बाढ़ खंड अधिकारियों से सुरक्षित स्थान पर घाट बनाए जाने को लेकर बातचीत की।



## कुत्ते को बचाने में गिरी बाइक, युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली थाना एहचोड़ा क्षेत्र के गांव अहरोली निवासी चाहत बाइक पर सवार होकर चौधरपुर जा रहे थे। इसी दौरान मनोटा-चौधरपुर मार्ग स्थित जंगल के पास अचानक एक कुत्ता सड़क पर आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर रोड पर गिर गई। हादसे में चाहत गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों की मदद से उन्हें चौधरपुर स्थित जीवन 24 अस्पताल में भर्ती कराया गयाद्य जहां उनका उपचार चल रहा है। हादसे की जानकारी पर स्वजन भी अस्पताल पहुंच गए

## मां-बाप करते रहे पंचायत, बेटी हो गई फरार

### पुलिस ने तीन दिन बाद की बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बेटी की गलत हरकतों को दूर करने के लिए मां-बाप पंचायत करते रह गये और युवती शौच करने का बहाना कर घर से फरार हो गई। विवाहिता को पुलिस ने बरामद कर लिया। विवाहिता को परिजन अपने साथ मायके ले गये हैं।

रजबपुर थाना क्षेत्र निवासी एक युवती का विवाह कुछ महीने पहले नगर के एक मोहल्ला निवासी युवक के साथ हुआ था। युवती को शादी के बाद सुसराल वालों ने मोबाइल दिलवाया था। विवाहिता पति की गैर मौजूदगी में कई अन्य लड़कों से मोबाइल पर चैटिंग करने लगी। पति ने पत्नी को प्रेमी के साथ सबूत के साथ मोबाइल पर बात करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। अन्य लड़कों के साथ मोबाइल से वीडियो को भी बरामद कर लिया गया। ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा युवती के मायके फोन कर इस मामले से अवगत कराया गया था। साथ ही युवती के माता-पिता को सुसराल पक्ष के लोगों ने बुलाया था। दो मंजिला मकान पर 3 दिन पहले इस मामले में पंचायत चल रही थी। इस दौरान विवाहिता शौच करने का बहाना कर घर से फरार हो गई। पुलिस को मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ तहरीर दे दी। पुलिस ने विवाहिता को 3 दिन के बाद बरामद कर लिया। फरार हुई विवाहिता के परिजन भी कोतवाली पहुंच गये। बाद में विवाहिता अपने पिता के साथ में मायके चली गई।

## एमसीए एकेडमी ने रुक्मणी ब्लू को 51 रन से हराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** रुक्मणी क्रिकेट अकैडमी के तत्वावधान में आयोजित स्व. मोहम्मद फरमान मैमोरियल अंडर-16 इंटर अकैडमी टूर्नामेंट में एमसीए क्रिकेट एकेडमी कुंदरकी ने रुक्मणी ब्लू को 51 रन से हराया।

**वसीम जूनियर बने मैन ऑफ दि मैच**

पहले बल्लेबाजी करते हुए एमसीए ने 40 ओवर में 7 विकेट पर 206 रन बनाए। मोहम्मद सुहैल ने नाबाद 58, केशव ने 37 और असजद रजा ने 34 रन बनाए। रुक्मणी ब्लू की ओर से अरीब और सलमान पाशा ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में रुक्मणी ब्लू 155 रन पर सिमट गई। कप्तान मोहम्मद शहरान ने नाबाद 48 और हर्ष सिंह ने 28 रन बनाए। एमसीए की ओर से वसीम जूनियर और समीर ने 3-3 विकेट झटके। वसीम जूनियर मैन ऑफ द मैच और मोहम्मद शहरान गेम चेंजर रहे। मैच में अंपायर शमशाद अल्वी और मोहम्मद सायम, स्कोरर अरीब रहे। मौके पर कोच मोहम्मद हसीन, डॉ. सिद्धार्थ मलिक समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।




## सीएमओ ने परखी जानसठ सीएचसी की व्यवस्था

**दवाईयों की वैधता तिथि पर दिया विशेष ध्यान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया के द्वारा आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जानसठ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ. सुनील तेवतिया ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, औषधि वितरण, प्रसव कक्ष, आपातकालीन सेवाओं तथा अभिलेख संधारण व्यवस्था का गहन अवलोकन किया।

उन्होंने विशेष रूप से फायर सेफ्टी सिस्टम की जांच की तथा फायर सिलेंडरों की वैधता (दवाईयों की वैधता तिथि) की जांच स्वयं की। डॉ. तेवतिया ने यह निर्देश दिए कि सभी फायर सेफ्टी उपकरण सदैव कार्यशील अवस्था में रखे जाएं, और जिन सिलेंडरों की वैधता समाप्त हो चुकी है, उन्हें तत्काल बदलवाया जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति में सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल स्टाफ को निर्देशित किया कि रोगियों को दी जाने वाली सभी चिकित्सा सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा अस्पताल परिसर की स्वच्छता और अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने यह भी कहा कि अस्पताल में उपलब्ध सभी आवश्यक दवाइयां, चिकित्सा उपकरण एवं एम्बुलेंस सेवाएं सदैव क्रियाशील रखी जाएं, जिससे जनता को समय पर उपचार एवं सुविधा मिल सके। निरीक्षण के अंत में डॉ. सुनील तेवतिया ने आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए और निर्धारित समय सीमा में सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## जमीन के विवाद में भतीजे पर किया लोहे की राड से हमला

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव चुबका में जमीन के पुराने विवाद को लेकर एक युवक पर मंगलवार की रात पड़ोसियों ने लोहे की राड से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजनों की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव चुबका निवासी राजपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार की रात उनका भतीजा कौसिन्द्र घर पर मौजूद था। तभी पड़ौसी गांव मंजूपुरा निवासी चन्द्रपाल, टीकम सिंह,पीतम सिंह और पिन्टू वहां आ धमके। आरोप है कि आरोपियों ने पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर गाली गलौज शुरू कर दी और धमकी दी कि अगर तुमने जमीन नहीं छोड़ी तो तुम्हें भी खाली कराना पड़ेगा।विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से एक राय होकर हमला कर दिया। इस दौरान चंदपाल ने लोहे की राड से राजपाल के भतीजे कौसिन्द्र के सिर पर वार कर दियाद्य जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।घायल युवक को स्वजन उपचार के लिए अस्पताल ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल का हाल जाना और तहरीर के आधार पर चारों युवकों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## पुलिस ने वारंटी को बंदूक सहित किया गिरफ्तार

**मीरापुर।** थाना रामराज पुलिस ने वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी रवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि पुलिस टीम हुसैनपुर चौराहे के निकट चेकिंग कर रही थी, तभी एक संदिग्ध व्यक्ति वहां घूमता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की और तलाशी ली, जिसमें उसके पास से 12 बोर की एक बंदूक और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम वेदपाल उर्फ बबलू पुत्र रेशम निवासी ग्राम लालपुर रहड़वा थाना रामराज बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही के बाद जेल भेज दिया।

## दो वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**खतौली।** थाना प्रभारी रतनपुरी के नेतृत्व में व उपनिरीक्षक जबर सिंह, कांस्टेबल ललित कुमार का0 व प्रमोद का0 की टीम ने गुरुवार को ग्राम टोडा में दबिश देकर अभियुक्त जोगिन्द्र पुत्र सतपाल एवं देवेन्द्र पुत्र सतपाल, दोनों निवासी ग्राम टोडा, थाना रतनपुरी, जनपद मुजफ्फरनगर को सुबह 8:30 बजे गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो अदद फावड़ा के बेंटे (डंडे) बरामद किए। पुलिस के अनुसार, अभियुक्तों ने हाथों में लाठी-डंडा लेकर वादी, उसके भाई एवं भाभी के साथ जान से मारने की नीयत से मारपीट की थी, जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वादी की भाभी के साथ छेड़छाड़ किए जाने का भी आरोप है।दोनों अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## व्यापारियों ने की विकुल पर रासुका लगाने की मांग

**बुढ़ाना।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल बुढाना के तहसील अध्यक्ष राजेश संगल के छोटा बाजार में स्थित प्रतिष्ठान पर आज बृहस्पतिवार की दोपहर बुढ़ाना कस्बे के काफी व्यापारियों की एक आपात बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश संगल ने कहा कि विगत दिवस जनपद मेरठ में भाजपा नेता विकुल चपराणा द्वारा वैश्य समाज के एक व्यक्ति और व्यापारी सत्यम रस्तोगी को बीच सड़क पर सैंकड़ों लोगों और पुलिसकर्मियों के सामने नाक रगड़वाई गयी। वायरल वीडियो में विकुल चपराना खुद को राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर का भाई बताते हुए कारोबारी को धमकाता हुआ नजर आ रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि विकुल चपराणा को भाजपा से हटा देना कोई बड़ी सजा नहीं है इस पर रासुका लगाई जाए नहीं तो वे आगामी 27 अक्टूबर को बुढ़ाना तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन कर एसडीएम बुढ़ाना को एक ज्ञापन सौंपेंगे। यहां पर मौजूद सभी व्यापारियों ने उक्त घटना पर गहरा रोष जताया और विकुल की गिरफ्तारी की मांग की। बैठक में राजेश संगल, राकेश कपूरगढ, अनुराग संगल, विकास गर्ग, संजय बंसल, नितिन जैन, आनंद जैन, राहुल संगल, विक्की बंसल, रविंद्र अग्रवाल, अनिल जैन, सोमांश संगल व अनु जैन आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## बीपीईएस की छात्रा तनु रानी को उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग की छात्रा तनु रानी को डा0 भीमराव अम्बेडकर स्पोटर्स फाउंडेशन द्वारा उनके खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये डा भीमराव अम्बेडकर पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि डा भीमराव अम्बेडर पुरस्कार 2025 सम्मान समारोह 14 अक्टूबर 2025 को प्दकपं प्दजमतदंजपवदंस ब्वदजतम छमू क्मसीप में आयोजित किया गया। जिसमें श्रीराम कॉलेज के बीपीईएस की छात्रा तनु रानी द्वारा खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कालिजेज,चेयरमैन, डा0 एससी कुलश्रेष्ठ, द्वारा छात्रा तुन रानी का महाविद्यालय आगमन पर सम्मान किया गया तथा उन्हे प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर डॉ0 प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या श्रीराम कॉलेज ने छात्रा तनु रानी को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थी सफलताओं के नित नये आयामों पर पहुँच रहे है। इस अवसर पर प्रमोद कुमार विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विजयी छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के निदेशक डॉ0 एस0एन0 चौहान, डीन प्रबंधन डा. सौरभ मित्तल, एचआर पंकज कुमार, डा अशफाक अली, शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रवक्तागण भूपेन्द्र कुमार, डा0 अब्दुल अजीज खान,, संदीप देशवाल, अमरदीप, तरूण आदि उपस्थित रहे।



## रेलवे अंडरपास में जलभराव पर भाकियू ( क्रांतिकारी ) का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** भारतीय किसान यूनियन (क्रांतिकारी) की मुजफ्फरनगर टीम ने गुरुवार को गांव मढकरीमपुर स्थित रेलवे अंडरपास में जलभराव की समस्या को लेकर ब्रिज निर्माण कर रहे अधिकारियों का घेराव किया।

ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए पत्रकारों को बताया कि अंडरपास में पानी भरने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। घेराव के दौरान रेलवे अधिकारियों ने दिन में दो बार पानी निकालने का आश्वासन दिया। संगठन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।इसी क्रम में भाकियू (क्रांतिकारी) कार्यकर्ताओं ने हवेली वेंकट हॉल टबिटा बाईपास पर अतिक्रमण को लेकर भी नाराजगी जताई। वहां देवेन्द्र बागड़ी के मौजूद न होने पर टीम ने मौके पर मौजूद टेक केयर को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी।

इस मौके पर जगपाल सिंह (राष्ट्रीय संगठन मंत्री), डॉ. संजय चौहान (जिला अध्यक्ष), मनोज सोम (जिला सचिव), देवकीनंदन शर्मा (तहसील प्रमुख सलाहकार), अधिराज सोम (ब्लॉक अध्यक्ष सेवा प्रकोष्ठ), उत्तम सोम (ब्लॉक सचिव सेवा प्रकोष्ठ), मोहित शर्मा (ग्राम महासचिव मढकरीमपुर), सागर राणा (ग्राम सचिव सेवा प्रकोष्ठ), लक्की सिंह, हरिश शर्मा, राहुल सोम, गौरव सोम उर्फ गुल्लू, हिमांशु पंडीर, रोनी हाजीपुर आदि मौजूद रहे।

# शराब की ओवररेटिंग के चलते हुई मारपीट पुलिस शराब माफियाओं के दबाव में कर रही है काम

## पुलिस मामले में पीड़ित बना रही है दबाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद भर में ओवर रेटिंग शराब का सिलसिला जारी है अलापुर में शराब की दुकान पर बियर खरीदने गया युवक के साथ शराब सेलमन द्वारा बियर देने से इनकार किया जब युवक ने कारण पूछा तो सेल्समेन द्वारा कहा गया आज ओवर रेट शराब बिक रही है ओवर रेट शराब लेनी हो तो बता जिसका विरोध करने पर युवक के साथ सेल्समेन व उसके साथियों द्वारा गाली गलौज कर मारपीट की गई पीड़ित रोहित श्रीवास्तव पुत्र संतोष श्रीवास्तव निवासी वार्ड नंबर 3 थाना अलापुर बदायूं ने थाना अलापुर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मुख्य सड़क पर शराब की दुकान पर गया और वहां मौजूद सेल्समेन वीरू राही हवाल राही एक बीयर की बोतल मांगी जिस पर इन लोगों ने बोतल देने से मना कर दिया और कहने वालों की आज ओवर रेट शराब बेची जा रही है।

ओवर रेट लेने वालों को ही शराबी दी जा रही है प्रार्थी वहां से अपने दोस्त की दुकान पर पहुंच और वहां से प्रार्थी द्वारा शराब मैनेजर को फोन लगाया और ओवर रेट शराब बेचने की बात कही जिस पर मैनेजर द्वारा प्रार्थी के साथ गंदी गंदी गालियां



दी और फोन काट दिया कुछ देर बाद शराब सैलमेन वीरू राही,कुनाल राही , घरेंद्र रिही, राज राही , अरविंद राही, डंडे और लाठी लेकर दुकान पर आ गए और प्रार्थी के साथ गली कॉलेज करने लगे प्रार्थी ने जब गलियों का विरोध किया तो उसके साथ मारपीट करने लगे घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने इन लोगों से मुझे बचाया जाते समय जान से मारने की धमकी देते गए जिसके संबंध में पीड़ित द्वारा थाना पुलिस को तहरीर दी गई है बताया जाता है।

कि पीड़ित की तहरीर पर पुलिस भी शराब माफिया के खिलाफ करवाई करने से बचती नजर आ रही है और पीड़ित पर फैसले का दबाव बनाया जा रहा है बता दे की यही हालत सहसवान नाथा, जरीफनगर मैं बनी हुई है ओवर रेटिंग शराब का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि शराब माफियाओं द्वारा बाइकों से घूम कर भी शराब बेची जा रही है पुलिस का इस ओर ध्यान नहीं है मारपीट का पूरा मामला सीसी टीवी कैमरे में हुआ कैद।

# दो बाइकों की हुई जोरदार टक्कर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** गुरुवार को बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव फतेहपुर के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत में पांच लोग हुए गंभीर रूप से घायल सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस 108 की मदद से घायलों को बिसौली साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया हम आपको बता दें।

कि बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव तारापुर निवासी अल्लाह नूर पुत्र हैदर अली, जफरुद्दीन पुत्र मैकू अली, किट्टू पुत्र मकसूद अली बाइक पर सवार होकर पाठक बेहटा गांव से मजार पर माथा टेकने गए थे वापस लौटते वक्त सामने से आ रहे गांव शाहबाजपुर निवासी बाइक सवार पुष्पेंद्र पुत्र कमल सिंह, लखपत पुत्र रघुवीर सिद्धपुर से वापस जा रहे थे तभी रास्ते में गांव फतेहपुर के पास दोनों मोटरसाइकिलों की आमने- सामने जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल सभी व्यक्तियों को एंबुलेंस 108 की मदद से बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया जहां उपस्थित डॉक्टरों द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार युवक को मारी जोरदार टक्कर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** दरिया सिंह,का 22 वर्ष पुत्र ग्राम सराय मड़ैया थाना मुजरिया निवासी बाइक से अपनी ससुराल अकबरपुर थाना गुन्नौर के लिए दूज का सामान लेकर जा रहा था तभी बदायूं मेरठ राजमार्ग सहसवान के पास पंडित जी के पेट्रोल पंप के बराबर तेज गति से आ रहा लकड़ी से भरा ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवक के साइड मार दी जिसमें ट्रैक्टर ट्राली में लदीं लकड़ियां बाइक सवार युवक के ऊपर गिर गई जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंचे राहगीरों ने घायल हुए युवक की सूचना कोतवाली पुलिस को दी घटनास्थल पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने लकड़ी से भरे ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया वहीं घायल हुई युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसवान पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने युवक की हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही जिसकी सूचना कोतवाली पुलिस ने युवक के स्वजनों को दी है। इसी संबंध में सहसवान वन रेंजर अशोक त्यागी से बात की गई तो उन्होंने बताया मामला उनके संज्ञान में नहीं है। उन्होंने यह भी बताया यह जानकारी भी नहीं है,की लकड़ी प्रति. बंधित है, या परमिट पर है,सूचना मिली है, जाकर जांच की जाएगी।

# प्राइवेट हॉस्पिटल में अचानक आग लगने से मची अफरा तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मंगलवार देर रात नगर में अपोलो हॉस्पिटल में लगी भयंकर आग, फायर ब्रिगेड की टीम ने बमुश्किल आग पाया काबू हम आपको बता दें कि मंगलवार देर रात कस्बा बिसौली में बिल्सी रोड पर स्थित अपोलो अस्पताल संचालित है जहां अपोलो हॉस्पिटल के डॉक्टर द्वारा मंगलवार को 9:00 बजे करीब दीपावली के अवसर पर पूजा अर्चना करने के बाद दीपक और मामबत्तियां लगाई गई थी वहीं इसके पश्चात डॉक्टर अपने घर पूजा करने के लिए चले गए थे वहीं अचानक से सूचना मिली कि अस्पताल में भयंकर आग लग गई है और डॉक्टर अस्पताल



पहुंचे तो देखा कि अस्पताल में लगी आग ने रौद्र पकड़ लिया है जैसे ही कोतवाल बिसौली को सूचना मिली तो कोतवाल बिसौली हरेंद्र सिंह फायर ब्रिगेड की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अपनी जान की परवाह न करते हुए ऑक्सीजन के सिलेंडर जलती आग से बाहर निकले और बमुश्किल आग पर काबू पाया है वही एसडीएम और सीओ बिसौली ने बताया कि अस्पताल में लगी आग से कोई जनहानि नहीं हुई है वहीं हालत अब सामान्य हो गए हैं।

# बंदर को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर बाइक फिसली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सहसवान रोड पर गांव स्वरूपपुर के पास बंदर को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर फिसली बाईक एक व्यक्ति हुआ गंभीर रूप से घायल हम आपको बता दें कि बुधवार को सब्बन खां पुत्र आकिल निवासी ग्राम उरेना थाना वजीरगंज दवाई लेने बाइक पर सवार होकर सहसवान जा रहे थे तभी बिसौली सहसवान रोड पर गांव स्वरूपपुर के पास पहुंचते ही अचानक से बाइक के सामने एक बंदर आ गया जिसको बचाने के प्रयास में बाईक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई जिसमें बाइक सवार सब्बन खां गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने इलाज के लिए साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसौली में भर्ती कराया गया है जहां उपस्थित डॉक्टरों द्वारा घायल का प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# गोवर्धन पूजा के बाद मंदिरों में अन्नकूट प्रसाद का हुआ वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर व क्षेत्र में लोगों ने उत्साहपूर्वक गोवर्धन पूजा मनाई। मंदिरों और घरों में विशेष पूजा अर्चना की गई और अन्नकूट का प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भक्ति और श्रद्धा के रंग में सराबोर लोगों ने बुधवार को घरों और प्रमुख मंदिरों में गोवर्धन महाराज का पारंपरिक पूजन धूमधाम से किया। इस पर्व पर भगवान कृष्ण को छप्पन भोग के प्रतीक, अन्नकूट का महाभोग लगाया गया। जिसके बाद जगह-जगह प्रसाद वितरण हुआ। महिलाओं ने पारंपरिक रूप से पूजा अर्चना की और फिर गाय के गोबर से गोवर्धन महाराज के स्वरूप तैयार किया, उसके बाद भक्तों की पूजा अर्चना के लिए भीड़ उमड़ी।

# शतरंज खिलाड़ी को पूर्व केंद्रीय मंत्री ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** तेड़ा के आर्य विद्यालय इंटर कॉलेज के तितरोदा गांव निवासी छात्र शतरंज के प्रदेश स्तरीय खिलाड़ी अंश पांचाल को पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. सत्यपाल सिंह ने सम्मानित किया। योग प्रचारक विनेश कुमार के पुत्र अंश पांचाल लने शतरंज में प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन कर उपलब्धि हासिल की है। शानदार प्रदर्शन के चलते प्रतिभावान खिलाड़ी अंश को पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. सत्यपाल सिंह ने दिल्ली अपने आवास पर बुलाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर हौसला बढ़ाया। इस दौरान राम. निवास प्रधान, संघ पूर्व प्रचारक अमित तितरौदा, रमेश, अनिल, शिवम, महेश चंद, मास्टर अमित, विनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# त्योहारों पर बिजली व्यवस्था पूरी तरह से रही सुचारू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

बिसौली नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक त्योहारों के दौरान बिजली व्यवस्था पूरी तरह सुचारू रही। विद्युत आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने के लिए प्राइवेट लाइनमैनों ने दिन-रात मेहनत की। उनकी तत्परता और जिम्मेदारी के चलते किसी प्रकार की बड़ी शिकायत सामने नहीं आई। क्षेत्रवासियों ने लाइनमैनों की सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा उनकी मेहनत से त्योहार बिना किसी बाधा के संपन्न हुए। जेई मियां कुरेशी ने भी बताया लाइनमैनों ने पूरी टीम भावना से कार्य किया, जिससे किसी क्षेत्र में लंबे समय तक बिजली गुल नहीं रही। कई स्थानों पर रात के समय खराबी आने पर भी कर्मचारियों ने तुरंत मौके पर पहुँचकर बिजली सुचारू की। त्योहारों के दौरान अतिरिक्त लोड को देखते हुए पहले से ही टीमों की ड्यूटी लगाई गई थी। नगर के साथ ही आसपास के गांवों में भी विद्युत आपूर्ति संतुलित रखी गई।

# सिलहरी: खूनी लंगूर के हमले में दर्जनों लोग घायल

**जिरौलिया गांव ग्राम प्रधान ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए लंगूर पकड़ने की है मांग। लेकिन मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने के बाद नहीं हुई आज तक कोई कार्रवाई, गांव में लंगूर की दहशत से लोग परेशान छतो पर बैठकर करते हैं परिजनों की रखवाली**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिलहरी ।** तहसील सदर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसंत नगर का मजरा जिरौलिया कुर्मियांन में बीते दो माह से अज्ञात स्थान से खूनी लंगूर पहुंच गया है जो आए दिन घरों में घुसकर खासकर महिलाओं और नवजात शिशुओं पर हमला कर उन्हें घायल कर देता है। ग्राम प्रधान मुनीष चंद्र के मुताबिक गांव में अब तक गांव की गजेंद्र ,संतोष कुमारी, अंजुलता, प्रतिज्ञा, रंजना देवी, वीरवती, रेखा देवी, मीरा देवी, शशि देवी, कुंदन देवी, शीशपाल, अशोक कुमार ,आयुष कुमार ,शिवचरण, हरदेव, भूपाली, राहुल, गिरीश चंद्र आदि दो दर्जन से अधिक लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर चुकि है । ग्रामीणों के मुतबिक उक्त लंगूर लम्बी छलांग मारते ही घरों में घुस जाता है और हमला बोलकर घायल करने के बाद ऊंची छलांग लगाकर गांव में पेड़ की ऊंचाई टहानियों पर बैठ जाता है ग्रामीणों ने बताया लंगूर की





दहशत से घरों में लोग घरों की छतो लाठी डंडा लेकर बैठकर रखवाली कर रहे हैं। ग्राम प्रधान समेत गांव के लोगों ने बतया खूनी लंगूर को पकड़वाने के लिए जिला अधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत कर चुके हैं लेकिन वन विभाग से आज तक गांव में लंगूर पकड़ने के लिए कोई नहीं पहुंचा है ग्राम प्रधान ने बताया मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत पर वन विभाग ने झूठी रिपोर्ट लगा दी। इस संबंध में वन रेंजर विकास कुमार ने बताया मामला संज्ञान में आया है लंगूर को पकड़ने के लिए कोई ना कोई रास्ता तलाशते है।

# पटाखे को लेकर दो समुदायों में खूनी भिड़ंत, चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के बदरखा गांव में बुधवार देर रात बच्चों द्वारा पटाखे जलाने को लेकर दो समुदायों में कहासुनी के बाद मामला हिंसा में बदल गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडों, सरियों व तेजधार हथियारों से जमकर हमला बोल दिया। झगड़े में एक पक्ष के दो और दूसरे पक्ष की तीन महिलाओं सहित कुल छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस व पीएसी बल तैनात कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम लगभग सात बजे बदरखा गांव निवासी प्रवेंद्र कुमार की बेटी बुलबुल अपने घर के बाहर आयुषी व अन्य बच्चों के साथ पटाखे जला रही थी। इसी दौरान एक पटाखा उड़कर पड़ोसी मेहरदीन के बेटे यामीन के घर में जा गिरा। इससे दोनों समुदायों के बीच कहासुनी और गाली-गलौज शुरू हो गई। गांव के कुछ बुजुर्गों और गणमान्य लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था, लेकिन रात होते-होते विवाद ने फिर से तूल पकड़ लिया। बताया गया कि रात करीब साढ़े दस बजे मेहरदीन ने बड़ौत में रह रहे अपने बेटों यामीन और शादीन को फोन कर बुला लिया। कुछ ही देर बाद मेहरदीन परिवार के करीब दो दर्जन लोग लाठी-डंडों, सरियों और धारदार हथियारों से लैस होकर प्रवेंद्र के घर पहुंच गए और हमला बोल दिया। अचानक हुए इस हमले में प्रवेंद्र उर्फ भूट्टू, करण सिंह, अरविंद, रविता, अनीता व जगवती गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के मेहरदीन, यामीन, वसीम, शादीन और शबनम को भी चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी छपरौली भेजा गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए सीओ विजय चौधरी व एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया और दोनों पक्षों से जानकारी ली।

# 24 अक्टूबर से शुरू होगा देवोत्थान रामलीला मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** गांव खंडुआ के ठाकुरद्वारा मंदिर पर लगने वाले रामलीला मेला की तैयारी पूरी हो चुकी है। चरक झूले से लेकर मीना मार्केट में दुकानदारों का आना शुरू हो गया है। मेला कमेटी द्वारा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आदर्श क्लब के प्रबंधक पंडित राजेंद्र प्रसाद उपाध्याय ने बताया, पिछले वर्षों की भांति इस बार भी भव्य देव उठान मेला एवं रामलीला नाटक मंचन का आयोजन किया जाएगा। जिसका शुभारंभ प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार द्वारा किया जाएगा। उघैती रामलीला मेला 24 अक्टूबर से शुरू होकर आगामी 2 नवंबर को समापन होगा। बुधवार को उन्होंने मेला



परिसर में नक्शे के आधार पर दुकान लगाने का दुकानदारों से आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने पेयजल एवं व्यवस्था की तैयारी में जुटे लोगों से व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। अध्यक्ष पूर्व प्रधान करतार सिंह यादव ने बताया, मेले में सभी दुकानदारों को पूरी तरह से सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई गई है। व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी नहीं होगी। इसके लिए आदर्श क्लब के सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इस दौरान नितिन गुप्ता, जयप्रकाश उपाध्याय समेत मेला कमेटी के तमाम लोग मौजूद रहे।

# बिसौली: धूमधाम से मनाया गया भाई दूज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बहन - भाई के अटूट प्रेम का पर्व भैया दूज का त्यौहार नगर व क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाई को तिलक कर भगवान से उनकी लंबी उम्र, सुख शांति और समृद्धि की कामना की। भाइयों ने भी बहन को रक्षा का वचन देते हुए उन्हें शगुन के रूप में आकर्षक उपहार दिए। बृहस्पतिवार को भाई दूज का त्योहार परंपरागत व धूमधाम तरीके से मनाया गया। बहनें भी अपने भाई के घर उनका तिलक करने के लिए जा रही थी। कोई बस से तो कोई निजी संसाधन से अपने गंतव्य की ओर जाते हुए दिखाई दे रहा था। ऐसे में सभी जगह रौनक दिखाई दे रही थी। भाई के घर पहुंचने के बाद बहनों ने रोली चावल से तिलक कर भाई की खुशहाली और दीघार्यु के लिए प्रार्थना की। इसके बाद भाइयों ने भी तिलक कराने के बाद अपनी बहनों को दक्षिणा व उपहार भी भेंट किए। नगर में मिठाई बाग किराने की दूकानों पर



भी खासी भीड़ दिखाई दी। जहां अलग-अलग किस्म और कीमत की मिठाइयां दुकान पर सजी हुई थी और खरीददारों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। वही किराना स्टोर पर भी गोला खरीदने वालों की भीड़ दिखाई दी। भाई दूज पर बाजारों में ग्राहकों की भीड़ रही। वहीं सड़कों पर ट्रैफिक बढ़ने से पुलिस को यातायात व्यवस्था संभालने के लिए दिनभर पसीना बहाना पड़ा। देर शाम भीड़ कम होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

# भट्टे की दिवार गिरने से दो व्यक्तियों की मौत

## ईटों की निकासी करते समय अचानक हुआ हादसा, पुलिस ने शुरू की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना गांव के एक ईट भटटे पर मिनी ट्रक में ईट भरते समय भटटे की दिवार गिर गयी जिसके मलबे के नीचे दबने से 4 लोग घायल हो गये जिसमे एक व्यक्ति की मौकें पर मौत हो गयी जबकि एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गयी। सूचना पाकर मौकें पर पुलिस भी पहुंच गयी और घटना की जांच में जुटी है।

निस्तोली गाजियाबाद निवासी 50 वर्षीय राजेन्द्र पुत्र रूपचंद ईट सप्लाई में ईट भरने का काम करता है वह अपने साथी तिररी पुत्र रामस्वरूप निवासी नसीरपुर फतेपुर, पल्लू पुत्र जगरोशन निवासी निस्तोली, मोहननगर गाजियाबाद से मिनी ट्रक मे ईट भरने गौना गांव के एक भटटे पर आये थे जब वह ईट भटटे के बराबर ट्रक लगाकर ईटे भर रहे थे तभी ईट भटटे की दिवार भर भराकर गिर गयी जिसके मलबे के नीचे दबने से 4 लोग ट्रक सवार व एक ईट भटटे के मुनीम गौना निवासी दिनेश यादव पुत्र सोहन लाल घायल हो गये वही ट्रक चालक दर्शन को मामूली चोट आयी दिवार गिरने की आवाज सुन भटटे पर काम करने वाले मजदूर उन्हें बचाने दौड़ पड़े और घायलों को बाहर निकाला जिसमे 50 वर्षीय



राजेन्द्र पुत्र रामस्वरूप की मौकें पर मौत हो गयी जबकि बाकी घायलों में जिला अस्पताल भेजा गया जबकि भट्टे के मुनीम दिनेश यादव को मोहननगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गयी वही सूचना मिलते ही खेकड़ा सीओ



रोहन चोरसिया थाना चांदीनगर प्रभारी अतर सिंह फोर्स के घटनास्थल पहुंचे और घटना की जांच करने मे लगे है। वही जब यह सूचना ग्रामीणों को पता चली तो मौकें पर भारी भीड़ इखट्टा हो गयी, वही मृतक के परिजन भटटे पर रोते बिलखते पहुंचे घटना के बाद ईट पर गम का माहौल बना



हुआ है वही पुलिस पूछताछ में जुटी है। पुलिस ने मृतक राजेन्द्र का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गौना निवासी मृतक मुनीम ईट भटटे पर 15 वर्ष से कार्य कर रहा था मृतक के एक बेटा और एक बेटी है मौत के बाद गांव मे गम का माहौल है।

# अनियंत्रित होकर दीवार से टकराई कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** भागौट गांव में एक अनियंत्रित कार दीवार से टकरा गयी जिसकी चपेट में आने से एक युवक बाल बाल बच गया।

बुधवार रात करीब दस बजे भागौट गांव में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बताया गया कि ढिकोली-बंथला मार्ग पर स्थित शराब ठेके के समीप एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार अचानक सड़क किनारे बनी कैंटीन की दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दीवार के टुकड़े सड़क पर बिखर गए और कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में भागौट निवासी मगन बाल-बाल बच गया। घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। उन्होंने चांदीनगर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार चालक को हिरासत में ले लिया, साथ ही क्षतिग्रस्त वाहन को धोली प्याऊ चौकी पर खड़ा करा दिया। ग्रामीणों के अनुसार हादसा तेज रफ्तार और लापरवाही से ड्राइविंग करने के कारण हुआ। संयोगवश उस समय सड़क पर ओर कोई अन्य वाहन या व्यक्ति मौजूद नहीं था, अन्यथा हादसा जानलेवा साबित हो सकता था। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है

# गृह क्लेश के चलते पिता-पुत्र ने खाया जहरीला पदार्थ

■ पुत्र की मौत, पिता की हालत चिंताजनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव जिगनियां भगवंतपुर में बुधवार की रात पिता और उसके 12 वर्षीय पुत्र ने जहरीला पदार्थ खा लिया। पुत्र की जहां गुरुवार को दर्दनाक मौत हो गई, वहीं उसके पिता की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

ग्राम के सेवानिवृत शिक्षक निरंजन देव के पुत्र भूपेन्द्र और उनके 12 वर्षीय पुत्र सोनू बुधवार की रात खाना खाकर ऊपर लेटे थे, जबकि उनकी पत्नी कृतिका देवी और उनकी पुत्री मानसी नीचे लेटे थे। गुरुवार की सुबह जब देखा तो पिता और उनके पुत्र सोनू के मूंह से झाग निकल रहे थे। तत्काल ही उन्हें पीलीभीत ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें बरेली रेफर कर दिया गया था, जहां पुत्र सोनू ने दम तोड़ दिया, जबकि पिता भूपेंद्र अस्पताल में मौत और जिंदगी की बीच झूल रहे हैं। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। दोनों बहन भाई कस्बे के निजी स्कूल में पढ़ते थे, भाई सोनू कक्षा 8, जबकि उसकी वहन मानसी 11 में पढ़ती है। दीपावली की छुट्टी पर दोनों अपने गांव जिगनियां भगवंतपुर आए थे। सूचना मिलने पर कोतवाली के एसएसआई राजेश सिंह पुलिस बल के साथ ग्राम पहुंचे और घटना की जानकारी की।

# नशे के इंजेक्शन ले जा रहे बहेड़ी के तीन तस्कर उत्तराखण्ड में दबोचे

■ पुलिस ने भारी मात्रा में नशे के इंजेक्शन किये बरामद
■ नशे के सौदागर उत्तराखण्ड में करते हैं इंजेक्शन सप्लाई
■ इससे पहले भी बहेड़ी के कई सौदागर उत्तराखण्ड में हो चुके हैं गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** उत्तराखण्ड के थाना लालकुआं की पुलिस ने बहेड़ी के तीन तस्करों को नशे के इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से भारी मात्रा में नशे के इंजेक्शन बरामद किये हैं। पकड़े गए तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर थाने लाने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

उत्तराखण्ड पुलिस ने लालकुआँ की दिशा से आ रही एक सेंटरो कार को रोका तो उसमें सवार युवक घबरा गए। इसके बाद पुलिस ने कार सवार युवकों को बाहर निकाल दिया। इसके बाद पुलिस ने सकलेन पुत्र अब्दुल खालिक व मो0 कैफ पुत्र सरताज निवासीगण नूरीनगर कस्बा बहेड़ी व मो0 फरमान पुत्र एजाज अहमद निवासी मोहल्ला तलपुरा बहेड़ी की तलाशी ली तो उनके पास से भारी मात्रा में नशे के इंजेक्शन बरामद हुए। जब इंजेक्शनों की गिनती की गई तब उनकी संख्या कुल 300 पाई गई।

पूछताछ में तीनों लोगों ने पुलिस को बताया कि उनके पास इन इंजेक्शनों को चिकित्सक द्वारा इस्तेमाल करने की कोई सलाह नहीं है और न ही उनके पास कोई लाइसेंस है। वह लोग सिर्फ नशे के इंजेक्शनों की डिलीवरी करते हैं। तीनों तस्करों ने पुलिस को बताया कि वह यह इंजेक्शन बरेली के कोहाड़ापीर निवासी हर्षित नाम के युवक से लेकर आये हैं। इसके बाद पुलिस तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर थाने ले गई, और बरामद किये गए इंजेक्शनों को अपने कब्जे में ले लिया। इस मामले में पुलिस ने पकड़े गए तीनों तस्करों सकलेन पुत्र अब्दुल खालिक व मो0 कैफ पुत्र सरताज निवासीगण नूरीनगर कस्बा बहेड़ी व मो0 फरमान पुत्र एजाज अहमद निवासी मोहल्ला तलपुरा बहेड़ी व हर्षित निवासी कोहड़ापीर बरेली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए तीनों तस्करों को जेल भेज दिया।

## एक नजर

### न्याय का हर दरवाजा खटखटा चुका साकिब अली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** कस्बा निवासी अब कहां जाए किस दरवाजे पर जाकर न्याय की गुहार लगाए अब तक तो वो तमाम दरवाजे खटखटा चुका है, जहां से उसे इंसाफ की उम्मीद थी लेकिन हर दरवाजे से उसे मायूसी ही मिली।

पेशे से वकील साकिब अली की सेंथल में कुछ जमीन है उस पर धान की फसल तैयार खड़ी है वह अपनी फसल को काटना चाहता है, लेकिन विपक्षी उसे फसल काटने नहीं दे रहे हैं। इसकी शिकायत उसने स्थानीय पुलिस चौकी, थाना हाफिजगंज, उपजिलाधिकारी नवाबगंज, एसपी देहात और तमाम वरिष्ठ अधिकारियों से की है लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं की। अंत में वह शाह टाइम्स की शरण में आया और उसने अपनी बात रखी।

### धूमधाम से मनाया गया भाई दूज का पर्व, मिठाई की दुकानों पर उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे में भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ धूमधाम से मनाया गया।



गुरुवार को सुबह से ही बहनें अपने भाइयों के घर पहुंचीं और विधि-विधान से तिलक कर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनका स्नेह जताया।पर्व को लेकर पूरे कस्बे में उल्लास का माहौल देखने को मिला। कस्बे की बाजार में रौनक छाई रही और मिठाई व फलों की दुकानों पर दिनभर भारी भीड़ रही। दुकानदारों के चेहरे पर भी उत्साह साफ नजर आया।भीड़-भाड़ को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार ने चौराहा और क्षेत्र के प्रमुख चौरहा पर पुलिस कर्मी तैनात रहे ताकि त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।भाई दूज के अवसर पर कस्बे में आपसी प्रेम और भाईचारे की झलक देखने को मिली। कस्बे में भी भारी भीड़ भाड़ को देखते हुए कस्बा चौकी प्रभारी अनूप सिंह दल बल के साथ मुस्तैद रहे।

### मुकदमा वापस न लेने पर पत्नी की अश्लील वीडियो की वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र में तीन साल से पति से अलग रह रही महिला के पति ने मुकदमा वापस न लेने पर उसका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पति समेत सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने बताया कि उसने वर्ष 2023 में ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बावजूद आरोपी पति किशन और उसके भाई-बहन आए दिन घर में घुसकर गाली-गलौज करते और जान से मारने की धमकी देते रहे। महिला ने बताया कि 2 नवंबर 2023 को पति ने अपने परिजनों के साथ मिलकर उसके घर पर हमला किया और उसकी 16 वर्षीय छोटी बहन को बेरहमी से पीट दिया, जिससे उसकी नाक की हड्डी टूट गई। उस मामले में भी मुक. दमा दर्ज हुआ था। आरोप है कि शादीशुदा जिंदगी के दौरान उसके पति ने चोरी-छिपे उसकी कुछ निजी वीडियो बना ली थीं। बाद में उसने दहेज केस वापस लेने के लिए दबाव बनाया। जब महिला ने मना किया तो पति ने बदला लेने के लिए उन अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जेल में मना भाईदूज बहनों ने किया तिलक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जिला जेल और सेंट्रल जेल में धूमधाम से भाई दूज मनाया गया।



बहनों ने बंदी भाइयों को मिठाई खिला कर उन्हें तिलक लगाया। इस दौरान भाई बहन गले मिले तो दोनों की आंखें भर आईं। 674 बंदियों से 1005 महिलाएं और 440 बच्चे मिलने के लिए पहुंचे थे। जिला जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन मिश्रा ने बताया कि सुबह से ही बहनों की लंबी लाइन लगी रहीं। सभी के चेहरे पर अपने बंदी भाइयों से मिलने की आस साफ झलक रही थी। उन्होंने भाइयों के माथे पर तिलक किया और आरती उतारी। जेल प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। जेल अधीक्षक ने बताया कि इस तरह के अवसर पारिवारिक रिश्तों की डोर को मजबूत बनाते हैं। पूरे जेल परिसर में भाई-बहन के स्नेह और अपनापन का दृश्य देखते ही बन रहा था।

### हिंसक हुए कुत्ते, तीन दिन में 500 को बनाया शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** दिवाली के मौके पर शहर में हुई आतिशबाजी में कुत्ते भी हिसंक हो गए। तीन दिन में 500 से अधिक लोगों को कुत्तों ने निशाना बनाया। 300 बेड स्थित अस्पताल में पिछले तीन दिन में कुत्ता और बंदर काटे के 500 से अधिक लोग एंटी रैबीज वैक्सीन (एआरवी) लगवाने के लिए पहुंचे।

शहर से लेकर देहात तक में कुत्ते और बंदरो का आतंक बढ़ गया है। लगातार कुत्ते और बंदर लोगों पर हमला करके घायल कर रहे हैं। दिवाली पर पटाखों के शोर में कुत्ते और भी अधिक हिसंक हो गए। 300 बेड स्थित एआरवी सेंटर के डाक्टर फैसल ने बताया कि सोमवार को एआरवी सेंटर पर 200, मंगलवार को 195 और बुधवार को 155 लोग एआरवी लगवाने के लिए पहुंचे। इनमें बंदर काटने के भी कई मरीज शामिल थे। जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती इज्जतनगर थाना क्षेत्र के पीर बहोड़ा निवासी 10 साल के अरसलान ने बताया कि बुधवार की सुबह वह घर के बाहर खड़ा था। इसी बीच कुत्ते ने अचानक उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। परिवार के लोगों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं जिला अस्पताल की ओपीडी में आम दिनों में 2500 के करीब मरीज प्रतिदिन इलाज के लिए पहुंचते हैं, लेकिन दिवाली के मौके पर अवकाश में कम संख्या में मरीज जिला अस्पताल में उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। बुधवार की सुबह जिला अस्पताल की ओपीडी में सन्नाटा नजर आया। दोपहर 12 बजे तक की ओपीडी में 300 मरीज दवा लेने के लिए पहुंचे। पर्चा, दवा काउंटर के अलावा डाक्टरों के रूम के बाहर सन्नाटा नजर आया। भैया दूज के अवकाश के चलते गुरुवार को भी जिला अस्पताल में आधा दिन यानि दोपहर 12 बजे तक ही ओपीडी संचलित की जाएगी।

# भय्यादूज पर कुंडरा कोठी में लगा रहा जाम

■ रिछा-जहानाबाद मार्ग पर दिनभर राहगीर हुए परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** पंच पर्व दीपोत्सव के अंतिम दिन भय्यादूज पर गुरुवार को रिछा-जहानाबाद मार्ग स्थित कुंडरा कोठी में भीषण जाम लग गया। इससे दिनभर राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

कुंडरा कोठी पर जाम का मुख्य कारण सड़क किनारे दुकानों पर जुटी भीड़ और अव्यवस्थित खड़े ऑटो व ई-रिक्शा थे। इसके अतिरिक्त, साप्ताहिक हाट बाजार लगने से भी समस्या और बढ़ गई, जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित हुई। यहां एक पुलिस चौकी भी स्थित है, लेकिन केवल एक चौकी इंचार्ज और तीन पुलिसकर्मी ही तैनात हैं। इन पुलिसकर्मियों को दिनभर जाम खुलवाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। जाम के कारण रिछा-जहानाबाद मार्ग पर कई बार वाहन फंसे रहे। भय्यादूज पर अपने भाइयों का दूज करने जा रही बहनों को भी इस जाम से जूझना पड़ा, जिससे उन्हें गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई।

# भाई बहन के अटूट स्नेह प्रेम का प्रतीक पर्व है भाईदूज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** भाईदूज का पर्व गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही बहनों का भाइयों के घर रवानगी का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। बहनों ने भाइयों के माथे पर अक्षय रोली से टीका लगाकर मुंह मीठा कराया व साथ ही दीर्घायु की कामना की। भाइयो ने भी बहनों के खुशहाल जीवन की ईश्वर से प्रार्थना कर उपहार भी दिए।



कार्तिक शुक्ल द्वितीया को पूर्व काल में यमुना ने यमराज को अपने घर पर सत्कारपूर्वक भोजन कराया था। उस दिन नारकी जीवों को यातना से छुटकारा मिला और उन्हें तृप्त किया गया। वे पाप-मुक्त होकर सब बंधनों से छुटकारा पा गये और सब के सब यहां अपनी इच्छा के अनुसार सन्तोषपूर्वक रहे। उन सब ने मिलकर एक महान उत्सव मनाया जो यमलोक के राज्य को सुख पहुँचाने वाला था। इसीलिए यह तिथि तीनों लोकों में यम द्वितीया के नाम से विख्यात हुई। जिस तिथि को यमुना ने यम को अपने घर भोजन कराया था, उस तिथि के दिन जो भाई अपनी बहन के हाथ का उत्तम भोजन करता है, उसे उत्तम भोजन समेत धन की प्राप्ति भी होती रहती है। यह पर्व भाई-बहन के स्नेह का द्योतक है। कोई बहन नहीं चाहती कि उसका भाई दीन-हीन, तुच्छ हो, सामान्य जीवन जीने वाला हो, ज्ञानरहित, प्रभावरहित हो। इस दिन भाई को अपने घर पाकर बहन अत्यन्त प्रसन्न होती है अथवा किसी कारण से भाई नहीं आ पाता तो स्वयं उसके घर चली जाती है। भगवान चित्रगुप्त जयंती पर भी उनके चित्र के समक्ष पुष्प चढ़ाकर पूजा अर्चना की गयी।

# निदा खान ने मौलाना तौकीर पर लगाए गंभीर आरोप

■ कहा- मौलाना की सोच तालिबानी, पहली पत्नी पाकिस्तानी थी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शहर में बवाल के बाद दरगाह आला हजरत खानदान की बहू निदा खान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में उन्होंने मौलाना तौकीर के समर्थकों पर धमकी भरे कॉल करने और सोशल मीडिया पर गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। निदा खान ने मौलाना तौकीर पर हुई कार्रवाई को भी सही ठहराया है।

निदा खान ने वीडियो में बताया कि उनकी शादी 10 साल पहले हुई थी, जिसके बाद पारिवारिक परेशानियां शुरू हुई और मामला कोर्ट में चला गया, जो अभी भी विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में उन्हें कई बार जान से मारने की धमकियां मिलीं और उन पर हमले भी हुए। निदा के अनुसार, उनका घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है।

निदा खान ने 26 सितंबर को आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर की गिरफ्तारी के बाद अपनी बात रखी। उन्होंने मौलाना तौकीर पर हुई कार्रवाई को श्बहुत ठीकश बताया। निदा ने मौलाना के परिवार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उनके देवर अरसलान और उवैस श्माफिया की तरह तालिबानी सोचश रखते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मौलाना की पहली पत्नी पाकिस्तानी थी, जिन्हें तीन तलाक देकर दूसरी शादी की गई थी। निदा खान ने अपने वीडियो में कमलेश तिवारी हत्याकांड का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उस मामले में भी दरगाह के एक मौलाना का नाम सामने आया था, जिसे बाद में जमानत मिल गई थी। निदा ने दावा किया कि ऐसे कई मामले हैं जो दरगाह से जुड़े हुए हैं। यह वीडियो उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस को टैग कर पोस्ट किया है।

# भरी बाजार में बाइक को लात मारकर गिराने वाला दरोगा लाइन हाजिर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** भमौरा थाना क्षेत्र में एक दरोगा को बाइक पर लात मारने और लोगों से दुर्व्यवहार करने के आरोप में लाइन हाजिर कर दिया गया है। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी ने यह कार्रवाई की। दरोगा के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं।

भमौरा थाना क्षेत्र के देवचरा बाजार में सब-इंस्पेक्टर नरेंद्र राघव ने सड़क किनारे खड़ी आम लोगों की बाइकों को लात मारकर गिरा दिया। इस दौरान उसने लोगों से दुर्व्यवहार भी किया। यह घटना बुधवार को हुई, जब भाई दूज की खरीदारी के लिए देवचरा बाजार में काफी भीड़ थी। दरोगा की इस हरकत का किसी ने वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी अनुराग आर्य ने मामले का संज्ञान लिया।

उन्होंने बृहस्पतिवार को आरोपी दरोगा नरेंद्र राघव को लाइन हाजिर कर दिया। एसएसपी ने सीओ आंवला नितिन कुमार को मामले की जांच सौंपी है।

इस संबंध में एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि पुलिसकर्मियों को वैधानिक तरीके से कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन इसकी आड़ में बदसलूकी किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है।

# हर्षोल्लास से मना भाई दूज का पर्व बहनों ने भाई का किया तिलक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** भाई वहन के प्रेम का पर्व भाई दूज नगर और क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जहां रंग बिरंगी मिठाई बेचने वालों की चांदी रही, वहीं मार्ग पर वाहन स्वामियों ने जमकर मनमाने रुपए वसूले।

गुरुवार को कस्बे के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में बहन भाई के प्रेम का पर्व भाई दूज हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान बहनें अपने भाइयों के घर गोला, पान, मिश्री के साथ ही फल मिठाई लेकर पहुंचीं, और अपने भाइयों को तिलक कर उनकी लम्बी उम्र की दुआ की। इस दौरान भाइयों ने अपनी बहनों को उपहार देकर विदा किया। दूसरी ओर इस पर्व पर जहां कस्बे के मार्गो पर भारी भीड़ नजर आई, तो रंग बिरंगी मिठाई भी खूब विकी। वाहन चालकों ने भी खूब सवारियों से मनमाना किराया वसूला।

# आखिर पुलिस को दर्ज करनी पड़ी रिपोर्ट, कई दिनों से कटी उंगली लेकर चक्कर लगा रहा था पीड़ित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव ज्योरा मकरंदपुर के रहने वाले मजदूर कमलेश कुमार की भावी को लेकर गांव का एक दबंग 17 अक्टूबर को अश्लील बातें कर रहा था जिसका कमलेश ने विरोध किया था।

विरोध किए जाने पर दबंग ने कमलेश कुमार के साथ गन्दी-गन्दी गालियां देने के साथ ही अपने दांतों से हमला कर दिया। जिसपर कमलेश के हाथ की एक उंगली कट कर अलग हो गई थी। खून से लथपथ कमलेश कोतवाली पहुंचा, जिसपर पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल भेज दिया। अस्पताल से लौटकर थाने पहुंचे कमलेश कुमार ने पुलिस को घटना की तहरीर दी। आरोप है कि पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद आरोपी को हिरासत में भी ले लिया था, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया, लेकिन पीड़ित की रिपोर्ट फिर भी दर्ज नहीं की। आरोप है कि इस मामले में समझौते के काफी प्रयास किए गए, लेकिन पीड़ित इसके लिए तैयार नहीं हुआ और आखिर 22 अक्टूबर को पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर संजीव पुत्र बाबूराम के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# बरेली में तालाब होंगे कब्जा मुक्त, निषाद वर्ग को दिए जाएंगे पट्टे

■ मत्स्य विभाग के मंत्री ने अफसरों को दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने बरेली में सभी तालाबों को कब्जामुक्त कराकर निषाद वर्ग को पट्टे पर देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार को सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि जिले में कुल तीन हजार तालाब हैं। इनमें से डेढ़ हजार तालाब पहले ही कब्जामुक्त हो चुके हैं और उन्हें पट्टे पर दिया जा रहा है।

मंत्री ने बताया कि नगर निगम सीमा के फाइक एंक्लेव सहित कई इलाकों के शेष डेढ़ हजार तालाबों को भी कब्जामुक्त कराया जाएगा। इन तालाबों के पट्टे भी निषाद वर्ग को ही आवंटित किए जाएंगे। डॉ. निषाद ने मत्स्य विभाग की परियोजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश में विभाग की 107 में से 105 परियोजनाएं संचालित हैं। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यदि तालाबों और पोखरों का आवंटन गलत तरीके से किसी अन्य वर्ग को हुआ है, तो उसे निरस्त कर पात्र प्राथमिक वर्ग को सौंपा जाए।

मछुआरों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए मंत्री ने बताया कि उन्हें बिना गारंटी किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से चार प्रतिशत ब्याज पर तीन लाख रुपये तक का ऋण मिल रहा है। इसके अतिरिक्त, मछुआरों को प्रशिक्षण और बीमा की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

बिहार चुनाव पर टिप्पणी करते हुए मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा कि निषाद समुदाय त्रेतायुग से एनडीए के साथ है और हमेशा रहेगा। उन्होंने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के दीया जलाने संबंधी बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने मिट्टी के दीयों से घर रोशन करने से लेकर आजादी की मशाल तक जलाई है। उन्होंने दीपोत्सव का विरोध करने वालों को भारतीय संस्कृति का अपमान करने वाला बताया।

डॉ. निषाद ने सपा और बसपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दल पिछड़ों के नाम पर केवल राजनीति करते हैं, जबकि डबल इंजन सरकार ने पहली बार सभी के विकास की दिशा तय की है। उन्होंने आरोप लगाया कि बसपा की सत्ता में सतीश मिश्रा और सपा में माता प्रसाद पांडेय कंपनी काम कर रही थी। मंत्री ने दावा किया कि भाजपा सरकार में कानून का राज है, महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं, अर्थव्यवस्था सुधरी है और समरसता बढ़ी है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

संख्या-1614 /न०पा०प०ब०/ कर/ 2025-26 दिनांक-17.10.2025

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त एक आराजी-63(3) वार्ड-5 जो मोहल्ला शेखूपुर उत्तरी कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में जलीस अहमद पुत्र श्री जलील अहमद के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-13.11.2024 के द्वारा जलीस अहमद पुत्र श्री जलील अहमद निवासी बहेड़ी खास मोहल्ला इस्लामनगर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्री जलीस अहमद पुत्र जमील अहमद व अफरोज जहां पत्नी जलीस अहमद निवास. गिण मोहल्ला शेरनगर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। श्री जलीस अहमद पुत्र जमील अहमद व अफरोज जहां पत्नी जलीस अहमद निवास. गिण मोहल्ला शेरनगर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने वारिसानों के अनापत्ति प्रमाण पत्र व अन्य साक्ष्यों को सलंग्न करते हुए आराजी को अपने नाम से दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

संख्या-1613 /न०पा० प०ब०/ कर/2025-26 दिनांक-17.10.2025

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आरा. जी-232 वार्ड-6 जो मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री हाजी अब्दुल हामिद पुत्र श्री अब्दुल गफ्फार के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-19.08.2025 के द्वारा श्री अब्दुल वहीद पुत्र श्री अब्दुल हामिद निवासी मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्री खुर्शिद व इदरीस मलिक व मुजमील पुत्रगण अख्तर अली निवास. गिण ग्राम ढयौटी पोस्ट डयौटी अमरोहा को विक्रय कर दिया गया है। श्री खुर्शिद व इदरीस मलिक व मुजमील पुत्रगण अख्तर अली निवासीगण ग्राम ढयौटी पोस्ट डयौटी अमरोहा ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवदेन प्रस्तुत किया है।।

एतददवारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएंगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# हर्षोल्लास से मनाया गया स्नेह और सम्मान का पर्व भैया दूज

## बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर की यश वृद्धि की कामना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** भाई- बहन के प्यार का प्रतीक स्नेह और सम्मान का पर्व भैया दूज गुरुवार को हर्षोल्लास व धार्मिक विधि-विधान के साथ मनाया गया। हिंदू धर्म का यह त्यौहार प्रत्येक वर्ष दीपावली के दो दिन बाद मनाया जाता है परंतु इस वर्ष यह त्योहार दिवाली के तीसरे दिन मनाया जा रहा है। रक्षाबंधन की भांति भैया दूज पर भी बहन अपने भाई का तिलक कर लंबी आयु की कामना करती है।

भैया दूज को यम द्वितीया भी कहा जाता है। शादीशुदा बहनें अपने भाइयों को घर बुलाकर उनका तिलक कर उनकी लंबी आयु की कामना करती हैं। मान्यता है कि मृत्यु के देवता यमराज, यमुना के भाई हैं। एक बार यमराज अपनी बहन यमुना के घर गये जहां यमुना ने अपने भाई यमराज का तिलक किया और तभी से यह त्यौहार हिंदू धर्म में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। प्राचीन मान्यता के अनुसार भाईदूज के दिन भाई, बहिन के घर का ही खाना खाए। ऐसा करने से भाई की आयुवृद्धि होती है। पहला कौर बहिन के हाथ से खाएं। स्कंदपुराण के अनुसार इस दिन जो बहिन के हाथ से भोजन करता है वह धन एवं उत्तम सम्पदा को प्राप्त होता है। गुरुवार को भैया दूज के अवसर पर सुबह से ही भाईयों को अपनी बहनों के घर पर जाते देखा गया और जहां बहनें नहीं आ सकी वहां भाई स्वयं ही अपनी बहनों के घर आए और अपनी बहनों से टीका करवाया बहनों ने अपने भाइयों की सलामती एवं दीर्घायु की दुआ मांगी और भाइयों को नारियल देखकर उनके यश वृद्धि



की कामना की। भाई बहन के अटूट प्रेम को सूत्र में पिरोते इस त्यौहार पर जितनी बहनों में उत्साह था उतना ही भाइयों में उत्साह देखा गया। बहनों ने पूजा की थाली सजा भाईयों के माथे पर अक्षत रोली का तिलक लगा उनकी लंबी आयु की कामना की। भाईयों ने भी अपनी बहनों को उपहार भेंट किये। वहीं भैया दूज के अवसर पर गुरुवार को बस स्टैंड पर महिलाओं की काफी भीड़ देखी गई अधिक भीड़ को देखते हुए मेरठ के बस स्टैंडों पर अधिक बसों की व्यवस्था की गई। भैया दूज के अवसर पर मिठाइयों की दुकानों एवं गिफ्ट सेंटरों पर भी भारी भीड़ देखी गई। गुरुवार सुबह से ही दुकानदारों पर खरीदारी करने के लिए महिलाओं और युवतियों का तांता लगा रहा। मिठाइयों से लेकर आकर्षक तोहफों की खरीदारी की गई। भैया दूज के पर्व के साथ ही त्योहारों की श्रृंखला धनतेरस, दीपावली, लक्ष्मी पूजन, गोवर्धन पूजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गए।



### जेल पहुंचकर बहनों ने भाइयों को किया तिलक, नम हुई आंखें

देशभर में गुरुवार को भाई-बहन के रिश्ते का पावन पर्व भाई-दूज मनाया गया। बहनें इस दिन भाई की लंबी उम्र की कामना कर भाई का तिलक करती हैं। इस खास पर्व पर मेरठ की चौधरी चरण सिंह जिला कारागार में भाई दूज को लेकर विशेष व्यवस्था की गई थी। भाइयों से मिलने आ रही बहनों के लिए जेल प्रशासन ने एनजीओ के साथ मिलकर तैयारी की थी। कुछ बहनें जेल में बंद अपने भाइयों को देखकर इमोशनल हो गईं। बता दे मेरठ की जिला जेल में भाई-दूज के मौके पर कई व्यवस्थाएं की गईं। जेल प्रशासन ने कैदियों के परिवार से आने वाले लोगों के बैठने के लिए कुर्सी-टेबल और जलपान की व्यवस्था की। जेल प्रशासन का दावा था कि आज के दिन 4 से 5 हजार बहनें अपने भाइयों का टीका करने के लिए आ सकती हैं। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में बहनों को उनके भाइयों से मिलाया गया। इस मौके पर कुछ बहनें अपने भाइयों को देखकर भावुक हो गईं। मेरठ कारागार के वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा ने बातचीत में कहा, त्योहार को देखते हुए बड़ी संख्या में बहनें कारागार पर आई थी और कैदियों से मिलने का समय भी बढ़ा दिया गया है। बहनें अपने भाइयों से सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मुलाकात कर पाएंगी। उन्होंने आगे कहा कि कुछ बहनें भी कारागार में बंद हैं, जिनके भाई उनसे मिलने आ रहे हैं। जिन बहनों के भाई नहीं आ पाएंगे, वे हर साल की तरह मुझे तिलक करेंगी। वहीं भाई बहनों का प्यार देखकर लोगों की आंखे भी नम देखी गई।

## मारपीट के दो आरोपी गए जेल, एक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** पीड़ित मुनेश कुमार पुत्र पाली राम निवासी ग्राम कासमपुर माछरा थाना किठौर में तीन लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मुनेश ने बताया कि उसके पुत्र सुंदर पाल को रॉबिन पुत्र महेंद्र निवासी ग्राम नांगली अब्दुल्ला, रिंकू उर्फ अजय पुत्र मांगे, आदेश पुत्र प्रहलाद निवासी ग्राम कासमपुर माछरा के साथ गाली गलौज की और जान से मारने की नीयत से लात घुसो व धारदार कसले से जान से मारने की नियत से वार क्या गनीमत रही कि वादी पुत्र बाल-बाल बच गया और कुछ चोटे लगी। थानाध्यक्ष प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस द्वारा मुक. दमा दर्ज कर प्रभावी कार्यवाही करते हुए मुखबीर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया एक आरोपी अभी फरार बताया है।

# शॉर्ट सर्किट से फैक्ट्री में लगी आग

## 70 लाख का सामान स्वाहा, फायर बिग्रेड की दर्जनों गाड़ियों ने पाया आग पर काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर स्थित कालंद चुंगी के पास स्थित नई बस्ती में एक दोने पत्तल फैक्ट्री में शार्ट सर्किट की वजह से भयंकर आग लग गई, जिसके चपेट में आकर सारा सामान जल स्वाहा हो गया। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की दर्जनों गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग लगने से पूरे मोहल्ले में भगदड़ मच गई, आग की वजह से कई घंटों तक आसपास के इलाकों में धूंआ ही धूंआ हो गया। आग लगने की वजह से करीब 70 लाख रूपये का नुकसान होने बताया जा रहा है।

कालंद चुंगी के पास स्थित चौक बाजार निवासी अमन जैन पुत्र सुनील जैन की दोने बनाने की फैक्ट्री स्थित है। जहां पर दर्जनों लेबर काम करती



है, दिवाली की वजह से फैक्ट्री में ताला लगा हुआ था। गुरूवार अलसुबह करीब 4 बजे किसी राहग. ीर ने फैक्ट्री के सामने मौजूद पड़ोसी को आग के बारें में अवगत कराया, जिसकी सूचना पड़ोसी ने फैक्ट्री मालिक को दी, सूचना मिलते ही अमन जैन अपने परिवार के साथ मौके पर पहुंचा, जब तक आग भयंकर रूप धारण कर चुकी थी। सूचना पर फायर बिग्रेड की कई गाड़िया मौके पर पहुंच गई। फायर बिग्रेड की टीम को आग पर काबू करने के लिए कई घंटों तक मशक्कत करनी पड़ी, तब जाकर आग पर काबू पाया गया। आग लगने की वजह से तैयार व कच्चा माल समेत कई मशीनें जलकर राख हो गई, जिनकी कीमत करीब 70 लाख रूपये बताई जा रही है। आग के नुकसान के बाद सदमें में बैठे अमन व उसके परिजनों को लोगों ने मदद को आश्वासन दिया।

# कसेरू खेड़ा में हत्या कर नाले में फैंका शव, क्षेत्रीय युवक के रूप में हुई पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** थाना लालकुर्ती क्षेत्र के कसेरू खेड़ा में गुरुवार की सुबह नाले में एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। कसेरू खेड़ा के मारवाड़ी मोहल्ले में गुरुवार की सुबह क्षेत्रवासियों ने नाले में एक युवक का शव पड़ा देखा जिसकी सूचना क्षेत्र वासियों के द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना पर क्षेत्रधिकार कैंट एवं पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

### खून से सनी ईंट कर रहीं हैं हत्या का इशारा

मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए, घटनास्थल के पास से खून के धब्बे एवं खून से सनी ईंट को फॉरेंसिक टीम ने अपने कब्जे में लिया। घटनास्थल पर खून के धब्बे एवं खून से सनी ईंट मिलने से युवक की हत्या की आंशका जताई जा रही है। देर रात तक अपने घर के बाहर ही देखा गया था मृतक। **क्षेत्रीय युवक के रूप में हुई मृतक की पहचान...** पुलिस ने शव को नाले से निकालकर शिनाख्त कराई गई तो पाया कि शव मारवाड़ी मोहल्ले के रहने वाले एक युवक का है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र वासियों ने बताया कि युवक हरिद्वारी लाल 45 वर्ष अविवाहित था और अपने बड़े भाई के परिवार के साथ ही रहता था। वहीं परिजनों ने बताया कि बुधवार की रात को युवक ने शराब पी रखी थी और रात 11बजे तक मृतक घर के बाहर ही था। गुरुवार को ही मृतक के परिजनों ने तहरीर दी आरोप लगाया कि मृतक की हत्या कर नाले में शव फेंका गया है।

### पुलिस ने नाले के पास जाने से मीडिया को रोका

घटना की सूचना प्राप्त होने पर वरिष्ठ पत्रकार घटनास्थल पर पहुंचे तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें उस स्थान पर जाने से रोका जहां नाले में शव पड़ा हुआ था। पत्रकार ने अपने पहचान भी बताई परंतु पुलिस वालों ने एक न सुनी पुलिस के इस रवैये से पत्रकार जगत में रोष है। थानाध्यक्ष लाल कुर्ती ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था मृतक के परिजनों के अनुसार कल रात भी मृतक ने शराब पी रखी थी, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की पहचान की जा रही है।

## सरूरपुर पुलिस ने दहेज हत्या की घटना में वांछित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना सरूरपुर के ग्राम नारंगपुर में 22 अक्टूबर को दहेज की मांग को लेकर ससुराल के लोगों ने शिकायतकर्ता की बहन वर्षा को गला दबाकर जान से मार देने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सरुरपुर पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। पुलिस द्वारा मुकदमा में वांछित नामजद सचिन उर्फ कालू (पति) पुत्र सुबोध, सुबोध (ससुर) ग्राम नारंगपुर थाना सरुरपुर जनपद मेरठ को ग्राम नारंगपुर पुलिया के पास से पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हे जेल भेज दिया।

### सरधना क्षेत्र के कालंदी गांव गोलीकांड प्रकरण में...

# सरधना पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, 25 लोगों को भेजा जेल

■ **प्रधान व प्रधान पद के प्रत्याशी के बीच बुधवार को हुई थी जमकर फायरिंग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

सरधना। थाना क्षेत्र के गांव कालंदी में बुधवार देर रात्रि वर्तमान प्रधान व प्रधान पद के प्रत्याशी के बीच हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने कड़ी कार्यवाही करते हुए 25 लोगों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। पुलिस ने इस मामलें में 33 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा कायम करते हुए कार्यवाही की है, पुलिस की इस कार्यवाही से दोनों पक्षों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

थाना क्षेत्र के गांव कालंदी में वर्तमान प्रधान नितिन पुत्र सतपाल का प्रधान पद के प्रत्याशी धीरेन्द्र सोम के बीच चुनाव को लेकर विवाद




चलता हुआ का रहा है। आरोप है कि बुधवार रात्रि नितिन ने अपने 10-15 समर्थकों के साथ मिलकर धीरेन्द्र सोम के घर जाकर फायरिंग शुरू कर दी, देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच जमकर फायरिंग शुरू हो गई दोनों पक्षों के फायरिंग व पथराव हुआ। जिसकी दहशत पूरे गांव में फैल गई, गोलीबारी की सूचना मिलते ही एसपी देहात अभिजीत कुमार, सीओ सरधना आशुतोष कुमार, थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह मय फोर्स के साथ गांव में पहुंचे, और मौके से दोनों पक्षों के दर्जनों लोगों को हिरासत में ले लिया। गुरूवार को पुलिस ने दोनों पक्ष की तरफ से 33 लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम करते हुए 25 लोगों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। जिसमें नितिन पक्ष के नितिन, सतपाल, प्रमोद, अतुल, पंकज उर्फ जोनी, सतीश, कपिल, दीपक, हिमांशु, दीप प्रताप, प्रशांत, सुरेश और सुंदर सहित कुल 13 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं धीरेंद्र पक्ष से धीरेंद्र, विपिन, रविंद्र, विशाल, सुभाष, बंटी, सुरेंद्र, अरुण, प्रिंस, आनंद, देवेंद्र और गौरव कुल 12 लोगों को जेल भेजा है।

पुलिस ने मौके से दो खोखे व आरोपियों के पास से एक पिस्टल, एक रिवाल्वर, एक तमंचा और एक डबल बैरल बंदूक भी बरामद की है। सीओ आशुतोष कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से मुकदमा कायम कर लिया गया है, गांव में फिलहाल स्थिति काबू में है, किसी भी तरह से गांव का माहौल बिगड़ने नही दिया जायेगा। गौरतलब है कि दोनों पक्षों के बीच चुनावी रंजिश चली आ रही है, कई बार दोनों पक्षों के बीच विवाद भी हो चुका है, इस बार पुलिस द्वारा की गई कड़ी कार्यवाही से दोनों पक्षों के सर्मथकों में पुलिस का भय उत्पन्न हो गया।

# मृतक महेश चंद्र के परिवार ने किया मेडिकल कॉलेज में देहदान

■ **एमबीबीएस की पढ़ाई करने वालों को होती है हर साल 15 शवों की जरूरत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेडिकल कॉलेज, मेरठ को मृत देह शरीर प्राप्त देहदान को महादान कहा जाता है। मृत देह मेडिकल कॉलेज के छात्रों के लिए साइलेंस टीचर की तरह होती है। वे आपके शारीरिक अंगों पर प्रैक्टिकल कर दूसरों को जीवन देना सीखाते हैं।

इंसान की जिंदगी बचाने के लिए चिकित्सकों की अहम भूमिका मानी जाती है और एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले छात्रों को पढ़ाई के लिए मृत शरीर का भी बड़ा योगदान होता है। देहदान न होने के कारण एमबीबीएस के छात्रों को पढ़ाई में कई समस्याओं का सामना भी करना पड़ता था, लेकिन अब धीरे-धीरे लोग देहदान के प्रति जागरूक हो रहे हैं, जिससे एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले छात्रों को भी काफी मदद मिल रही है।

इंसान की जिंदगी बचाने के लिए चिकित्सकों की अहम भूमिका मानी जाती है। देहदान के लिए अब धीरे-धीरे लोग जागरूक हो रहे हैं। इसी क्रम में लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज मेरठ के प्राचार्य डॉ. आर सी गुप्ता ने बताया कि अगस्त 2022 में महेश चंद्र पुत्र स्व. अतर सैन जैन उम्र 85 वर्ष निवासी जवाहर क्वाटर्स ने मेडिकल कॉलेज मेरठ के शरीर रचना विभाग में अपना देहदान का रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनकी मृत्यु के उपरांत बुधवार को उनके बच्चो के द्वारा उनका मृत देह संपूर्ण शरीर मेडिकल कॉलेज मेरठ के शरीर रचना विभाग में अध्यनरत विद्यार्थियों हेतु दान किया गया। शरीर रचना विभाग की विभाग अध्यक्ष ने बताया कि एनएमसी की गाइडलाइन के अनुसार एमबीबीएस पाठयक्रम में पठन पाठन हेतु प्रत्येक वर्ष कुल 15 शव मृत देह की आवश्यकता होती है। शरीर का दान महादान कहलाता है। हम सब को इसके लिए जागरूक होना पड़ेगा।

## दो दिवसीय दंगल का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** क्षेत्र के गांव नैडू में स्वर्गीय पहलवान कृष्णा धामा की याद में दो दिवसीय विशाल दंगल का मुख्य अतिथि समाजसेवी बिजेंद्र प्रधान धनपुरा ने फीता काटकर शुभारंभ कराया। विधायक अतुल प्रधान ने पहलवानों का हाथ पकड़कर कुश्ती का शुभारंभ कराया। जिसमें दिल्ली, हरियाणा, पंजाब सहित गाजियाबाद, बिजनौर, बागपत, मेरठ, बड़ौत, मुजफ्फरनगर, केराना, अम्बेहटा, सहित एक दर्जन जनपदों से 42 टीमों के पहलवानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन मास्टर रणपाल गुर्जर ने किया। रेफरी लालू पहलवान ने कुश्ती खेल रहे पहलवानों का संचालन किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान मनोज कुमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य भारतवीर गुर्जर, अमरीश ठेकेदार, प्रधानाचार्य गौरव कुमार, धर्मवीर सिंह, भोपाल सैनी, कंवरपाल सिंह, प्रमोद अन्ना आर्य, सुरेंद्र प्रधान, सूबेदार तिलक राम आदि गणमान्य लोग शामिल रहे हैं।

# भैया दूज की रस्म कर पति व बच्चों के साथ वापस लौट रही महिला की सड़क दुर्घटना में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव समसपुर से भैया दूज की रस्म करने के बाद अपने पति व बच्चों के साथ बाइक पर वापस घर लौट रही एक महिला को सामने से आ रही एक अनियंत्रित बुलेरो कार ने टक्कर मार दी। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई और बाइक पर सवार उसका पति और उसकी दो बच्चियां गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है तथा मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि टक्कर मारकर भाग रहे बुलेरो चालक को कार सहित हिरासत में ले लिया है। घटना से समस्त गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। मृतक महिला गांव समसपुर में अपने भाई परविंदर व नितिन की भैया दूज के अवसर पर अपने मायके आई हुई थी तथा रस्म करने के बाद वापस लौट रही थी। थाना प्रभारी का कार्यभार देख रहे क्रश राजपूत ने बताया कि समसपुर गांव की रहने वाली रचना पुत्री राजपाल सिंह की शादी कुछ वर्ष पूर्व भैंसा गांव के रहने वाले विपिन के साथ हुई थी। वर्तमान में विपिन और उसकी पत्नी रचना अपनी दो जुड़वा बेटियों के साथ मेरठ की फुलबाग कालोनी में रह रहे थे।



गुरुवार की सुबह दोनों पति-पत्नी अपनी दो जुड़वा बेटियों के साथ समसपुर आए थे। जब वह अपनी बाइक से वापस मेरठ जा रहे थे तभी समसपुर से आगे झुंनझुनी बाईपास पर स्थित एचपी पेट्रोल पंप के सामने गलत दिशा से आ रही एक बुलेरो कार ने उन्हें सीधी टक्कर मार दी। जिससे बाइक सड़क पर जा गिरी और उस पर सवार विपिन (32) व उसकी पत्नी रचना (30) वर्ष वह उनकी दोनों बेटियां आरोही और इतासा (6) वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां पर डाक्टर ने रचना को मृत घोषित कर दिया तथा घायल विपिन और उसकी दोनों जुड़वा बेटियों का उपचार शुरू कर दिया है। पुलिस ने आरोपी कार चालक और बुलेरो कार को हिरासत में ले लिया है। कार चालक थाना क्षेत्र के ही गांव अकबरपुर सादात का रहने वाला बताया जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि अभी तक पुलिस ने इस मामले में तहरीर ने आने के कारण रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। मृतक रचना के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर आने के बाद आरोपी चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# पेड़ पर लटका मिला खिर्वा गांव के युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** गुरुवार सुबह दुर्वेशपुर गांव के जंगल में आम के बाग में पेड़ पर युवक का शव लटका मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की। शव की शिनाख्त खिर्वा निवासी युवक के रूप में हुई। थाना क्षेत्र के गांव खिर्वा जलालपुर निवासी 32 वर्षीय फैजान पुत्र सजाउदीन बुधवार दोपहर करीब एक बजे घर से काम पर जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस लौट नही सका था। परि. जनों ने युवक की आसपास के इलाकों में तलाश की थी, लेकिन कोई सुराग हाथ नही लग सका था। गुरूवार सुबह खिर्वा दुर्वेशपुर के जंगल में खेत में पानी करने जा रहे एक किसान ने युवक का शव पेड़ पर लटका देखा तो आसपास के इलाके में सूचना दी। जानकारी मिलते ही फैजान के परिजन भी मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने पेड़ पर लटके हुए की शिनाख्त फैजान के रूप में की। लापता युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, आनन-फानन में मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतारते हुए पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस का कहना है युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है, जबकि परिजनों व ग्रामीणों का मानना था कि युवक की हत्या करके शव को लटकाया गया है। पुलिस ने इस मामलें में रिपोर्ट दर्ज कर ली है, साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

## गाजियाबाद से लौटते समय 32 वर्षीय युवक लापता, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना क्षेत्र के गांव कासमपुर माछरा से 19 अक्टूबर को गाजियाबाद सामान लेने गए 32 वर्षीय युवक सोनू सैनी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए हैं। परिजनों ने काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग न मिलने पर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। कासमपुर माछरा निवासी हरिओम सैनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया



कि उनका 32 वर्षीय पुत्र सोनू सैनी 19 अक्टूबर को गाजियाबाद गया था। इसके बाद से वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद हरिओम सैनी ने किठौर थाने पहुंचकर अपने बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

## हर्षोल्लास से मनाया गया भैया दूज पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वेस्टर्न रोड स्थित जेपी अग्रवाल के आवास पर गुरुवार को भैया दूज का आयोजन किया गया। जिसमें बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर भैया दूज पर्व मनाया। बहनों ने भाइयों की लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान जेपी अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल के अलावा अमन अग्रवाल, अपार अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, मोहिनी अग्रवाल, अनय, अनन्या, अमिहरा, अरशिव आदि उपस्थित रहे।



## कथा वाचक जय किशोरी से मिले जैन समाज के लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वेस्ट एंड रोड स्थित ऋषभ एकाडेमी के सचिव व सदर जैन समाज का बड़ा चेहरा डॉ. संजय जैन ने अंतराष्ट्रीय कथा वाचक जय किशोरी से मुलाकात की। जय किशोरी ने काफी देर संजय जैन से चर्चा की। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी भी मौजूद रहे। डा. वाजपेयी ने सचिव से काफी देर तक चर्चा की। इसके अलावा डॉ. संजय से कई मीडिया हस्तियों ने भी मुलाकात की।



# उमेर हत्याकांड में फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर की जांच पड़ताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़/सरधना।** कस्बा निवासी उमेर हत्याकांड की जांच पड़ताल के लिए फॉरेंसिक टीम व लावड़ चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने सरधना नहर की पटरी पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया और जांच पड़ताल कि इस दौरान फॉरेंसिक टीम ने बारीकी से जांच करते हुए घटनास्थल पर वीडियो ग्राफी व फोटो भी लिए। आपको बता दें कि कस्बा निवासी उमैर पुत्र जुबेर लगभग 4 महीने से लापता है इसके संबंध में उमैर के भाई की ओर से कस्बे के रहने वाले ईशा पुत्र जाबिर व शाकिर पुत्र इलियास के खिलाफ अपहरण कर हत्या करने का मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। इस प्रकरण में एक आरोपी इशा पुत्र जाबिर को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया पुलिस पूछताछ में ईशा ने उमैर की हत्या कर शव को सरधना नहर में फेंकने की बात कबूल की। हालांकि परिजनों ने बुधवार को भाजपा नेता मोहन सैनी के नेतृत्व में लावड़ चौकी पर धरना प्रदर्शन किया था जिसमें उमैर के शव को बरामद करने सहित तीन सुत्रीय मांगो को लेकर सीओ सदर देहात शिव प्रताप सिंह को 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया था। पुलिस ने इस प्रकरण में ईशा से हत्या में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद किया ओर बुधवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं दूसरा आरोपी शाकिर अभी



भी पुलिस की पकड़ से दूर है। गुरुवार को लावड़ चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार व फॉरेंसिक टीम ने सरधना नहर की पटरी घटनास्थल पहुंच कर वीडियो ग्राफी करते हुए जांच पड़ताल की। वहीं चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने कहा कि जल्द से जल्द दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा और उमैर के शव को बरामद करने के लिए भी कोशिश की जा रही है।

# गृह क्लेश के चलते पिता-पुत्र ने खाया जहरीला पदार्थ

■ पुत्र की मौत, पिता की हालत चिंताजनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव जिगनियां भगवंतपुर में बुधवार की रात पिता और उसके 12 वर्षीय पुत्र ने जहरीला पदार्थ खा लिया। पुत्र की जहां गुरुवार को दर्दनाक मौत हो गई, वहीं उसके पिता की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

ग्राम के सेवानिवृत शिक्षक निरंजन देव के पुत्र भूपेन्द्र और उनके 12 वर्षीय पुत्र सोनू बुधवार की रात खाना खाकर ऊपर लेटे थे, जबकि उनकी पत्नी कृतिका देवी और उनकी पुत्री मानसी नीचे लेटे थे। गुरुवार की सुबह जब देखा तो पिता और उनके पुत्र सोनू के मूंह से झाग निकल रहे थे। तत्काल ही उन्हें पीलीभीत ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें बरेली रेफर कर दिया गया था, जहां पुत्र सोनू ने दम तोड़ दिया, जबकि पिता भूपेंद्र अस्पताल में मौत और जिंदगी की बीच झूल रहे हैं। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। दोनों बहन भाई कस्बे के निजी स्कूल में पढ़ते थे, भाई सोनू कक्षा 8, जबकि उसकी वहन मानसी 11 में पढ़ती है। दीपावली की छुट्टी पर दोनों अपने गांव जिगनियां भगवंतपुर आए थे। सूचना मिलने पर कोतवाली के एसएसआई राजेश सिंह पुलिस बल के साथ ग्राम पहुंचे और घटना की जानकारी की।

# नशे के इंजेक्शन ले जा रहे बहेड़ी के तीन तस्कर उत्तराखण्ड में दबोचे

■ पुलिस ने भारी मात्रा में नशे के इंजेक्शन किये बरामद

■ नशे के सौदागर उत्तराखण्ड में करते हैं इंजेक्शन सप्लाई

■ इससे पहले भी बहेड़ी के कई सौदागर उत्तराखण्ड में हो चुके हैं गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** उत्तराखण्ड के थाना लालकुआं की पुलिस ने बहेड़ी के तीन तस्करों को नशे के इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से भारी मात्रा में नशे के इंजेक्शन बरामद किये हैं। पकड़े गए तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर थाने लाने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

उत्तराखण्ड पुलिस ने लालकुआँ की दिशा से आ रही एक सेंटरो कार को रोका तो उसमें सवार युवक घबरा गए। इसके बाद पुलिस ने कार सवार युवकों को बाहर निकाल दिया। इसके बाद पुलिस ने सकलेन पुत्र अब्दुल खालिक व मो0 कैफ पुत्र सरताज निवासीगण नूरीनगर कस्बा बहेड़ी व मो0 फरमान पुत्र एजाज अहमद निवासी मोहल्ला तलपुरा बहेड़ी की तलाशी ली तो उनके पास से भारी मात्रा में नशे के इंजेक्शन बरामद हुए। जब इंजेक्शनों की गिनती की गई तब उनकी संख्या कुल 300 पाई गई।

पूछताछ में तीनों लोगों ने पुलिस को बताया कि उनके पास इन इंजेक्शनों को चिकित्सक द्वारा इस्तेमाल करने की कोई सलाह नहीं है और न ही उनके पास कोई लाइसेंस है। वह लोग सिर्फ नशे के इंजेक्शनों की डिलीवरी करते हैं। तीनों तस्करों ने पुलिस को बताया कि वह यह इंजेक्शन बरेली के कोहाड़ापीर निवासी हर्षित नाम के युवक से लेकर आये हैं। इसके बाद पुलिस तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर थाने ले गई, और बरामद किये गए इंजेक्शनों को अपने कब्जे में ले लिया। इस मामले में पुलिस ने पकड़े गए तीनों तस्करों सकलेन पुत्र अब्दुल खालिक व मो0 कैफ पुत्र सरताज निवासीगण नूरीनगर कस्बा बहेड़ी व मो0 फरमान पुत्र एजाज अहमद निवासी मोहल्ला तलपुरा बहेड़ी व हर्षित निवासी कोहड़ापीर बरेली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए तीनों तस्करों को जेल भेज दिया।

## एक नजर

# न्याय का हर दरवाजा खटखटा चुका साकिब अली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** कस्बा निवासी अब कहां जाए किस दरवाजे पर जाकर न्याय की गुहार लगाए अब तक तो वो तमाम दरवाजे खटखटा चुका है, जहां से उसे इंसाफ की उम्मीद थी लेकिन हर दरवाजे से उसे मायूसी ही मिली।

पेशे से वकील साकिब अली की सेंथल में कुछ जमीन है उस पर धान की फसल तैयार खड़ी है वह अपनी फसल को काटना चाहता है, लेकिन विपक्षी उसे फसल काटने नहीं दे रहे हैं। इसकी शिकायत उसने स्थानीय पुलिस चौकी, थाना हाफिजगंज, उपजिलाधिकारी नवाबगंज, एसपी देहात और तमाम वरिष्ठ अधिकारियों से की है लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं की। अंत में वह शाह टाइम्स की शरण में आया और उसने अपनी बात रखी।

# धूमधाम से मनाया गया भाई दूज का पर्व, मिठाई की दुकानों पर उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे में भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ धूमधाम से मनाया गया।



गुरुवार को सुबह से ही बहनें अपने भाइयों के घर पहुंचीं और विधि-विधान से तिलक कर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनका स्नेह जताया।पर्व को लेकर पूरे कस्बे में उल्लास का माहौल देखने को मिला। कस्बे की बाजार में रौनक छाई रही और मिठाई व फलों की दुकानों पर दिनभर भारी भीड़ रही। दुकानदारों के चेहरे पर भी उत्साह साफ नजर आया।भीड़-भाड़ को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार ने चौराहा और क्षेत्र के प्रमुख चौरहा पर पुलिस कर्मी तैनात रहे ताकि त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।भाई दूज के अवसर पर कस्बे में आपसी प्रेम और भाईचारे की झलक देखने को मिली। कस्बे में भी भारी भीड़ भाड़ को देखते हुए कस्बा चौकी प्रभारी अनूप सिंह दल बल के साथ मुस्तैद रहे।

# भय्यादूज पर कुंडरा कोठी में लगा रहा जाम

■ रिछा-जहानाबाद मार्ग पर दिनभर राहगीर हुए परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** पंच पर्व दीपोत्सव के अंतिम दिन भय्यादूज पर गुरुवार को रिछा-जहानाबाद मार्ग स्थित कुंडरा कोठी में भीषण जाम लग गया। इससे दिनभर राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

कुंडरा कोठी पर जाम का मुख्य कारण सड़क किनारे दुकानों पर जुटी भीड़ और अव्यवस्थित खड़े ऑटो व ई-रिक्शा थे। इसके अतिरिक्त, साप्ताहिक हाट बाजार लगने से भी समस्या और बढ़ गई, जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित हुई। यहां एक पुलिस चौकी भी स्थित है, लेकिन केवल एक चौकी इंचार्ज और तीन पुलिसकर्मी ही तैनात हैं। इन पुलिसकर्मियों को दिनभर जाम खुलवाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। जाम के कारण रिछा-जहानाबाद मार्ग पर कई बार वाहन फंसे रहे। भय्यादूज पर अपने भाइयों का दूज करने जा रही बहनों को भी इस जाम से जूझना पड़ा, जिससे उन्हें गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई।

# भाई बहन के अटूट स्नेह प्रेम का प्रतीक पर्व है भाईदूज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** भाईदूज का पर्व गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही बहनों का भाइयों के घर रवानगी का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। बहनों ने भाइयों के माथे पर अक्षय रोली से टीका लगाकर मुंह मीठा कराया व साथ ही दीर्घायु की कामना की। भाइयो ने भी बहनों के खुशहाल जीवन की ईश्वर से प्रार्थना कर उपहार भी दिए।



कार्तिक शुक्ल द्वितीया को पूर्व काल में यमुना ने यमराज को अपने घर पर सत्कारपूर्वक भोजन कराया था। उस दिन नारकी जीवों को यातना से छुटकारा मिला और उन्हें तृप्त किया गया। वे पाप-मुक्त होकर सब बंधनों से छुटकारा पा गये और सब के सब यहां अपनी इच्छा के अनुसार सन्तोषपूर्वक रहे। उन सब ने मिलकर एक महान उत्सव मनाया जो यमलोक के राज्य को सुख पहुँचाने वाला था। इसीलिए यह तिथि तीनों लोकों में यम द्वितीया के नाम से विख्यात हुई। जिस तिथि को यमुना ने यम को अपने घर भोजन कराया था, उस तिथि के दिन जो भाई अपनी बहन के हाथ का उत्तम भोजन करता है, उसे उत्तम भोजन समेत धन की प्राप्ति भी होती रहती है। यह पर्व भाई-बहन के स्नेह का द्योतक है। कोई बहन नहीं चाहती कि उसका भाई दीन-हीन, तुच्छ हो, सामान्य जीवन जीने वाला हो, ज्ञानरहित, प्रभावरहित हो। इस दिन भाई को अपने घर पाकर बहन अत्यन्त प्रसन्न होती है अथवा किसी कारण से भाई नहीं आ पाता तो स्वयं उसके घर चली जाती है। भगवान चित्रगुप्त जयंती पर भी उनके चित्र के समक्ष पुष्प चढ़ाकर पूजा अर्चना की गयी।

# मुकदमा वापस न लेने पर पत्नी की अश्लील वीडियो की वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र में तीन साल से पति से अलग रह रही महिला के पति ने मुकदमा वापस न लेने पर उसका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पति समेत सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने बताया कि उसने वर्ष 2023 में ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बावजूद आरोपी पति किशन और उसके भाई-बहन आए दिन घर में घुसकर गाली-गलौज करते और जान से मारने की धमकी देते रहे। महिला ने बताया कि 2 नवंबर 2023 को पति ने अपने परिजनों के साथ मिलकर उसके घर पर हमला किया और उसकी 16 वर्षीय छोटी बहन को बेरहमी से पीट दिया, जिससे उसकी नाक की हड्डी टूट गई। उस मामले में भी मुक. दमा दर्ज हुआ था। आरोप है कि शादीशुदा जिंदगी के दौरान उसके पति ने चोरी-छिपे उसकी कुछ निजी वीडियो बना ली थीं। बाद में उसने दहेज केस वापस लेने के लिए दबाव बनाया। जब महिला ने मना किया तो पति ने बदला लेने के लिए उन अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# निदा खान ने मौलाना तौकीर पर लगाए गंभीर आरोप

■ कहा- मौलाना की सोच तालिबानी, पहली पत्नी पाकिस्तानी थी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शहर में बवाल के बाद दरगाह आला हजरत खानदान की बहू निदा खान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में उन्होंने मौलाना तौकीर के समर्थकों पर धमकी भरे कॉल करने और सोशल मीडिया पर गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। निदा खान ने मौलाना तौकीर पर हुई कार्रवाई को भी सही ठहराया है।

निदा खान ने वीडियो में बताया कि उनकी शादी 10 साल पहले हुई थी, जिसके बाद पारिवारिक परेशानियां शुरू हुई और मामला कोर्ट में चला गया, जो अभी भी विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में उन्हें कई बार जान से मारने की धमकियां मिलीं और उन पर हमले भी हुए। निदा के अनुसार, उनका घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है।

निदा खान ने 26 सितंबर को आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर की गिरफ्तारी के बाद अपनी बात रखी। उन्होंने मौलाना तौकीर पर हुई कार्रवाई को श्बहुत ठीकश बताया। निदा ने मौलाना के परिवार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उनके देवर अरसलान और उवैस श्माफिया की तरह तालिबानी सोचश रखते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मौलाना की पहली पत्नी पाकिस्तानी थी, जिन्हें तीन तलाक देकर दूसरी शादी की गई थी। निदा खान ने अपने वीडियो में कमलेश तिवारी हत्याकांड का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उस मामले में भी दरगाह के एक मौलाना का नाम सामने आया था, जिसे बाद में जमानत मिल गई थी। निदा ने दावा किया कि ऐसे कई मामले हैं जो दरगाह से जुड़े हुए हैं। यह वीडियो उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस को टैग कर पोस्ट किया है।

# भरी बाजार में बाइक को लात मारकर गिराने वाला दरोगा लाइन हाजिर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** भमौरा थाना क्षेत्र में एक दरोगा को बाइक पर लात मारने और लोगों से दुर्व्यवहार करने के आरोप में लाइन हाजिर कर दिया गया है। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी ने यह कार्रवाई की। दरोगा के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं।

भमौरा थाना क्षेत्र के देवचरा बाजार में सब-इंस्पेक्टर नरेंद्र राघव ने सड़क किनारे खड़ी आम लोगों की बाइकों को लात मारकर गिरा दिया। इस दौरान उसने लोगों से दुर्व्यवहार भी किया। यह घटना बुधवार को हुई, जब भाई दूज की खरीदारी के लिए देवचरा बाजार में काफी भीड़ थी। दरोगा की इस हरकत का किसी ने वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी अनुराग आर्य ने मामले का संज्ञान लिया।

उन्होंने बृहस्पतिवार को आरोपी दरोगा नरेंद्र राघव को लाइन हाजिर कर दिया। एसएसपी ने सीओ आंवला नितिन कुमार को मामले की जांच सौंपी है।

इस संबंध में एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि पुलिसकर्मियों को वैधानिक तरीके से कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन इसकी आड़ में बदसलूकी किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है।

# जेल में मना भाईदूज बहनों ने किया तिलक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जिला जेल और सेंट्रल जेल में धूमधाम से भाई दूज मनाया गया।



बहनों ने बंदी भाइयों को मिठाई खिला कर उन्हें तिलक लगाया। इस दौरान भाई बहन गले मिले तो दोनों की आंखें भर आईं। 674 बंदियों से 1005 महिलाएं और 440 बच्चे मिलने के लिए पहुंचे थे। जिला जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन मिश्रा ने बताया कि सुबह से ही बहनों की लंबी लाइन लगी रहीं। सभी के चेहरे पर अपने बंदी भाइयों से मिलने की आस साफ झलक रही थी। उन्होंने भाइयों के माथे पर तिलक किया और आरती उतारी। जेल प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। जेल अधीक्षक ने बताया कि इस तरह के अवसर पारिवारिक रिश्तों की डोर को मजबूत बनाते हैं। पूरे जेल परिसर में भाई-बहन के स्नेह और अपनापन का दृश्य देखते ही बन रहा था।

# हर्षोल्लास से मना भाई दूज का पर्व बहनों ने भाई का किया तिलक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** भाई वहन के प्रेम का पर्व भाई दूज नगर और क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जहां रंग बिरंगी मिठाई बेचने वालों की चांदी रही, वहीं मार्ग पर वाहन स्वामियों ने जमकर मनमाने रुपए वसूले।

गुरुवार को कस्बे के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में बहन भाई के प्रेम का पर्व भाई दूज हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान बहनें अपने भाइयों के घर गोला, पान, मिश्री के साथ ही फल मिठाई लेकर पहुंचीं, और अपने भाइयों को तिलक कर उनकी लम्बी उम्र की दुआ की। इस दौरान भाइयों ने अपनी बहनों को उपहार देकर विदा किया। दूसरी ओर इस पर्व पर जहां कस्बे के मार्गों पर भारी भीड़ नजर आई, तो रंग बिरंगी मिठाई भी खूब विकी। वाहन चालकों ने भी खूब सवारियों से मनमाना किराया वसूला।

# आखिर पुलिस को दर्ज करनी पड़ी रिपोर्ट, कई दिनों से कटी उंगली लेकर चक्कर लगा रहा था पीड़ित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव ज्योरा मकरंदपुर के रहने वाले मजदूर कमलेश कुमार की भावी को लेकर गांव का एक दबंग 17 अक्टूबर को अश्लील बातें कर रहा था जिसका कमलेश ने विरोध किया था।

विरोध किए जाने पर दबंग ने कमलेश कुमार के साथ गन्दी-गन्दी गालियां देने के साथ ही अपने दांतों से हमला कर दिया। जिसपर कमलेश के हाथ की एक उंगली कट कर अलग हो गई थी। खून से लथपथ कमलेश कोतवाली पहुंचा, जिसपर पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल भेज दिया। अस्पताल से लौटकर थाने पहुंचे कमलेश कुमार ने पुलिस को घटना की तहरीर दी। आरोप है कि पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद आरोपी को हिरासत में भी ले लिया था, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया, लेकिन पीड़ित की रिपोर्ट फिर भी दर्ज नहीं की। आरोप है कि इस मामले में समझौते के काफी प्रयास किए गए, लेकिन पीड़ित इसके लिए तैयार नहीं हुआ और आखिर 22 अक्टूबर को पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर संजीव पुत्र बाबूराम के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# हिंसक हुए कुत्ते, तीन दिन में 500 को बनाया शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** दिवाली के मौके पर शहर में हुई आतिशबाजी में कुत्ते भी हिसंक हो गए। तीन दिन में 500 से अधिक लोगों को कुत्तों ने निशाना बनाया। 300 बेड स्थित अस्पताल में पिछले तीन दिन में कुत्ता और बंदर काटे के 500 से अधिक लोग एंटी रैबीज वैक्सीन (एआरवी) लगवाने के लिए पहुंचे।

शहर से लेकर देहात तक में कुत्ते और बंदरो का आतंक बढ़ गया है। लगातार कुत्ते और बंदर लोगों पर हमला करके घायल कर रहे हैं। दिवाली पर पटाखों के शोर में कुत्ते और भी अधिक हिसंक हो गए। 300 बेड स्थित एआरवी सेंटर के डाक्टर फैसल ने बताया कि सोमवार को एआरवी सेंटर पर 200, मंगलवार को 195 और बुधवार को 155 लोग एआरवी लगवाने के लिए पहुंचे। इनमें बंदर काटने के भी कई मरीज शामिल थे। जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती इज्जतनगर थाना क्षेत्र के पीर बहोड़ा निवासी 10 साल के अरसलान ने बताया कि बुधवार की सुबह वह घर के बाहर खड़ा था। इसी बीच कुत्ते ने अचानक उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। परिवार के लोगों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं जिला अस्पताल की ओपीडी में आम दिनों में 2500 के करीब मरीज प्रतिदिन इलाज के लिए पहुंचते हैं, लेकिन दिवाली के मौके पर अवकाश में कम संख्या में मरीज जिला अस्पताल में उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। बुधवार की सुबह जिला अस्पताल की ओपीडी में सन्नाटा नजर आया। दोपहर 12 बजे तक की ओपीडी में 300 मरीज दवा लेने के लिए पहुंचे। पर्चा, दवा काउंटर के अलावा डाक्टरों के रूम के बाहर सन्नाटा नजर आया। भैया दूज के अवकाश के चलते गुरुवार को भी जिला अस्पताल में आधा दिन यानि दोपहर 12 बजे तक ही ओपीडी संचलित की जाएगी।

# बरेली में तालाब होंगे कब्जा मुक्त, निषाद वर्ग को दिए जाएंगे पट्टे

■ मत्स्य विभाग के मंत्री ने अफसरों को दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने बरेली में सभी तालाबों को कब्जामुक्त कराकर निषाद वर्ग को पट्टे पर देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार को सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि जिले में कुल तीन हजार तालाब हैं। इनमें से डेढ़ हजार तालाब पहले ही कब्जामुक्त हो चुके हैं और उन्हें पट्टे पर दिया जा रहा है।

मंत्री ने बताया कि नगर निगम सीमा के फाइक एंक्लेव सहित कई इलाकों के शेष डेढ़ हजार तालाबों को भी कब्जामुक्त कराया जाएगा। इन तालाबों के पट्टे भी निषाद वर्ग को ही आवंटित किए जाएंगे। डॉ. निषाद ने मत्स्य विभाग की परियोजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश में विभाग की 107 में से 105 परियोजनाएं संचालित हैं। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यदि तालाबों और पोखरों का आवंटन गलत तरीके से किसी अन्य वर्ग को हुआ है, तो उसे निरस्त कर पात्र प्राथमिक वर्ग को सौंपा जाए।

मछुआरों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए मंत्री ने बताया कि उन्हें बिना गारंटी किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से चार प्रतिशत ब्याज पर तीन लाख रुपये तक का ऋण मिल रहा है। इसके अतिरिक्त, मछुआरों को प्रशिक्षण और बीमा की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

बिहार चुनाव पर टिप्पणी करते हुए मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा कि निषाद समुदाय त्रेतायुग से एनडीए के साथ है और हमेशा रहेगा। उन्होंने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के दीया जलाने संबंधी बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने मिट्टी के दीयों से घर रोशन करने से लेकर आजादी की मशाल तक जलाई है। उन्होंने दीपोत्सव का विरोध करने वालों को भारतीय संस्कृति का अपमान करने वाला बताया।

डॉ. निषाद ने सपा और बसपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दल पिछड़ों के नाम पर केवल राजनीति करते हैं, जबकि डबल इंजन सरकार ने पहली बार सभी के विकास की दिशा तय की है। उन्होंने आरोप लगाया कि बसपा की सत्ता में सतीश मिश्रा और सपा में माता प्रसाद पांडेय कंपनी काम कर रही थी। मंत्री ने दावा किया कि भाजपा सरकार में कानून का राज है, महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं, अर्थव्यवस्था सुधरी है और समरसता बढ़ी है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

संख्या-1614 /न०पा०प०ब०/ कर/ 2025-26 दिनांक-17.10.2025

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त एक आराजी-63(3) वार्ड-5 जो मोहल्ला शेखूपुर उत्तरी कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में जलीस अहमद पुत्र श्री जलील अहमद के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-13.11.2024 के द्वारा जलीस अहमद पुत्र श्री जलील अहमद निवासी बहेड़ी खास मोहल्ला इस्लामनगर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्री जलीस अहमद पुत्र जमील अहमद व अफरोज जहां पत्नी जलीस अहमद निवास. ीगण मोहल्ला शेरनगर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। श्री जलीस अहमद पुत्र जमील अहमद व अफरोज जहां पत्नी जलीस अहमद निवास. ीगण मोहल्ला शेरनगर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने वारिसानों के अनापत्ति प्रमाण पत्र व अन्य साक्ष्यों को सलंग्न करते हुए आराजी को अपने नाम से दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

संख्या-1613 /न०पा० प०ब०/ कर/2025-26 दिनांक-17.10.2025

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आरा. जी-232 वार्ड-6 जो मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री हाजी अब्दुल हामिद पुत्र श्री अब्दुल गफ्फार के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-19.08.2025 के द्वारा श्री अब्दुल वहीद पुत्र श्री अब्दुल हामिद निवासी मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्री खुर्शिद व इदरीस मलिक व मुजमील पुत्रगण अख्तर अली निवास. ीगण ग्राम ढयौटी पोस्ट डयौटी अमरोहा को विक्रय कर दिया गया है। श्री खुर्शिद व इदरीस मलिक व मुजमील पुत्रगण अख्तर अली निवासीगण ग्राम ढयौटी पोस्ट डयौटी अमरोहा ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।।

एतददवारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# धारदार हथियारों के साथ घर में घुसकर बोला हमला, एक गंभीर रूप से घायल, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा।** टांडा के मोहल्ला नीम में बुधवार रात नगर के ही कुछ लोगों ने एक परिवार पर हमला कर दिया। हमलावर घर में घुसकर पिता और पुत्र पर लाठी-डंडे, पिस्टल और धारदार हथियार से हमला कर गए। घटना में पुत्र की हालत गंभीर बनी हुई है।घटना के बाद सीएचसी और थाने के आसपास भीड़ जमा होगयी।



मोहल्ला नीम निवासी मोहम्मद शाहिद अपने बेटे जुबैर आलम के साथ घर पर मौजूद थे। तभी नगर के ही वली उर्फ नजाकत, मुबीन, नदीम, मौलवी लियाकत और फैजान ने हथियार लेकर घर में प्रवेश किया और गालियाँ देते हुए हमला कर दिया।

हमले में जुबैर आलम के गले पर धारदार हथियार से चोट लगी, जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गई। परिवार ने किसी तरह अपनी जान बचाई। जाते समय हमलावरों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

जुबैर आलम को पहले स्थानीय साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन गंभीर हालत के कारण उसे रामपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हमले के बाद मोहम्मद शाहिद ने कोतवाली टांडा में नामजद शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर पीड़ित के रिश्तेदार मोहल्ला काजीपुरा निवासी रजी की पत्नी फात्मा की तरफ से भी थाने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देने के साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसमें कहा गया है कि आरोपियों ने उसके घर पर भी चढ़ाई कर तोड़फोड़ करने के साथ ही मारपीट की और अपमानित भी किया, परिवार ने आरोपियों से जान माल का खतरा बताया है।

> घटना के सम्बंध में तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।घटना के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है।
> **कीर्तिनिधि आनंद, क्षेत्राधिकारी टाण्डा।**

# हजरत बुद्धा शाह मियां की दरगाह पर उर्स में जिला पंचायत सदस्य ने की चादरपोशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गांव प्रानपुर में हजरत बुद्धा शाह मियां की दरगाह पर उर्स का आयोजन किया गया। इस दौरान हुजूर की शान में मिलाद और नाते पाक पेश की गई और कुलशरीफ के बाद जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन व अकीदतमंदों ने मुल्क की तरक्की और खुशहाली के लिए हाथ उठाएं।

गांव प्राणपुर स्थित हजरत बुद्धा शाह मियां की दरगाह पर उर्स के दौरान माहौल नूरानी था। सज्जादा नशीन भूरा मियां ने बताया कि दरगाह पर हर वर्ग के लोग शामिल होते हैं और हाजिरी देने और मन्नते मांगने वालों का तांता लगा था।

रामपुर जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने उर्स के कुल की रस्म से पहले अपनी तकरीर में कहा कि सूफी बुजुर्गो ने मोहब्बत, भाईचारे और एकता का पैगाम दिया है। यही वजह है



कि मजारों पर हर वर्ग और धर्म के लोग हाजिरी देने पहुंचते हैं। और यह समाज में गंगा जमुनी तहजीब का पैगाम देता है।

उलेमा मौलाना आजाद कादरी ने कुरआन शरीफ की तिलावत की और अल्लाह के वलियों की शान बयां की और मुल्क की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ की।

इस मौके पर हजरत बुद्धा शाह मियां की दरगाह के दरगाह के मुताबल्ली अशरफ अली प्रधान, हसनैन अली, शाकिर अली, दिलदार अली, उस्मान अली, राशिद पधान, मोहम्मद आलम, तस्वीर हाफिज, अरमान अली, एहसान अली, फैसल हाफिज बिलाल अहमद एडवोकेट, फैजान अली, अशरफ अली आदि कमेटी के लोग मौजूद रहे।

# बहनों ने भैया दूज पर किया भाइयों के तिलक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा।** जिले भर में बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र के लिए प्यार बांधा है। साथ ही बहनों ने अपने भाइयों के तिलक भी किया। जिसके बाद एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

ऐसा ही शहजादनगर थाना क्षेत्र के धमोरा, कमोरा समेत दर्जनों गांवों से बहनें अपने भाइयों के लिए गोला, मिठाईयों के साथ पहुंची और भाइयों के तिलक कर मिठाई खिलाई और खुशी का इजहार किया। इस दौरान धमोरा की मेन मार्केट में मिठाईयों और फलों की भी खरीदारी की दुकानों पर बहनों ने जमकर खरीदारी की। जिससे मार्केट में सुबह से ही रौनक रही भरी भीड़भाड़ रही।

# दुनिया की ताकत, कलम की सालाहियात सेः डॉ. इमरान हुसैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गुरुवार नगर के मोहल्ला अगलगा स्थित मदरसा जामिया इस्लाहुल बनात में कलम एवं सहाफत और इल्म की फजीलत के विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मेहमान ए खूसूसी लखनऊ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉक्टर इमरान हुसैन ने कलम की सालाहियत और कलम से ताकत का जिक्र करते हुए शिक्षा को सुनने-लिखने और बोलने पर जोर दिया और कहा कि लगन व मेहनत से दिनी और दुनियावी तालीम हासिल करें और शिक्षा को जहन में बसाएं जिससे कि समय पढ़ने पर कुरान व हदीस की रोशनी में इंसानी जिंदगी में उसका प्रयोग कर सकें, उन्होंने साइंन्स एवं अविष्कारो को इंसानी जीवन से जोड़कर इस्लाम की



खूबसूरती बयान की और पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब की शान में भी कसीदे पढ़े उन्होंने कहा कि इस्लाम की दी गई हिदायतों को जीवन में उतारें।

कार्यक्रम में तालिब ए इल्म को झूठ न बोलने की हिदायत दी गई।

कार्यक्रम में तालिब ए इल्म नाजिया ने हुजूर की शान में नात ए पाक पेश की और एक अन्य छात्रा फातिमा ने झूठ न बोलने और हुजूर की शान के बारे में विस्तार से बताया. और शहरीन ने अपनी आर्ट व कला का इंतेखाब किया।

कार्यक्रम में अपनी कला का बेहतरीन मुजाहिरा पेश करने पर छात्राओं को कीमती किताब व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

मौलाना सद्दाम हुसैन कासमी ने सुबह असेंबली में तालिब ए इल्मों को देश-दुनिया की ताजातरीन घटनाओं से अवगत कराया उन्होंने बताया कि मदरसे में सामान्य ज्ञान को बढ़ाने के लिए यह पहल बहुत प्रशंसनीय है। अगर आप एक तालिब ए इल्म हैं और अपने मदरसे की असेंबली में पढ़ने के लिए समाचारों की सुर्खियां ढूंढ रहे हैं, तो आप बिलकुल सही जगह पर हैं। हमने देश-विदेश में हो रही ताजा घटनाओं से छात्रों को अवगत रखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय, शिक्षा-रोजगार और खेल-से जोड़ा है। इस दौरान आसिफ, एडवोकेट फुरकान मिर्जा, परवेज अख्तर, आरिफा साहिबा, मंतशा, अक्शा, फरहाना, मौलाना अब्दुल गनी आदि उपस्थित रहे।

# नगर सहित क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भैया दूज का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मसवासी।** भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक भैया दूज पर्व मसवासी नगर क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर उनकी लंबी दीर्घायु की कामना की उधर भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट किया। गुरुवार को भैया दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सुबह से ही बहनें भाइयों को तिलक करने के लिए घर से निकल पड़ी बसों और अन्य सवारियों में भारी भीड़ देखने को मिली नगर के बस स्टैंड पर त्योहार को लेकर काफी चहल-पहल रही। बहनों ने भाइयों के घर पहुंच कर माथे पर तिलक किया और उनका मुंह मीठा करा कर लंबी दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को नगद राशि समेत अन्य उपहार भेंट किया। मसवासी नगर के साथ रहमतगंज बिजारखाता सीतारामपुर हसनपुर ज्वालापुर पट्टी कला कुंदनपुर खुशहालपुर मंसूरपुर लाडपुर समेत आसपास के गांव में भैया दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## ट्रैक्टर ने बाइक सवार के मारी टक्कर, बाइक सवार हुआ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाने के अंतर्गत ग्राम बड़ागांव चौराहे पर लकड़ी से लदे टैक्टर ट्राली ने बाइक सवार को मारी एक जोरदार टक्कर लगने से बाईक सवार बाईक सवार गंभीर रूप से घायल। बताते चले कि बुधवार को बाबू श्याम पुत्र रामचरन निवासी रूपपुर थाना सैफनी जनपद रामपुर अपने गांव रूपपुर से बाईक से सैफनी की ओर जा रहा था।

बाईक पर उसका चचेरा भाई भी सवार था तभी अचानक लकड़ी से लदी ट्रेक्टर ट्राली चालक ने जैसे ही ट्रेक्टर को मोड़ा तभी बाइक सवार के एक जोरदार टक्कर लगने से बाईक सवार नीचे गिर गया और उसका पैर ट्रेक्टर के पहिया के नीचे आने से बाईक सवार का बाया पैर कुचल गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

जबकि दूसरा भाई के हल्की चोट आई परिजनों ने मौके पर पहुंच कर घायल को एंबुलेंस बुलाकर और जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पूंछताछ कर ही रहे थे तभी बाइक सवार के परिजन पुलिस से भारी नोक झोंक होने के उपरांत जैसे तैसे पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर कार्य को निपटाया गया।

# दीपोत्सव पर हुआ रामलीला का भव्य मंचन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** तहसील मिलक के ग्राम लखीमपुर विष्णु में समाज सेवा दल के तत्वाधान में दीपावली के शुभ अवसर पर दीपावली मेले एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिसका शुभारंभ समाजसेवी डॉ. विकास शुक्ल जी ने फीता काटकर किया। डॉ. शुक्ल ने शुभारंभ करने के पश्चात ग्रामवा. सियों को अपनी परम्पराओं के संरक्षण, सहयोग व भाईचारे से रहने का संदेश देते हुए कार्यक्रम के आयोजन पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा मिलता है और इससे हमारे प्राचीन संस्कृति को आगे बढ़ाने में मदद मिलती है तथा हमारी नई पीढ़ी को सीखने का अवसर मिलता है।

इस अवसर पर नरायन दास मौर्य, जंग बहादुर बाजपेई, ज्ञान प्रकाश गंगवार, मुकेश शुक्ल, धर्मवीर गंगवार, कमल कान्त बाजपेई, विमल कान्त बाजपेई, सूरज पटेल, मोहित गंगवार समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पटाखा छोड़ने से मना करने पर मारपीट कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** घर के पास पटाखा छोड़ने से मना करने पर युवक को मारपीट कर घायल कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सचिन कुमार पुत्र सुरेश 21 अक्टूबर को समय करीब रात्रि 8 बजे अपने घर के पास था कि पड़ोस के ही अजीत पुत्र प्रेम शंकर, अर्जुन पुत्र प्रेम शंकर और बालवीर पुत्र बाबूराम घर के पास पटाखा छोड़ रहे थे। जब घर के पास छोड़ने को मना किया तो उसे लोगों ने एक राय होकर गाली गलौज शुरू कर दी।

जिसका विरोध करने पर अप लोगों ने सचिन को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए पुलिस ने घायल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

# भाकियू (टिकैत) संगठन के जिला अध्यक्ष ने अनिरुद्ध सिंह को सह मीडिया प्रभारी का सौंपा दायित्व

**■ दायित्व संभालते ही अनिरुद्ध सिंह ने कहा किसानों की हर संभव करेंगे मदद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) संगठन के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने किसानों के हितों के देखते हुए अनिरुद्ध सिंह जर्नलिस्ट को जिला सह मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा है।

किसान यूनियन सदैव किसानों के हितों और अधिकारो के लिए काम करता रहा है। केंद्र सरकार द्वारा तीन नए कानून किसानों पर लागू हुए थे यही किसान यूनियन कई महीनों तक धरना देकर तीनों कानून को वापस करा दिए थे।



अनिरुद्ध सिंह को यह दायित्व मिलते बधाई एवं शुभकामनाएं मिल रही है। बधाई देने वालों को धन्यवाद कहते हुए कहा जनपद में किसानों के अधिकारों का हनन या अनैतिक व्यवहार की खबर लगी तो उच्च पदाधिकारियों को अवगत कर उचित कदम उठाया जाएगा और किसानों की मदद की जाएगी।

# पीलीभीत टाइगर रिजर्व में अब बराही रेंज से भी पहुंच सकेंगे पर्यटक

**■ पीलीभीत टाइगर रिजर्व में तेजी से बढ़ रहा वन्यजीवों का कुनबा**

**विकास दीक्षित**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** पर्यटकों की सहूलियत को देखते हुए इस बार पीटीआर प्रशासन तीसरे मार्ग को भी खोलने की तैयारी कर रहा है, जिससे पर्यटकों को और अधिक सहूलियत मिल सके। पर्यटक टाइगर रिजर्व भ्रमण के लिए ऑनलाइन भी टिकट बुक करा सकेंगे, जिससे उनके टाइम की बचत होगी। टाइगर रिजर्व प्रशासन पर्यटकों के लिए 1



नवंबर से टाइगर रिजर्व खोलने की तैयारी में जुटा हुआ है। टाइगर रिजर्व में 100 से ज्यादा बाघ, पक्षियों की 300 व सांपों की 18 प्रजातियों का बसेरा है। अब तक इस जंगल की यात्रा करने के लिए दो मार्ग थे। पर्यटक महोफ और मुस्तफाबाद रेंज से इस खूबसूरत जंगल की यात्रा को निकलते थे। अब बराही रेंज के रास्ते भी पीटीआर में पर्यटक पहुंच सकेंगे। इन स्थानों पर सफारी वाहन और गाइड वहां उपलब्ध होंगे, जो पर्यटकों को पूरे जंगल की सैर कराएंगे। तीसरा मार्ग खुलने से लोगों को रोजगार भी मिलेगा और पर्यटकों को सुविधा भी। पीटीआर आने वाले पर्यटकों को बाघ, तेंदुआ, भालू समेत विभिन्न प्रकार के वन्य जीव आकर्षित करते हैं लेकिन अब यहां पर आने वाले पर्यटकों को हाथियों के भी दीदार भी होंगे। टाइगर रिजर्व के दो हाथियों को अब महोफ रेंज के मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस पर भेजने की तैयारी की जा रही है। देश विदेश से पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वन्य जीवन को देखने पहुंचने वाले पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

# पूरनपुर में 26 अक्टूबर को गूंजेगी किसानों की आवाज

**■ राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की 25 वीं वर्षगांठ पर होगी भव्य महापंचायत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आगामी 26 अक्टूबर को पूरनपुर कृषि मंडी में विशाल किसान महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों का दौरा कर किसानों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

जनसंपर्क अभियान के तहत शेरपुर कला, सिमरिया, तालुके महाराजपुर, ढका में, गहेलिया, जादवपुर, गोरा रायपुर, केसरपुर कला, नजीरगंज, टंडोला, टडोला सहित अनेक गांवों में



नुक्कड़ सभाएं आयोजित की गईं। शेरपुर कला में हाजी रियाजत नूर खान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 26 अक्टूबर को होने वाली महाप. ंचायत किसानों और मजदूरों की आवाज को नई दिशा देगी।

उन्होंने बताया कि इस आयोजन में देशभर के करीब 250 किसान संगठन भाग लेंगे, साथ ही देश और प्रदेश की जानी-मानी राजनीतिक हस्तियां भी महापंचायत में शामिल होंगी। इसमें गुल्लू पहलवान, हाजी महफूज खान, रफत खान, इश्तियाक खान, कल्लू शमशीद खान, जफर खान, रामदीन भारती, मोहसिन रजा, आमिर रजा, तालिब रजा, ओवैस खान, खुर्शीद खान, अकमल रजा, सारिक रजा, समद खान, समीर खान, भगवान दास, अकरम खान, गुड्डू मोहम्मद मियां, लाला खान, मोबीन समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। संगठन ने क्षेत्र के सभी किसान और मजदूर साथियों से 26 अक्टूबर को पूरनपुर कृषि मंडी पहुंचकर इस ऐतिहासिक महापंचायत को सफल बनाने की अपील की है।

## नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने मे चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** नाबालिग को वहला फुसला कर ले जाने में पुलिस ने लड़की के पिता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपला शि. वनगर निवासी जीवनलाल पुत्र हरचरण की पुत्री (16 बर्ष ) को ग्राम के ही ततोन पुत्र हरिराम बहला फुसलाकर ले गया।

उसको भगाने में ग्राम कलकत्ता थाना मिलक के मनोज पुत्र नामालूम, सर्वेश पुत्र रामअवतार निवासी शि. वनगर और मिथुन पुत्र हरिराम ने सहायता की जिसका अभी तक कोई पता नहीं चल पा रहा है।

नाबालिग के पिता ने कोतवाली प्रभारी को तहरीर दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चमरौआ विधानसभा क्षेत्र में बसपा की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी की एक मीटिंग चमरोआ विधानसभा के ग्राम मिलक हाशम में बसपा नेता मोहम्मद शाहिद के आवास पर हुई। बैठक को संबोधित करते हुए बसपा के जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर एडवोकेट निरंकारी ने कहा, दिनांक 9 अक्टूबर को लखनऊ में हुई महारैली की सफलता के बाद क्षेत्र के लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। आगे कहा कि बसपा में बहुत बड़ी ताकत है जिसका एहसास पार्टी के कार्यकर्ताओं ने 9 अक्टूबर को लखनऊ जाकर कर अहसास करा दिया, आगे कहा जनता बहुत तेजी से बहुजन समाज पार्टी से जुड़ रही है। कहां कि आने वाला पंचायत चुनाव की तैयारियां तेजी से चल रही है। लोग संगठन से जुड़ रहे हैं । पंचायत चुनाव का प्रदर्शन बहुजन समाज पार्टी का बहुत अच्छा रहेगा। आगे कहा जनता भारतीय जनता पार्टी से ऊब चुकी है भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। कोई सुनने वाला नहीं है। आगे कहा चीनी मील चालू होने वाली हैं प्रदेश सरकार ने गन्ने का मूल नहीं बढ़ाया है जबकि यूरिया खाद डीएपी का



मूल 1 साल में कई कई बार बढ़ा दिया है ।कहा कि बहुजन समाज पार्टी आने वाले 2027 के चुनाव में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी प्रदेश में अमन शांति कानून का राज लागू होगा। इस अवसर पर उपस्थित रहे जिला उपाध्यक्ष इसरार अली एडवोकेट, जिला महासचिव रमेश श्रीवास्तव, अमीर अहमद गुप्ता, विधानसभा उपाध्यक्ष, मोहम्मद शाहिद, नावेद ,जावेद, इदरीश हाजी, अमीर अहमद गुप्ता, सलामतुल्लाह, साजिद, शब्बीर, नौसर अली, बाबू, इसरार, फरीद मुल्लाजी, महफूज, समीर ,निजाम, दानिश, अफजल, फरीद, राशिद, शफीक, मुजीब, गुलफाम, आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक ने जाना हम एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हालचाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पूर्व विधायक अफरोज अली खां ने हम एकता मंच राष्ट्रीय अध्यक्ष शादाब शफीक खघं से मुलाकघत की। गुरुवार को पूर्व विधायक अफरोज अली खां हम एकता मंच के कार्यालय पर पहुंचे और राष्ट्रीय अध्यक्ष शादाब शफीकघ खघं से मुलाकघत कर उनका हाल चाल पूछा। मालूम हो कि शादाब शफीकघ खघं ने पित्ते का आपरेशन कराया है जिसके बाद तमाम हमदर्दो और साथियों का उनसे मुलाकात का सिलसिला जारी है।

अफरोज अली खां ने कहा कि शादाब शफीकघ खघं के नेतृत्व में हम एकता मंच जनहित के कार्यो को बखूबी अंजाम दे रहा है जिसकी सभी को सराहना करनी चाहिए हमारी टीम के सभी साथी जनहित के कार्यों में हम एकता मंच के साथ हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष शादाब शफीकघ खघं ने अफरोज अली खां का स्वागत किया और उनकी टीम को धन्यवाद दिया। उन्होंने सभी को दीपावली और भैया दूज की बधाई भी दी। राष्ट्रीय महासचिव मास्टर फिरोज खान ने कहा कि पूर्व विधायक अफरोज अली खां बहुत ही हमदर्द, ईमानदार और मिलनसार




व्यक्ति हैं और सभी के सुख दुख में शामिल रहते हैं मैं हम एकता मंच की पूरी टीम की ओर से उनका स्वागत करता हूं और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष की खघैर ओ आफियत के लिए आने पर धन्यवाद देता हूं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रेहान खघं एडवोकेट, मौहम्मद नाजिम नगर अध्यक्ष नादिर खघं बबलू,नोमान खघं,अकरम सुल्तान खां, परवेज खघं, मसरूर मियां अकरम, मौहम्मद रेहान एडवोकेट, इकघ्बाल खघं, मास्टर जुबैर खघं, प्रमोद कुमार, मुनीर खघं,महरबान अली, समीर खघं आदि मौजूद रहे।

## लूट के कुंडल सहित युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** थाना पूरनपुर क्षेत्रान्तर्गत कुंडल लूट की घटना कारित करने वाले अभियुक्त को लूटे गये कुंडल व घटना मे प्रयुक्त मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव द्वारा अपराध व अपराध की रोकथाम व अपराधियो की गिरफ्तारी के चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत व क्षेत्राधिकारी पूरनपुर के निर्देशन में चौकिंग संदिग्ध वाहन/व्यक्ति व तलाश वाछित अपराधी के क्रम में थाना पूरनपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमे में मुखबिर की सूचना पर सन्तराम पुत्र राजेन्द्र नि० ग्राम चन्दोखा ता. अजीतपुर बिल्हा थाना घुंघचाई जनपद पीलीभीत को घाटमपुर से गोपालपुर को जाने वाले रास्ते से लूटे गये सोने के कान के कुण्डल तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल स्पलेण्डर प्लस UP26AP4805 सहित गिरफ्तार किया गया।

बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 309 (4)/317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।

इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली
रामपुर मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

**नाम परिवर्तन सूचना**

पहले मेरा नाम MOHAMMAAD ASIF s/o RAIS AHMAD था अब मेरा नाम ASIF RAIS पुत्र RAIS AHMAD है।

**आसिफ रईस पुत्र रईस अहमद निवासी H-N-13 घेर मियां खेल सदर रामपुर यू.पी.।**

# विराट कोहली फिर शून्य पर लुढ़के



**एडिलेड, वार्ता।** प्लेयर ऑफ द मैच एडम जम्पा (60 रन पर चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी तथा मैथ्यू शार्ट (74) और कूपर कोनली (नाबाद 61) की शानदार अर्धशतकीय पारियों से ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ रोमांचक दूसरे वनडे में गुरुवार को दो विकेट से जीत दर्ज कर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। भारत ने रोहित शर्मा (73), श्रेयस अय्यर (61) और अक्षर पटेल (44) की शानदार पारियों की मदद से निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 264 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया,लेकिन विराट कोहली लगातार दूसरे मैच

**● आस्ट्रेलिया ने बनाई 2-0 की अजेय बढ़त**

में शून्य पर लुढ़क गए। ऑस्ट्रेलिया ने विकेट गंवाने के बावजूद 46-2 ओवर में आठ विकेट पर 265 रन बनाकर जीत और सीरीज अपने नाम कर ली। कोनली ने 53 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 61 रन की मैच विजयी पारी खेली। शार्ट ने 78 गेंदों पर 74 रन की संयमित पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। मिचेल ओवेन ने 23 गेंदों पर 36 रन में दो चौके और तीन छक्के मारे। मेजबान टीम ने सतर्कता के साथ शुरुआत की। हेड और मार्श ने शुरुआत में समय लिया और फिर मार्श आउट हो गए। हेड भी ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा सके और राणा का शिकार बने। शॉर्ट ने रेनशॉ के साथ मिलकर पारी को संभाला और समय पर चौके जड़े। भारत ने भी शॉर्ट के दो कैच छोड़े, जो अपना अर्धशतक पूरा कर चुके थे। उनके आउट होने के बाद ओवेन आए और उन्होंने पारी को जल्दी खत्म करने की कोशिश की। कूपर कोनली दूसरे छोर पर अनुभवी बल्लेबाजी कर रहे थे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपना अर्धशतक पूरा किया और ओवेन तब आउट हो गए जब उन्हें कुछ ही रनों की जरूरत थी। बार्टलेट और स्टार्क भी आउट हो गए, लेकिन कोनली ने रन बनाना जारी रखा और अपनी टीम को जीत दिला दी। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर भारत के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी रोहित शर्मा और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अभी 17 रन जोड़े थे कि सातवें ओवर में जेवियर बार्टलेट ने शुभमन गिल (9) को मिचेल मार्श के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये स्टार क्रिकेटर विराट कोहली को जेवियर बार्टलेट ने पगबाधा कर बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया। उन्होंने चार गेंदों का सामना किया और एक भी रन नहीं बना पाये। इसके बाद श्रेयस अय्यर ने रोहित शर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 118 रन जोड़े।

30वें ओवर में मिचेल स्टार्क ने रोहित शर्मा को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। रोहित शर्मा ने 97 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाते हुए 73 रनों की पारी खेली। भारत का चौथा विकेट 160 के स्कोर पर श्रेयस अय्यर के रूप में गिरा।

# सर्वाधिक शतक लगाने वाली दूसरी महिला बल्लेबाजी बनी मंधाना

**मंधाना ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 95 गेंदों में 109 रन बनाए**

**नवी मुंबई, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान और स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को महिला विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी मुकाबले में शतक जड़ा। अपने वनडे करियर के 14वें शतक के साथ मंधाना महिला क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाली दूसरी बल्लेबाज बन गईं। बता दें कि, भारत और न्यूजीलैंड के बीच महिला विश्व कप का 24वां मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में कीवियों ने टास जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है। इस मुकाबले में मंधाना ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 95 गेंदों में 109 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 88 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ स्टार बल्लेबाज ने 10 चौके और चार छक्के ठोके। पहले विकेट के लिए मंधाना ने प्रतिका रावल के साथ 212 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की। यह भारतीय महिला टीम की विश्व कप में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले



हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना के बीच 2022 में हैमिल्टन में 184 रनों की साझेदारी हुई थी। मंधाना ने वनडे में अपने 14वें शतक के साथ बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में उन्होंने तजमिन ब्रिट्स की बराबरी कर ली। दोनों ने 2025 में पांच-पांच शतक लगाए हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### श्याम लाल कॉलेज ने बाबा भगत स्मृति हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली विश्वविद्यालय के श्याम लाल कॉलेज ने साई कुरुक्षेत्र को 2-1 से हराकर राजस्थान के शाहज. हांपुर, जिला कोटपुटली में आयोजित 43वें श्री युक्त बाबा भगत स्मृति ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। विजेता के रूप में उसे 51000 रूपए की इनामी राशि भी मिली। उपविजेता टीम को 25000 रूपए से संतोष करना पड़ा। श्याम लाल कॉलेज की तरफ से सतीश और प्रत्यूष सिंह जग्गी ने मैच में एक-एक गोल किया जबकि साई कुरुक्षेत्र की तरफ से एक गोल सहजप्रीत ने किया। इस टूर्नामेंट में देश भर से 32 टीमों ने भाग लिया। बेस्ट डिफेंडर ऑफ़ द टूर्नामेंट का अवार्ड श्याम लाल कॉलेज के राहुल को मिला जबकि बेस्ट फॉरवर्ड ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड साई कुरुक्षेत्र के खिलाड़ी बिटू को मिला।

### कजाकिस्तान के खिलाफ मैत्री मैचों के लिए भारत ने की 23 सदस्यीय टीम की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अंडर-20 महिला टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन ने कजाकिस्तान अंडर-19 टीम के खिलाफ दो मैत्री मैचों के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। पहला मैच 25 और तथा मुकाबला 28 अक्टूबर को कजाकिस्तान के शिमकेंट में होगा। इसे अप्रैल 2026 में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के लिए भारत की तैयारियों के रूप में देखा जा रहा हैं। भारतीय टीम बेंगलुरू स्थित पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में एक संक्षिप्त शि. विर के बाद आज सुबह कजाकिस्तान के लिए रवाना हुई और शाम को शिमकेंट पहुंचेगी।

# तीसरे एशियाई युवा खेलों के लिए मनामा में 4000 से ज्यादा युवा एथलीट एकत्रित हुए

**मनामा, वार्ता।** तीसरे एशियाई युवा खेल (एवाईजी) बुधवार शाम बहरीन में आधिका. रिक रूप से शुरू हो गए, जिसमें 45 एशियाई देशों और क्षेत्रों के 4,000 से ज्यादा युवा एथलीट शामिल हुए। 22 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले इन खेलों में 26 खेल और 232 स्पर्धाएं शामिल हैं, जो एवाईजी के इतिहास का सबसे बड़ा आयोजन है।

कुल 4,074 एथलीट, जिनमें 2,425 पुरुष और 1,649 महिलाएं शामिल हैं, प्रतिस्पर्धा करेंगे, जो 2013 के नानजिग खेलों में 2,413 प्रतिभागियों और 2009 के उद्घाटन सिगापुर खेलों में 1,321 प्रतिभागियों से अधिक है। बहरीन के राजा के प्रतिनिधि और खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष शेख नासिर बिन हमद अल खलीफा ने खेलों के उद्घाटन की घोषणा की। सखिर क्षेत्र में उद्घाटन समारोह के दौरान, बहरीन सुप्रीम काउंसिल फॉर यूथ एंड स्पोर्ट्स के प्रथम उपाध्यक्ष शेख खालिद बिन हमद अल खलीफा ने कहा कि यह आयोजन खेलों को लोगों के बीच एक सेतु और एशिया की युवा पीढ़ी के लिए गौरव का स्त्रोत बताता है। उन्होंने कहा कि एशियाई युवा खेल भविष्य के ओलंपिक एथलीटों की पहचान करने का एक मंच भी हैं जो महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उन्होंने कहा कि ये प्रतियोगिताएं एशियाई खेलों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं, और उन्होंने सभी पक्षों के संयुक्त प्रयासों से रिकॉर्ड समय में एक प्रमुख क्षेत्रीय आयोजन आयोजित करने की बहरीन की क्षमता का हवाला दिया।

# जीत से विदाई के लिए उतरेंगे पाक-श्रीलंका

**कोलंबो, वार्ता।** मेजबान श्रीलंका महिला टीम कल यहां आर प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान महिलाओं के खिलाफ एक बेमेल मुकाबले में अपने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 अभियान का शानदार समापन करना चाहेगी। दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं, ऐसे में प्रतिष्ठा दांव पर होगी क्योंकि चामरी अथापट्टू की श्रीलंकाई टीम बांग्लादेश पर मिली हालिया करीबी जीत को आगे बढ़ाने की कोशिश करेगी, जबकि फातिमा सना की अगुवाई वाली पाकिस्तान टीम टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत की तलाश में है। छह मैचों में एक जीत और तीन हार दर्ज करने वाली श्रीलंकाई टीम इस मुक. ाबले में नए आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। हसीनी परेरा की 99 गेंदों पर 85 रनों की तेज पारी

**दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं, ऐसे में प्रतिष्ठा दांव पर होगी**

और कप्तान चामरी की चार विकेट सहित ऑलराउंड प्रतिभा ने उनके पिछले मैच में अहम भूमिका निभाई थी। नीलाक्षी डी सिल्वा ने भी 37 रनों की तेज पारी खेलकर मध्यक्रम की विश्वसनीयता को मजबूत किया।

गेंदबाजी में, चामरी, इनोका रनवीरा, सुगंधिका कुमारी और उदेशिका प्रबोधनी ने विकेट चटकाए हैं, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि कुल मिलाकर निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद श्रीलंका ज्यादातर मैचों में प्रतिस्पर्धी बना रहे। इस बीच, पाकिस्तान के लिए यह टूर्नामेंट बेहद मुश्किल रहा है, जहां उसे लगातार पांच हार का सामना करना पड़ा है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका से बारिश से प्रभावित हार भी शामिल है। सिदरा नवाज, नतालिया परवेज और सिदरा अमीन की अगुवाई वाली उनकी बल्लेबाजी लय हासिल करने के लिए जूझती रही है, जबकि सादिया इकबाल और नशरा संधू की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण ने लगातार समर्थन के बिना उम्मीद की किरण दिखाई है। प्रेमदासा की पिच ने मध्यम स्कोरिग के अवसर प्रदान किए हैं, इस विश्व कप में पहली पारी का औसत स्कोर लगभग 245 रन रहा है। हालांकि, मैच के दिन भारी बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है, जिससे दोनों कप्तान टॉस जीतने पर पहले गेंदबाजी करने का विकल्प चुन सकते हैं। ऐतिहा. सिक रूप से, दोनों टीमें विश्व कप में दो बार भिड़ चुकी हैं, जिनमें से प्रत्येक ने एक-एक जीत साझा की है।

# पंजाब किंग्स ने सैराज बहुतुले को स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 सीजन से पहले पूर्व भारतीय लेग स्पिनर सैराज बहुतुले को अपना नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है।

वह सुनील जोशी की जगह लेंगे, जिन्होंने 2023 से 2025 तक यह पद संभाला था। बहुतुले, जिन्हें हाल ही में राजस्थान रॉयल्स ने रिलीज किया था, जहां उन्होंने यही भूमिका निभाई थी, घरेलू और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अपने लंबे कोचिग करियर का भरपूर अनुभव लेकर आए हैं। 51 वर्षीय बहुतुले इससे पहले बंगाल, केरल, विदर्भ और गुजरात जैसी टीमों के साथ काम कर चुके हैं और सभी प्रारूपों में युवा भारतीय गेंदबाजों को निखारने में उनके योगदान के लिए उन्हें व्यापक रूप से श्रेय दिया जाता है।

बहुतुले का टीम में स्वागत करते हुए, पंजाब किंग्स के सीईओ सतीश मेनन ने कहा कि हम सुनील जोशी को वर्षों से पंजाब किंग्स के प्रति उनकी समर्पित सेवा और योगदान के लिए हार्दिक धन्यवाद देते हैं। आगे बढ़ते हुए, हम सैराज बहुतुले का अपने कोचिग स्टाफ में स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हैं। खेल की उनकी गहरी समझ, खासकर घरेलू गें. दबाजों को तैयार करने और रणनीति बनाने का उनका व्यापक अनुभव, हमारी टीम के लिए अमूल्य होगा।

# साइमन की फिरकी के आगे पाक पस्त



**रावलपिंडी, वार्ता।** साइमन हार्मर (छह विकेट) और केशव महाराज (दो विकेट) की बेहत. रीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन पाकिस्तान को दूसरी पारी में 132 के स्कोर पर ढ़ेर करने के बाद 68 रनों के लक्ष्य को 12-3 ओवर में दो विकेट पर 73 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। पाकिस्तान ने कल के चार विकेट पर 94 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में पाकिस्तान का पांचवां विकेट मोहम्मद रिजवान (18) के रूप में गिरा। इसके बाद नोमान अली (शून्य) पर पवेलियन लौट गए। दोनों बल्लेबाजों को साइमन हार्मर ने आउट किया।

शाहीन शाह अफरीदी (शून्य) रनआउट हुए। आगा सलमान (28) को केशव महाराज ने बोल्ड आउट किया। केशव महाराज ने 50वें ओवर की तीसरी गेंद पर साजिद खान (13) को आउटकर पाकिस्तान की दूसरी पारी का 132 के स्कोर पर अंत कर दिया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से साइमन हार्मर (छह विकेट) और केशव महाराज (दो विकेट) मिले। पाकिस्तान को 67 रनों की बढ़त हासिल हुई, और इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने 13वें ओवर में दो विकेट पर 73 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। पाकिस्तान के लिए नोमान अली ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। रायन रिकलटन 25 रन बनाकर नाबाद रहे। एडन मारक्रम ने 42 रनों की पारी खेली। पाकिस्तान ने शान मसूद, सऊद शकील और अब्दुल्ला शफीक ने अर्द्धशतकीय पारियों की मदद से पहली पारी में 333 रनों का स्कोर बनाया था। उसके बाद मुथुसामी (89) और कगिसो रबाडा (71) की शानदार पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने 404 रनों का स्कोर खड़ा कर 71 रनों की बढ़त हासिल की।

### तीसरा टी-20 बारिश के चलते रद्द इंग्लैंड ने जीती सीरीज

**ऑकलैंड, वार्ता।** न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच तीसरा टी-20 मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। इसी के साथ क्राइस्टचर्च में दूसरे टी-20 मैच में जीत की बदौलत इंग्लैंड ने तीन मैचों की यह सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। पहला टी-20 मैच भी बारिश की भेंट चढ़ गया था। यहां इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। खेल समय पर शुरू हुआ और टिम सीफर्ट ने पहली तीन गेंदों पर दो चौके लगाकर पारी की शुरुआत की, लेकिन बारिश ने पहली बार खेल में खलल डाला और डेढ़ घंटे की देरी हुई। इस देरी के कारण 14 ओवर प्रति टीम का खेल छोटा हो गया। इसी दौरान दूसरे ओवर में ब्रायडन कार्स ने टिम रॉबिन्सन (दो) को आउट किया।

# भारत को पुनः सीओपी 10 ब्यूरो का उपाध्यक्ष चुना गया




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने पेरिस स्थित यूनेस्को मुख्यालय में 20-22 अक्टूबर 2025 तक आयोजित खेलों में डोपिग के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (सीओपी 10) के दसवें सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह बैठक इस सम्मेलन की 20वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जो विश्व स्तर पर खेलों में डोपिग को समाप्त करने और अखंडता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध एकमात्र कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतर्राष्ट्रीय साधन है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में सचिव (खेल) हरि रंजन राव और राष्ट्रीय डोपिग रोधी एजेंसी (नाडा) के महानिदेशक अनंत कुमार शामिल थे। उन्होंने 190 से अधिक सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ अफ्रीकी संघ, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति, विश्व डोपिग रोधी एजेंसी (वाडा) और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। कार्यवाही के दौरान, भारत को 2025-2027 की अवधि के लिए एशिया-प्रशांत ब्यूरो (समूह ष्ट) का पुनः उपाध्यक्ष चुना गया। अजरबैजान को सीओपी 10 ब्यूरो का अध्यक्ष चुना गया। ब्राजील, जाम्बिया और सऊदी अरब को भी अपने-अपने क्षेत्रीय समूहों के उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया। भारत ने एंटी-डोपिग कन्वेंशन की यात्रा को प्रदर्शित करने वाले इंटरैक्टिव बोर्ड के प्रावधान की सुविधा प्रदान करके सीओपी 10 सत्र की कार्यवाही को भी अपना समर्थन दिया। बैठक में राष्ट्रीय सरकारों, डोपिग रोधी संगठनों और यूनेस्को के स्थायी प्रतिनिधिमंडलों के 500 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन के तहत शासन और अनुपालन को मजबूत करने, खेलों में डोपिग उन्मूलन कोष के वित्तपोषण और जीन हेरफेर, पारंपरिक औषधि-सं. हता और खेलों में नैतिकता सहित उभरती चुनौतियों के समाधान पर चर्चा हुई। सीओपी 9 ब्यूरो और अनुमोदन समिति की रिपोर्ट में संस्थागत सुसंगतता, रणनीतिक संचार और अंतर-क्षेत्रीय एकीकरण पर जोर दिया गया।

# बाबर आजम और नसीम शाह की पाकिस्तान की टी-20 टीम में हुई वापसी




**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला और श्रीलंका तथा जिम्बाब्वे के साथ त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय अंतर्राष्ट्रीय टी-20 टीम में बाबर आजम, नसीम शाह और अब्दुल समद को वापस बुलाया है। टीम में अनकैप्ड उस्मान तारिक को भी जगह मिली हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों टी-20 श्रृंखला 28 अक्टूबर से एक नवंबर तक रावलपिडी और लाहौर में खेली जाएगी, जिसके बाद 17 से 29 नवंबर तक इन्हीं स्थानों पर त्रिकोणीय श्रृंखला होगी। बाबर और नसीम ने आखिरी बार 2024 के अंत में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले थे और हाल ही में हुए एशिया कप का हिस्सा नहीं थे। लेकिन उनकी वापसी से अगले साल चार महीने बाद होने वाले टी-20 विश्वकप में उनके चयन की संभावनाएं बढ़ गई हैं। फखर जमान और हारिस रऊफ, सूफियान मोकिम रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं।

पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय टी-20 टीम इस प्रकार है: सलमान अली आगा (कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान (विकेट कीपर), सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान (विकेट कीपर) और उस्मान तारिक। इस बीच, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका चार से आठ नवंबर तक फैसलाबाद में तीन एकदिवसीय मैच भी खेलेंगे। इसके बाद पाकिस्तान 11 से 15 नवंबर तक रावलपिडी में श्रीलंका के साथ एक और एकदिवसीय श्रृंखला की मेजबानी करेगा। एकदिवसीय मैचों के लिए, नए कप्तान शाहीन शाह अफरीदी 16 सदस्यीय टीम की कमान संभालेंगे, जिसमें फैसल अकरम, हारिस रऊफ और विकेटकीपर-बल्लेबाज हसीबुल्लाह की वापसी हुई है।

# रवींद्र जडेजा रणजी ट्रॉफी के अगले दौर में सौराष्ट्र के लिए खेलेंगे

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा शनिवार से शुरु हो रहे रणजी ट्रॉफी के अगले दौर में सौराष्ट्र के लिए खेलेंगे। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) के एक अधिकारी ने क्रिकबज को बताया कि रवींद्र जडेजा के अगले मैच में खेलने की उम्मीद है। राणजी ट्रॉफी का दूसरा दौर 25 अक्टूबर से राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में शुरू होगा। पूर्व चैंपियन सौराष्ट्र अपने घरेलू मैदान पर से भिड़ेगी।

जडेजा को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई भारत की एकदिवसीय टीम में नहीं चुना गया जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए प्रथम श्रेणी मैच के लिए खुद को उपलब्ध बताया है ताकि वह अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली

**रणजी ट्रॉफी का दूसरा दौर 25 अक्टूबर से राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में शुरू होगा**

टेस्ट सीरीज के लिए खुद को तैयार कर सकें। 36 वर्षीय जडेजा ने आखिरी बार पिछले सीजन में असम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच खेला था।

उन्होंने उस सीजन में दो मैच खेले थे और दिल्ली के खिलाफ अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के साथ प्लेयर ऑफ द मैच (38 रन, 66 रन पर पांच विकेट और 38 रन पर सात विकेट) बने थे। सौराष्ट्र के लिए कुल 47 रणजी मैचों में उन्होंने 57-60 की औसत से 3,456 रन बनाए हैं और 21-25 की औसत से 208 विकेट लिए हैं। सीजन के अपने पहले मैच




में, सौराष्ट्र ने कर्नाटक को पहली पारी में मामूली बढ़त दिलाकर हराया था, जिसमें धर्मेंद्र जडेजा प्रमुख खिलाड़ी साबित हुए थे। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने पहली पारी में 124 रन देकर 7 विकेट सहित कुल 10 विकेट लिए थे। सौराष्ट्र की कमान भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट के हाथों में है।

### विश्वजीत मोरे ने अंडर-23 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के विश्वजीत मोरे ने 55 किला. ग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए सर्बिया के नोवी साद में आयोजित अंडर-23 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। कांस्य पदक के मुकाबले में, विश्वजीत ने असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए कजाख पहलवान को 5-4 के करीबी स्कोर से हराकर चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक सुनिश्चित किया। विश्वजीत ने अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफिकेशन राउंड में एक रोमानियाई पहलवान पर शानदार जीत के साथ की और अगले राउंड में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अमेरिकी पहलवान को हराकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी।

# मुलाकात पर विराम

22वें आसियान भारत शिखर सम्मेलन में जोकि 26 से 28 अक्टूबर तक मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में हो रहा है, उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच होने वाली मुलाकात पर विराम गुरुवार को उस समय लग गया, जब पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से इस सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से शिरकत करने की जानकारी दी। इसके बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी एक वक्तव्य जारी कर कहा कि मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम के निमंत्रण पर पीएम मोदी 26 अक्टूबर को आसियान शिखर सम्मेलन में वर्चअुल माध्यम से भाग लेंगे। वक्तव्य में यह भी कहा गया कि पीएम मोदी और आसियान नेता संयुक्त रूप से आसियान भारत संबंधों में प्रगति की समीक्षा करेंगे तथा व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। भारत का यह भी कहना है कि आसियान के साथ संबंधों को मजबूत करना उसकी नीति और हमारे हिन्द प्रशांत दृष्टिकोण का एक प्रमुख स्तंभ है। वक्तव्य में यह भी कहा गया कि भारतीय विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर 27 अक्टूबर को क्वालालंपुर में 20वें पूर्वी एशियाई शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी का प्रतिनिधित्व करेंगे। पीएम मोदी ने अपनी पोस्ट के माध्यम से कहा कि उनकी मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ बात हुई जिसमें उन्होंने आसियान की अध्यक्षता के लिए बधाई दी और आगामी सम्मेलन के लिए शुभकामनाएं दीं। मोदी की पोस्ट की प्रतिक्रिया में मलेशिया के पीएम ने एक पोस्ट में बताया कि भारतीय पीएम ने उन्हें फोन किया और व्यापार निवेश प्रौद्योगिकी, शिक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के मुद्दे पर चर्चा की और श्री मोदी ने उन्हें बताया कि वह शिखर सम्मेलन में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे, क्योंकि भारत में इस समय त्योहार चल रहे हैं। असल में भारत-अमेरिका में व्यापार समझौतों को लेकर अभी तक कोई सहमति नहीं बन पाई है और यह कयास लगाए जा रहे थे कि आसियान शिखर सम्मेलन में ट्रम्प और मोदी के बीच मुलाकात के दौरान इसमें कोई प्रगति हो सकती है, लेकिन अब जबकि पीएम मोदी मलेशिया नहीं जा रहे हैं, तो दोनों के बीच मुलाकात की संभावना खत्म हो गई है। जाहिर है, राजनीतिक जानक.ार पीएम के इस सम्मेलन से वर्चुअल माध्यम से जुड़ने के पीछे अमेरिका और भारत के बीच पिछले कुछ समय से खट्टे मीठे रिश्ते चल रहे हैं। ट्रम्प पीएम मोदी को अपना अच्छा दोस्त भी बताते हैं, लेकिन साथ ही साथ ऐसी हरकतें करते हैं जिससे उनके सामने असहज स्थिति पैदा हो जाती है। भले ही मलेशिया न जाने के पीछे भारत में हो रहे त्योहार भी एक कारण रहा हो, लेकिन यह भी सच है कि भारत और अमेरिका के बीच इस समय रिश्ते नाजुक दौर से गुजर रहे हैं।

## गगनयान मिशन की तैयारियां तेज



भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन की तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं, अब तक मिशन से जुड़ा लगभग 90 प्रतिशत विकास कार्य पूरा हो चुका है, गगनयान मिशन भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है और इसके लिए कई जटिल तकनीकों को विकसित करना पड़ा है, इस मिशन के लिए राकेट को मानव उड़ान के लिए उपयुक्त बनाना था, आर्बिटल माड्यूल तैयार करना था और पर्यावरण नियंत्रण व सुरक्षा प्रणाली विकसित करनी थी। इसके अलावा, क्रू एस्केप सिस्टम, पैराशूट सिस्टम और अन्य मानव-संबंधी तकनीकें भी बनानी पड़ीं, अब तीन बिना मानव वाले मिशनों को पूरा करना बाकी है। इन मिशनों के सफल होने के बाद ही अंतरिक्षयात्रियों को भेजा जाएगा।

**-वी. नारायणन, इसरो प्रमुख**

# जन नायक राहुल गांधी पटना कब जाएंगे





उर्मिलेश

**बिहार के महागठबंधन में पिछले कुछ दिनों से जो कांग्रेस के तीन-चार लोगों ने चारों तरफ रायता फैला दिया था। इन नेताओं के टीम। लीडर थे अल्लाव। अब उलझे मसलों को सुलझाने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आज भेजा। उनकी लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव और मंगनी मंडल आदि से बातचीत हुई। समझा जाता है कि कई उलझे मसलों को सुलझाया गया है। फैसलों की घोषणा कल महागठबंधन के सभी नेताओं की साझा प्रेस कांफ्रेंस में होगी। उलझे मसलों में एक है महागठबंधन के मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर तेजस्वी यादव के नाम की घोषणा। यह घोषणा पहले ही हो गई होती, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व इस पर अब तक हिचकिचाता रहा है। अल्लाव से राहुल गांधी तक, सभी नेता इस बारे में पूछे सवाल के जवाब में कुछ भी साफ-साफ कहने से इंकार करते आ रहे हैं। सच पूछिए तो कुछ सीटों पर हो रही फ्रेंडली कांटेस्ट जैसी यह कोई बड़ी समस्या नहीं है। गठबंधन में तेजस्वी के अलावा मुख्यमंत्री पद का कोई और दावेदार नहीं है।**

चुनाव लड़ने वाली हर पार्टी चाहती है और चाहना चाहिए कि आगामी चुनाव में उसका प्रदर्शन पिछले चुनाव के मुक.ाबले बेहतर हो। इसके लिए समझदार नेतृत्व वाली पार्टियां पिछले चुनाव की अपनी कमजोरियों से सबक लेती हैं।

बिहार के विपक्षी गठबंधन में शामिल पार्टियों ने क्या अतीत की अपनी कमजोरी से कोई सबक लिया है या लेती नजर आ रही हैं ? पहले कांग्रेस की चर्चा करते हैं, वह देश की सबसे पुरानी और अनुभवी पार्टी है, वैचारिक रूप से आज वह राष्ट्रीय स्तर पर INDIA एलायंस का नेतृत्व भी कर रही है, लेकिन मेरे हिसाब से इस चुनाव में वह भारी गलतियां करती नजर आ रही है, अतीत से कोई सबक न लेने वाली पार्टियों में उसका रिकॉर्ड सबसे खराब है।

पिछले चुनाव (2020) में उसका स्ट्राइक रेट सबसे खराब था, गठबंधन में उसने अपने राष्ट्रीय पार्टी के दबदबे का इस्तेमाल किया और जिद करके 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए, लेकिन वह मात्र 19 सीट पर ही जीत सकी, राष्ट्रीय जनता दल ने 144 सीटों पर उम्मीदवार दिए थे, उसे 75 सीटों पर कामयाबी मिली। सीपीआई-माले को लड़ने के लिए गठबंधन ने सिर्फ 19 सीटें दीं उसने 12 पर जीत हासिल की, इस तरह स्ट्राइक रेट के हिसाब से सीपीआई-माले नंबर वन और राष्ट्रीय जनता दल दूसरे नंबर पर रहा, कांग्रेस फिसड्डी रही, उसके कम स्ट्राइक रेट को भी महागठबंधन की सरकार न बनने के कारणों में शुमार किया गया। ऐसे में कांग्रेस का यह कर्तव्य बनता था कि वह अपने संगठन की सक्रियता और उम्मीदवारों के चयन पर ज्यादा सजग रहती, लेकिन असलियत उसके उलट रही। बिहार में बीते काफी समय से कांग्रेस की कोई प्रांतीय कमेटी तक नहीं है, सिर्फ एक अध्यक्ष है और केंद्रीय संगठन से भेजा एक राज्य प्रभारी! यही दोनों पूरे बिहार कांग्रेस का संगठन चलाते हैं, दोनों में, ज्यादा असरदार राज्य प्रभारी है क्योंकि वह केंद्रीय नेतृत्व का दूत है।

ये दोनों मिलकर पूरे राज्य में विधिवत संगठन तो नहीं बना सके, 2025 चुनाव के लिए 34-40 अच्छे उम्मीदवार भी नहीं खोज सके, लेकिन लड रहे हैं 60 या 61 सीटों पर। पिछली बार की 70 संख्या से 10 नीचे उतरे हैं। मेरे हिसाब से कांग्रेस को 45-50 से ज्यादा सीटों पर नहीं लडना चाहिए था, बची हुई 10 सीटें वामपंथी दलों को दे देनी चाहिए थी। अपने संगठन और महागठबंधन के जनाधार के बल पर वे कांग्रेस के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन करते।राष्ट्रीय जनता दल को भी अपनी सूची से यादव समुदाय के 51 उम्मीदवारों की संख्या घटानी चाहिए थी और अति पिछड़े वर्ग EBC के प्रत्याशियों का प्रतिनिधित्व और बढ़ाना चाहिए था।

कांग्रेस ने जिस तरह की उम्मीदवार सूची जारी की है, वह सिर्फ महागठबंधन के लिए ही नहीं, स्वयं उसके लिए भी आत्मघाती साबित हो सकती है। अगर पांच साल बाद फिर ऐसे आत्मघात की पुनरावृत्ति से बचना है तो सिर्फ एक ही विकल्प है। जननायक राहुल गांधी अब और समय गंवाए बगैर बिहार जाकर कैम्प करें और हर दिन ज्यादा से ज्यादा चुनाव सभाएं करें। उन्हें एक और कदम उठाना होगा, चुनाव के दौरान अचानक कांग्रेस के स्वघोषित नेता बनकर अवतरित होने वाले कुछ बड़बोले नेताओं की ऊटपटांग बयानबाजी को भी वह नियंत्रित करें। अगर वह ऐसा नहीं कर पाए तो बिहार में कांग्रेस और महागठबंधन का बंटाधार अवश्यंभावी है।

बिहार के महागठबंधन में पिछले कुछ दिनों से जो कांग्रेस के तीन-चार लोगों ने चारों तरफ रायता फैला दिया था। इन नेताओं के टीम। लीडर थे अल्लाव। अब उलझे मसलों को सुलझाने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आज भेजा। उनकी लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव और मंगनी मंडल आदि से बातचीत हुई। समझा जाता है कि कई उलझे मसलों को सुलझाया गया है। फैसलों की घोषणा कल महागठबंधन के सभी नेताओं की साझा प्रेस कांफ्रेंस में होगी। उलझे मसलों में एक है महागठबंधन के मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर तेजस्वी यादव के नाम की घोषणा। यह घोषणा पहले ही हो गई होती, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व इस पर अब तक हिचकिचाता रहा है। अल्लाव से राहुल गांधी तक, सभी नेता इस बारे में पूछे सवाल के जवाब में कुछ भी साफ-साफ कहने से इंकार करते आ रहे हैं। सच पूछिए तो कुछ सीटों पर हो रही फ्रेंडली कांटेस्ट जैसी यह कोई बड़ी समस्या नहीं है। गठबंधन में तेजस्वी के अलावा मुख्यमंत्री पद का कोई और दावेदार नहीं है। फिर कांग्रेस को इसे घोषित करने में क्या समस्या आ रही है। वह भी तब जबकि कांग्रेस को छोड़कर गठबंधन के सारे घटक दल तेजस्वी को ब्ड चेहरा बनाने के विचार से सहमत हैं। तो क्या माना जाए, हर काम-हर फैसला देर से करने वाली कांग्रेस कल पटना में आयोजित साझा प्रेस कांफ्रेंस में इस आशय की घोषणा करने के पक्ष में उतरेगी?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राहुल की इमरतियां बिहार को डरा तो नहीं रहीं

**देश देखना यह चाहता है कि 14 नवम्बर के ऐतिहासिक दिन को राहुल इंडिया ब्लॉक के लिए इमरतियों का स्वाद चखने जैसा रख पाते हैं या नहीं ? देश इस बात पर आपा नहीं खोना चाहेगा कि नतीजों की घोषणा के साथ ही राहुल गांधी फिर किसी लंबी छुट्टी पर विदेश रवाना हो गए हैं। बिहार में चुनाव लड़ रहे प्रमुख राजनीतिक दलों को अपनी हार के कारणों की समीक्षा बजाय 14 नवम्बर को नतीजे प्राप्त होने के बाद करने के कमिटियां बनाकर अभी से प्रारंभ कर देना चाहिए। निश्चित ही निष्कर्ष वैसे ही प्राप्त होंगे जैसे नतीजों की घोषणा के बाद होने वाले होंगे।**



श्रवण गर्ग

बिहार चुनावों को लेकर विपक्षी महागठबंधन के विभिन्न घटकों के बीच चल रही तनातनी और उसमें कांग्रेस की भूमिका ने उन तमाम लोगों के मन में सवाल खड़े कर दिए हैं जिन्होंने बीजेपी और संघ की नीतियों के खिलाफ लड़ाई में अपने भाग्य को राहुल गांधी के नेतृत्व के साथ नत्थी कर रखा है। भय उत्पन्न होने लगा है कि राहुल की लड़ाई के प्रति दिए जा रहे समर्थन को क्या चुनाव-नतीजों की घोषणा तक अस्थाई कर दिया जाना चाहिए?

मोदी के सत्ता में आने के बाद पिछले 11 सालों के दौरान चले घटनाक्रम, विशेषकर 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद, कांग्रेस कई बार सिद्ध कर चुकी है कि उसने जनता को निराश करने की अपार क्षमताएं अर्जित कर ली हैं। सीटों के बंटवारे को लेकर महागठबंधन के सहयोगी दलों के बीच प्रकट हुआ तनाव कोई अपवाद नहीं बल्कि उसके विफल होने की दिशा में एक और प्रयोग दिखाई पड़ रहा है। कहना मुश्किल है कि विपक्ष की सफलता का रहस्य मतदान के ठीक पहले अपेक्षित राहुल के किसी विस्फोटक चमत्कार में छुपा हुआ है या इन उम्मीदों में कि प्रशांत किशोर द्वारा खड़े किए गए 240 उम्मीदवार एनडीए के वोट बैंक में निर्णायक सैंध लगा सकते हैं। ऐसी किसी भी परिस्थिति के नायक तब प्रशांत किशोर माने जाएंगे राहुल गांधी नहीं। राहुल गांधी द्वारा किए जाने वाले 'हाइड्रोजन बम' विस्फोट की प्रतीक्षा अभी खघ्त्म नहीं हुई है। उसका बिहार में कम और देश-दुनिया में ज्यादा इंतजार हो रहा है। इसमें यह भी शामिल है कि 'खोदा पहाड़, निकली चुहिया' वाली स्थिति में सफाई क्या दी जाएगी?

जिस तरह की खबरें बिहार से बाहर निकलकर देश के हिस्सों में पहुंच रही हैं डराती हैं कि विपक्ष की जो लड़ाई संविधान और वोटर अधिकारों की रक्षा को लेकर प्रारंभ हुई थी वह किस तरह देखते ही देखते किसी भी कीमत पर सत्ता में हिस्सेदारी प्राप्त करने के कुर्ता फाड़ संघर्ष में तब्दील हो गई। इसी बीच अपने ही द्वारा खड़े किए गए महत्वाकांक्षी परिदृश्य से राहुल गांधी ने स्वयं को चुपचाप अनुपस्थित भी कर लिया। महागठबंधन का सर्वमान्य नेता इस समय कौन है खबरों को पता नहीं ! राहुल गांधी द्वारा पार्टी के दूसरे हिन्दी-भाषी राज्यों में व्याप्त असंतोष और पराजय के लिए दोषी ठहराए जा चुके सेनापतियों को ही बिहार की आग बुझाने के काम में झोंका गया है।

बिहार चुनावों के जरिए राहुल गांधी जो सिद्ध करना चाह रहे थे वह महागठबंधन के घटक दलों की आपसी नाराजगी के बीच लगभग गुम हो चुका है। जो नजर आ रहा है वह सिर्फ यह है कि बीजेपी ने किसी भी कघीमत पर बिहार को खघ्रीदने के लिए समस्त उपलब्ध संसाधनों और संस्थाओं को झोंक दिया है ! थोड़े शब्दों में बड़ी बात कहना हो तो बिहार विजय के जरिए मोदी राहुल गांधी नहीं बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष देश पर अपनी पकड़ और जनता के समर्थन का प्रदर्शन करना चाहते हैं। ऐसा इसलिए कि विधानसभा चुनावों में एनडीए की हार को नीतीश सरकार के खिलाफ बिहार की जनता का वोट नहीं बल्कि मोदी की हुकूमत के प्रति देश का अविश्वास माना जाएगा। सत्तारूढ़ दल की सां.प्रदायिक और विभाजनकारी नीतियों का विरोध करने वाले तमाम लोग बिहार में महागठबंधन की विजय की यही मानते हुए प्रतीक्षा कर रहे हैं कि परिणाम उस 'इंडिया ब्लॉक' को राष्ट्रीय स्तर पर पुनर्जीवित करेंगे जिसे बीजेपी के मार्गदर्शन में ध्वस्त करने में प्रमुख भूमिका नीतीश कुमार की रही है। चुनाव के नतीजे उन लाखों-करोड़ों लोगों के मनोबल को मजबूत या कमजोर करने वाले हैं जिन्होंने अपने संवैधानिक अस्तित्व को बिहार से बीजेपी और राजनीति से नीतिश कुमार की विदाई के साथ जोड़ रखा है। मीडिया अभी तो यही दिखला रहा है कि बिहार में महागठबंधन की लड़ाई अकेले तेजस्वी लड़ रहे हैं और राहुल पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक में 'घंटेवाला स्वीट्स' के यहां इमरतियां तल रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता पर उठते सवाल



योगेश कुमार गोयल

वर्ष 1945 में दुनिया के 50 देशों ने मिलकर संयुक्त राष्ट्र अधिकार पत्र पर हस्ताक्षर कर संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन किया था, जिसके बाद से प्रतिवर्ष 24 अक्तूबर को संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया जाता है। दरअसल द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को अधिक समतापूर्ण और न्यायोचित बनाने के लिए एक नए संगठन की स्थापना का विचार उभरा था, जो पांच राष्ट्रमंडल सदस्यों तथा आठ यूरोपीय निर्वासित सरकारों द्वारा 12 जून 1941 को लंदन में हस्ताक्षरित अंतर-मैत्री उद्घोषणा में पहली बार सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त हुआ था। उस उद्घोषणा के अंतर्गत एक स्वतंत्र विश्व के निर्माण हेतु कार्य करने का आव्हान किया गया था, जिसमें लोग शांति और सुरक्षा के साथ भयमुक्त वातावरण में रह सकें तथा निजीकरण एवं आर्थिक सहयोग के मार्ग की खोज कर सकें। उसके बाद 1944 में सोवियत संघ, अमेरिका, चीन तथा ब्रिटेन के प्रतिनिधियों द्वारा वाशिंगटन के डम्बर्टन ओक्स एस्टेट में कई बैठकों के आयोजन के बाद एक शांतिरक्षक वैश्विक संस्था बनाने की रूपरेखा तैयार की गई, जिसके आधार पर 50 देशों के प्रतिनिधियों के बीच 1945 में बातचीत हुई और 26 जून 1945 को सभी 50 देशों द्वारा चार्टर पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद यह चार्टर 24 अक्तूबर 1945 से प्रभावी हो गया। तभी से प्रतिवर्ष 24 अक्तूबर को 'संयुक्त राष्ट्र दिवस' मनाया जाने लगा।

अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों में हस्तक्षेप करने के उद्देश्य से स्थापित करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ को इतनी शक्तियां प्रदान की गई कि वह अपने सदस्य देशों की सेनाओं को विश्व शांति के लिए कहीं भी तैनात कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के बाद से ही दुनिया के अनेक देश इसके साथ जुड़ते गए और 50 सदस्यों के साथ शुरू हुए इस वैश्विक संघ के सदस्य देशों की संख्या अब 193 हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र की संरचना में सुरक्षा परिषद वाले सबसे शक्तिशाली देश थे अमेरिका, फ्रांस, रूस तथा यूनाइटेड किंगडम, जिनकी द्वितीय विश्वयुद्ध में अहम भूमिका थी। संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्य उद्देश्यों में युद्ध रोकना, मानवाधिकारों की रक्षा करना, सभी देशों के बीच मित्रवत संबंध कायम करना, अंतर्राष्ट्रीय कानूनों को निभाने की प्रक्रिया जुटाना, सामाजिक एवं आर्थिक विकास, निर्धन तथा भूखे लोगों की सहायता करना, उनका जीवन स्तर सुधारना, बीमा.रियों से लड़ना इत्यादि शामिल हैं और इन उद्देश्यों को निभाने के लिए 1948 में मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा प्रमाणित की गई।

हालांकि विडम्बना है कि संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के इन 80 वर्षों में यह वैश्विक संस्था अब धीरे-धीरे अपनी प्रासंगिकता खोने लगी है। दरअसल बीते 80 वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, अर्थव्यवस्था, हथियार, मीडिया, समाज, मुद्रा तथा समाज से संबंधित तमाम नीतियां इसके पांच स्थाई सदस्य देशों ब्रिटेन, अमेरिका, चीन, रूस तथा फ्रांस के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप ही निर्धारित की जाती रही हैं, जिस कारण ऐसी नीतियों का खामियाजा भारत के अलावा जापान, जर्मनी, आस्ट्रेलिया, इजरायल, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, सऊदी



अरब, संयुक्त अरब अमीरात जैसे कई अन्य देशों को भुगतना पड़ा है, जो संयुक्त राष्ट्र महासभा की स्थाई सदस्यता के लिए तमाम मानदंडों को पूरा करने के बाद भी दशकों से सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य बनने के लिए प्रयासरत हैं।

संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के आठ दशकों में विश्व के सामरिक और आर्थिक समीकरण पूरी तरह बदल चुके हैं लेकिन इतना लंबा समय बीत जाने और तमाम वैश्विक समीकरण पूर्ण रूप से बदल जाने के बावजूद वीटो अधिकार वाले पांचों स्थाई सदस्यों में से कोई भी अपने वीटो अधिकार और स्थाई सीट को छोड़ने को तैयार नहीं है। हालांकि स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर संयुक्त राष्ट्र में आम सहमति है लेकिन चीन को खासकर एशिया से वीटो अधिकार वाले सदस्यों की संख्या बढ़ाना किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है, जहां स्थाई सदस्यता के दोनों दावेदारों (भारत और जापान) पर वह विभिन्न कारणों से संदेह करता है। भारत ने जिस चीन को मान्यता देने में पहल की थी और सुरक्षा परिषद में उसकी स्थाई सीट को सिद्धांत के तौर पर लेने से मना कर दिया था, आज वही चीन भारत की स्थाई सदस्यता के मार्ग में रोड़े अटका रहा है। भारत चीन के वीटो पावर के कारण ही सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य नहीं बन पा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र संघ की सबसे बड़ी कमजोरी यही है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पारित किए जाने वाले प्रस्ताव बाध्यकारी प्रकृति के नहीं होते। आश्चर्य की बात है कि महासभा में 193 सदस्य देशों द्वारा पारित किए जाने वाले प्रस्ताव भी सुरक्षा परिषद के 5 स्थाई सदस्यों की सहमति पर ही निर्भर करते हैं। इसीलिए अनेक देशों द्वारा इसमें सुधार किए जाने की मांग बीते कई वर्षों से निरंतर की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी की वकालत करते हुए कह चुके हैं कि नई ताकतों को केन्द्रीय भूमिका में लाए बिना दुनिया की यह सबसे बड़ी पंचायत स्वयं से की जाने वाली अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पाएगी। दुनिया के कई देश बार-बार कहते रहे हैं कि संयुक्त राष्ट्र का ढ़ांचा अब पुराना पड़ चुका है और इसकी स्थापना के समय जो परिस्थितियां थी, वे अब बहुत पुरानी हो चुकी हैं। इसलिए यदि यह वैश्विक संस्था अपने भीतर समयानुकूल सुधार नहीं लाती है तो कालांतर में यह महत्वहीन होती चली जाएगी।

रूस-यूक्रेन युद्ध हो या इजरायल-फलस्तीन, इन संघर्षों में दोनों ही पक्षों के हजारों बेगुनाह लोग मारे जा रहे हैं, हजारों परिवार उजड़ चुके हैं, लाखों की आबादी पलायन की त्रासदी से जूझ रही है, शहर के शहर मलबे में तब्दील हो रहे हैं लेकिन संयुक्त राष्ट्र संघ इन संघर्षों को रोकने के लिए कुछ नहीं कर सका है। इसीलिए दुनिया में जगह-जगह युद्ध टालने के लिए संयुक्त राष्ट्र की ओर से ठोस योजनाओं पर अमल किए जाने की जरूरत महसूस होती रही है क्योंकि इस वैश्विक संस्था का गठन ही दुनिया में अमन-चैन कायम रखने के उद्देश्य के साथ किया गया था, लेकिन चिंता की बात है कि इन युद्धों में उसकी निष्क्रियता समूची मानव सभ्यता पर भारी पड़ रही है। भीषण होते इन युद्धों के कारण दुनिया अब दो धड़ों में बंटती जा रही है और संयुक्त राष्ट्र के अधिकांश सदस्य देश भी अब केवल बयान जारी करने से आगे नहीं बढ़ रहे। बहरहाल, यदि अभी भी संयुक्त राष्ट्र के पुनर्गठन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ती है तो यह संस्था आने वाले समय में अपना महत्व खो देगी। सही मायनों में दुनिया की इस सबसे बड़ी पंचायत को अब गंभीर आत्ममंथन की जरूरत के साथ पर्याप्त सुधारों की सख्त दरकार है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत रूसी तेल खरीदना दिसम्बर तक बंद करेगाः ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक हफ्ते में पांचवीं बार रूसी तेल खरीद का मुद्दा उठाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फिर दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत तौर पर आश्वासन दिया है कि भारत इस वर्ष के अंत तक रूसी तेल आयात को 'तेजी से कम' करेगा। नाटो महासचिव मार्क रटे के साथ व्हाइट हाउस में बोलते हुए, राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि भारत वर्तमान में अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 40 प्रतिशत रूस से प्राप्त करता है, लेकिन उनकी योजना आने वाले महीनों में इसे धीरे-धीरे समाप्त करने की है। राष्ट्रपति ने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, भारत ने मुझसे कहा कि वे इसे रोक देंगे। यह एक प्रक्रिया है, आप इसे तुरंत नहीं रोक सकते।

लेकिन साल के अंत तक, यह लगभग शून्य हो जाएगा। यह एक बड़ी बात है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यह कमी धीरे-धीरे होगी ताकि वैश्विक बाजार स्थिर रहे। भारत का रूख बहुत अच्छा रहा है। मैंने कल प्रधानमंत्री मोदी से बात की, और वे पूरी तरह से शानदार रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प की टिप्पणी कुछ दिनों बाद आई है, जब उन्होंने दावा किया था कि प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया था कि नई दिल्ली रूसी तेल की खरीद बंद कर देगा। उन्होंने भारत की ऊर्जा नीति को संभावित अमेरिकी टैरिफ से भी जोड़ा, चेतावनी दी कि भारतीय सामानों पर उच्च आयात शुल्क तब तक लागू रहेंगे जब तक देश मॉस्को से तेल खरीदना बंद नहीं करता। ट्रम्प ने इससे पहले एयर फोर्स वन पर बातचीत के दौरान कहा कि अगर वे ऐसा कहना चाहते हैं, तो उन्हें भारी आयात शुल्क का भुगतान जारी रखना होगा-और वे ऐसा नहीं करना चाहते। अमेरिका ने पहले ही कुछ भारतीय आयातों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है, जिनमें से 25 प्रतिशत नई दिल्ली के रूसी कच्चे तेल आयात के कारण है। अमेरिकी नेता ने कहा कि वह चीन के रूसी ऊर्जा और तेल व्यापार के बारे में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से चर्चा करने की योजना बना रहे हैं, ताकि मॉस्को पर शांति समझौते के लिए बातचीत करने का दबाव डाला जा सके। ट्रम्प ने अपने पूर्ववर्तियों, जो बाइडन और बराक ओबामा की भी आलोचना की, उनकी नीतियों को चीन और रूस को करीब लाने के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि चीन थोड़ा अलग है। उनका रूस के साथ थोड़ा अलग रिश्ता है। यह कभी अच्छा नहीं था, लेकिन बाइडन और ओबामा की वजह से, उन्हें एक साथ मजबूर किया गया। उन्हें कभी एक साथ नहीं होना चाहिए था-वे (चीन-रूस) दोस्ताना नहीं हो सकते-मुझे उम्मीद है कि वे दोस्ताना हैं, लेकिन वे नहीं हो सकते।



जैसा कि आप जानते हैं, भारत ने मुझसे कहा कि वे इसे रोक देंगे, यह एक प्रक्रिया है, आप इसे तुरंत नहीं रोक सकतेः ट्रम्प

### अमेरिका ने रूस की सबसे बड़ी तेल कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। इन प्रतिबंधों का उद्देश्य मास्को पर यूक्रेन में चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए दबाव बनाना है। अमेरिका का यह कदम महीनों से अटकी कूटनीति और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के रूख से बढ़ती निराशा के बाद उठाया गया है। ट्रम्प ने नाटो महासचिव मार्क रूट की मेजबानी करते हुए व्हाइट हाउस में पत्रकारों को बताया कि आज एक बहुत बड़ा दिन है। देखिए, ये बहुत बड़े प्रतिबंध हैं। ये उसकी दो बड़ी तेल कंपनियों के खिलाफ हैं। हमें उम्मीद है कि युद्ध अब समाप्त हो जाएगा। हमने अभी-अभी विभिन्न प्रकार की मिसाइलों और अन्य सभी चीजों के बारे में बात की है जिन पर हम विचार कर रहे हैं। लेकिन हमें नहीं लगता कि इसकी जरूरत होगी। अमेरिकी वित्त विभाग ने भी उन पर प्रतिबंध लगाए हैं जो अमेरिका में रोसनेफ्ट और लुकोइल की संपत्तियों को जब्त कर लेंगे।



मथूरा। 'भाई दूज' के अवसर पर यमुना नदी में डुबकी लगाते हुए श्रद्धालु।

### जॉर्डन ने गाजा से बीमार बच्चों के 13वें जत्थे को निकाला

**अम्मान।** जॉर्डन के सशस्त्र बलों (जेएएफ) ने बुधवार को 'जॉर्डन चिकित्सा गलियारे' पहल के तहत गाजा पट्टी से बीमार बच्चों के 13वें जत्थे को निकाला। जेएएफ ने बताया कि इस जत्थे में 12 मरीज और 38 उनके साथी शामिल हैं। बीमार लोगों को जॉर्डन के स्वास्थ्य मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन के समन्वय में जॉर्डन के अस्पतालों में इलाज किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य फलस्तीनियों का समर्थन करना और उनकी मानवीय पीड़ा को कम करना है। जॉर्डन ने मार्च में इसकी शुरुआत के बाद से गाजा से 799 लोगों को गाजा पट्टी से निकाला है, जिनमें 232 मरीज और 567 उनके साथी शामिल हैं।

### अमेरिकी सेना में सिखों के लिए दाढ़ी की नीति पर पुनर्विचार की अपील

**वाशिंगटन।** एक अमेरिकी सांसद ने युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ को पत्र लिखा है, जिसमें अमेरिकी सेना के सैनिकों के लिए जारी की गई दाढ़ी संबंधी नीति पर पुनर्विचार की अपील की गई है। दरअसल नई नीति से अमेरिकी सेना में कार्यरत सिख सैनिक चिंतित हैं।

नई नीति के तहत सभी अमेरिकी सैनिकों को दाढ़ी काटना अनिवार्य कर दिया गया है। अमेरिकी सांसद थामस सुओजी ने पीट हेगसेथ को लिखे पत्र में सिख समुदाय की चिंताओं को उजागर करते हुए इस बात पर जोर दिया कि सिख धर्म में बिना कटे बाल और दाढ़ी रखना, उनके धर्म का मूल सिद्धांत है। युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ को लिखे एक पत्र में

नई नीति से अमेरिकी सेना में कार्यरत सिख सैनिक चिंतित हैं

सांसद थामस सुओजी ने इस बात पर जोर दिया कि सिख पीढ़ियों से अमेरिकी सैनिकों के साथ लड़ते आ रहे हैं, जिनमें प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध दोनों शामिल हैं। अमेरिकी प्रतिनिधि ने कहा कि सिखों के लिए, अपने देश की सेवा करना एक पवित्र कर्तव्य है, यह संत-सिपाही (संत-सैनिक) के आदर्श का प्रतीक है जो आस्था और सेवा का मिश्रण है। सिख धर्म में अनुयायियों से ईश्वर के प्रति भक्ति और समानता के प्रतीक के रूप में बाल और दाढ़ी नहीं काटने की अपेक्षा की जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया में दो लोग समुद्र में डूबे

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत में बुधवार को आई तेज आंधी के दौरान दक्षिण-पूर्वी मेलबर्न में दो लोगों की समुद्र में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि दोनों व्यक्तियों में से एक ब्रिटिश नागरिक था, जो विषम परिस्थितियों में सर्फिंग कर रहा था और दूसरा उसका दोस्त था, जिसने उसे बचाने की कोशिश भी की। विक्टोरिया पुलिस ने एक बयान में कहा कि बुधवार अपराह्न मध्य मेलबर्न से 38 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में फ्रैंकस्टन बीच पर पानी में दो व्यक्तियों के फंसने की सूचना पर आपातकालीन सेवा कर्मियों को बुलाया गया था। पुलिस के एक हेलीकॉप्टर से देखने पर दोनों व्यक्तियों को पानी में बेहोश पाया गया।

### रूस के चेल्याबिस्क में विस्फोट, मरने वालों की संख्या नौ हुई

**मास्को।** रूस के चेल्याबिस्क क्षेत्र में एक फैक्ट्री में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है, जबकि पांच अन्य घायल हुए हैं। क्षेत्रीय गवर्नर अलेक्सी टेक्सलर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने टेलीग्राम पर बताया कि विस्फोट एक संयंत्र में हुआ। फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि यह एक ड्रोन हमला है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि विस्फोट सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के कारण हुआ।

### वेनेजुएला में विमान दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**काराकस।** पश्चिमी वेनेजुएला में ताचिरा के पैरामिलो हवाई अड्डे पर बुधवार को एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संस्थान (आईएनएसी) यह जानकारी दी है। आईएनएसी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया कि संबंधित प्रोटोकॉल तुरंत सक्रिय कर दिए गए और हवाई अड्डे के विमानन अग्निशामकों ने दुर्घटना पर तुरंत कार्रवाई की। एजेंसी ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

### रूस के व्यावसायिक प्रतिष्ठान में विस्फोट चार लोगों की मौत

**मास्को।** रूस में चेल्याबिस्क क्षेत्र के कोपेयस्क शहर स्थित एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान में विस्फोट होने के कारण चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय गवर्नर एलेक्सी टेक्सलर ने कहा कि फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि यह ड्रोन हमला है। इससे पहले उन्होंने कहा था कि सभी आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर पहुंच गई हैं और एक कमान सेंटर स्थापित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि शहर के निवासियों या नागरिक संपत्ति को कोई खतरा नहीं है।

### ईयू ने भी दिया पुतिन को झटका छद्म तेल पर लगाया बैन

**ब्रूसेल्स।** रूस पर यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए दबाव बढ़ता ही जा रहा है। अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन द्वारा रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने के एक दिन बाद यूरोपीय संघ ने भी रूस के छद्म तेल बेड़े पर प्रतिबंध लगा दिया है।

साथ ही यूरोपीय संघ ने रूस से होने वाले एलएनजी आयात पर भी नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। गुरुवार को डेनमार्क के यूरोपीय संघ के अध्यक्ष और विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने नए प्रतिबंधों की घोषणा की। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने ब्रूसेल्स में यूरोपीय संघ के नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान रूस पर लगे प्रतिबंधों का एलान करते हुए कहा कि आज यूरोप और यूक्रेन के लिए एक अच्छा दिन है। 27 देशों वाले यूरोपीय संघ के भीतर रूसी राजनयिकों की आवाजाही को सीमित करने पर भी सम्मेलन में सहमति बनी। नए प्रतिबंधों का उद्देश्य रूस के तेल उद्योग पर दबाव बनाना और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बातचीत की मेज पर लाना है। अमेरिका का मानना है कि रूस के तेल उद्योग ही यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को वित्तपोषण दे रहा है। यही वजह है कि अब अमेरिका और पश्चिम के देश रूस की इसी ताकत पर प्रहार कर रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते अमेरिका और पश्चिमी देशों ने रूस पर कई तरह के आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए हैं।

### तंजानिया में आम चुनाव से पहले शीर्ष विपक्षी नेता गिरफ्तार

**दार एस सलाम।** तंजानिया में अगले हफ्ते होने वाले आम चुनाव से पहले मुख्य विपक्षी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता को गिरफ्तार कर लिया गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार चाडेमा के उपाध्यक्ष जॉन हेचे को पार्टी नेता टुंडू लिस्सु के राजद्रोह के मुकदमे में शामिल होने की कोशिश करते समय हिरासत में लिया गया। चाडेमा ने एक बयान में आरोप लगाया कि सरकार 'वरिष्ठ पार्टी नेताओं को गिरफ्तार करने और उन्हें चुनाव खत्म होने तक हिरासत में रखने' की योजना बना रही है।चुनाव 29 अक्टूबर को होंगे। सरकार ने इस आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# वेनेजुएला की अमेरिका को चेतावनी

## 5000 रूसी मिसाइलें तैनात की, राष्ट्रपति बोलेः साम्राज्यवादी खतरे का जवाब देंगे

**काराकास।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने बुधवार को एक टीवी प्रोग्राम में कहा कि उनके देश ने अमेरिकी खतरे से निपटने के लिए रूस से मिली 5000 इग्ला-एस मिसाइलें तैनात की हैं। मादुरो ने कहा-हमारे पास 5000 मिसाइलें हैं, जो देश की शांति और आजादी की रक्षा करेंगी।

ये मिसाइलें हवा में कम दूरी के हमलों को रोकने के लिए तैनात की गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ये हथियार किसी भी साम्राज्यवादी खतरे का जवाब देने के लिए हैं और वेनेजुएला की सेना अपनी मातृभूमि की एक-एक इंच जमीन की रक्षा के लिए तैयार है। अमेरिका लंबे समय से मादुरो के खिलाफ है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वेनेजुएला के समुद्री तट के पास कुछ नौसैनिक जहाज भेजे हैं, जिन्हें अमेरिका ने ड्रग्स के खिलाफ आपरेशन बताया है। अमेरिका ने पिछले कुछ वक्त में वेनेजुएला की



मातृभूमि के हर इंच के लिए लड़ेंगे

कुछ नावों को तबाह भी कर दिया है। उसका आरोप है कि ये नावें ड्रग्स ले जा रही थीं। हालांकि वेनेजुएला ने इन आरोपों को गलत बताया है। वेनेजुएला का कहना है कि अमेरिका का यह आपरेशन उसकी आजादी पर हमला है। पिछले महीने वेनेजुएला की बोट पर अमेरिकी हमले का फुटेज। इस हमले में 3 लोग मारे गए थे। अमेरिका ने मादुरो पर 7 अगस्त को 50 मिलियन डॉलर, यानी करीब 420 करोड़ रुपये का इनाम रखा था। इसके अलावा उनसे जुड़े 700 मिलियन डॉलर से अधिक की संपत्ति भी जब्त की गई है। इसमें दो प्राइवेट जेट भी शामिल हैं। ट्रम्प प्रशासन का आरोप है कि मादुरो ड्रग तस्कर हैं और ड्रग कार्टेल के साथ मिलकर अमेरिका में फेंटानाइल मिला कोकीन भेज रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि मादुरो के पास 7 टन कोकीन है, जिसे वे अमेरिका भेजने की तैयारी कर रहे हैं। मदुरो पर 2020 में मैनहैटन की संघीय अदालत में नार्को-टेररिज्म और कोकीन तस्करी की साजिश के आरोप तय किए गए थे। उस समय ट्रम्प प्रशासन ने उनकी गिरफ्तारी पर 1.5 करोड़ डॉलर का इनाम रखा था। इसे बाद में बाइडेन प्रशासन ने बढ़ाकर 2.5 करोड़ डॉलर कर दिया। इतना इनाम अमेरिका ने 9/11 हमलों के बाद ओसामा बिन लादेन की गिरफ्तारी पर रखा था।

# शेख सालेह बिन फौजान बने सऊदी अरब के नए ग्रैंड मुफ्ती

**रियाद।** सऊदी अरब सरकार ने बुधवार देर रात अति-रूढ़िवादी इस्लामिक विद्वान 'शेख सालेह बिन फौजान अल फौजान' को देश का नया ग्रैंड मुफ्ती नियुक्ति करने का एलान किया।

90 वर्षीय शेख सालेह बिन फौजान की नियुक्ति सऊदी के शाह सलमान के बेटे और युवराज मोहम्मद बिन सलमान की सिफारिश पर की गई है। शेख सालेह का जन्म कथित तौर पर 28 सितम्बर, 1935 को सऊदी अरब के अल-कासिम प्रांत में हुआ था। अपने पिता की मृत्यु के बाद उन्होंने एक स्थानीय इमाम से कुरान की शिक्षा ली। उन्होंने नूर अला अल-दरब या 'रास्ता रोशन करो' रेडियो शो को लंबे समय तक संबोधित किया। साथ ही कई किताबें भी लिखीं। उनके फतवे या धार्मिक आदेश सोशल मीडिया पर भी साझा किए गए हैं। शेख सालेह को अपने कुछ बयानों के लिए पश्चिमी मीडिया में आलोचना का सामना भी करना पड़ा है। सऊदी अरब के ग्रैंड मुफ्ती सुन्नी मुसलमानों की दुनिया के शीर्ष इस्लामी मौलवियों में से एक हैं। ह्यूमन राइट्स वाच ने 2017 में बताया था कि जब शेख सालेह से पूछा गया कि क्या सुन्नी मुसलमानों को शियाओं को अपना भाई मानना चाहिए, तो उन्होंने चौंकाने वाला जवाब देते हुए कहा था कि वे शैतान के भाई हैं। उन्होंने कहा कि शिया, ईश्वर उनके पैगंबर और मुसलमानों के बारे में झूठ बोलते हैं। सऊदी अरब और ईरान के बीच राजनीतिक तनाव का इतिहास है और सऊदी अरब के धार्मिक नेताओं के द्वारा शियाओं के बारे में ऐसी टिप्पणियां आम हैं। साल 2003 में शेख सालेह ने अपने एक बयान में कहा था कि श्गुलामी इस्लाम का एक हिस्सा है। गुलामी, जिहाद का हिस्सा है, और जब तक इस्लाम है, जिहाद रहेगा। शेख अब्दुलअजीज बिन अब्दुल्ला अल-शेख के सितम्बर में निधन के बाद शेख सालेह ने यह पद संभाला है। अल-शेख परिवार, जो शेख मोहम्मद इब्न अब्दुल-वहाब के वंशज हैं, लंबे समय से सऊदी अरब के ग्रैंड मुफ्ती के रूप में सेवा देते आ रहे हैं। 18वीं शताब्दी में शेख मोहम्मद इब्न अब्दुल वहाब की इस्लाम की अति-रूढ़िवादी शिक्षाओं, जिन्हें उनके नाम के चलते 'वहाबवाद' कहा जाता है, का दशकों तक सऊदी अरब पर प्रभाव रहा है।



90 वर्षीय शेख सालेह बिन फौजान की नियुक्ति सऊदी के शाह सलमान के बेटे और युवराज मोहम्मद बिन सलमान की सिफारिश पर की गई

### स्पेसएक्स ने म्यांमार में घोटाला करने वाले गिरोह के लिए स्टारलिंक सेवाएं बंद की

**बैंकॉक।** सैटेलाइट इंटरनेट सेवा कंपनी स्पेसएक्स ने म्यांमार में घोटाला करने वाले गिरोहों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 2,500 से जयादा उपकरणों से स्टारलिक उपग्रह संचार सेवाएं बंद कर दी है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार माना जा रहा है कि थाईलैंड-म्यांमार सीमा पर 30 से जयादा गिरोह सक्रिय हैं जहां दुनिया भर के लोगों की तस्करी की जाती है और उन्हें जबरन ऐसे घोटाले करने के लिए मजबूर किया जाता है जिनसे सालाना अरबों डॉलर की कमाई होती है।

### नाइजीरिया में तेल टैंकर में विस्फोट से 42 लोगों की मौत

**अबुजा।** मध्य नाइजीरिया में एक तेल टैंकर में हुए विस्फोट में कम से कम 42 लोगों की मौत हो गई है। एक सहायताकर्मी ने बीबीसी को यह जानकारी दी।

नाइजर राज्य आपातकालीन सेवा के प्रमुख अब्दुल्लाही बाबा आरा ने बीबीसी को बताया कि हादसे में 52 अन्य लोग को चोटें आई हैं, जिनका एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण पलटे हुए टैंकर से तेल इकट्ठा करने के लिए दौड़े, जिसमें अचानक विस्फोट हो गया और भीषण आग लग गई। भीषण आग में कई लोग बुरी तरह जल गए और उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया और घायलों को इलाज के लिए पास के एक अस्पताल ले जाया गया। यह दुर्घटना नाइजर राज्य के कच्चा स्थानीय सरकारी क्षेत्र में बीडा-अगाई सड़क के किनारे एस्सान और बादेगी समुदायों के पास हुई। नाइजर के गर्वनर मोहम्मद उमरु बागो ने पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए इस घटना को 'चिंताजनक, दुर्भाग्यपूर्ण और दयनीय' बताया। गर्वनर के मुख्य प्रेस सचिव बोलागी इब्राहिम ने एक बयान में कहा कि यह बेहद निराशाजनक है कि कई जागरूकता अभियानों के बावजूद लोग गिरे हुए टैंकर के पास जाकर उसका सामान उठा रहे हैं।

# बलूचिस्तान में तीन सुरक्षाकर्मियों की मौत

## 11 आतंकवादी भी हुए ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में पिछले 24 घंटों में अलग-अलग घटनाओं में दो पुलिसकर्मियों समेत तीन सुरक्षाकर्मी और 11 आतंकवादी मारे गए। नोश्की में गश्त के दौरान अज्ञात हमलावरों ने दो पुलिसकर्मियों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि एक अन्य घटना में, केच इलाके में एक बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से एक सुरक्षा अधिकारी की मौत हो गई। सुरक्षा बलों ने चगाई और सिबी जिलों में खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए अभियान में 11 आतंकियों को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सैनिकों ने चगाई के दलबंदिन में एक पहाड़ी इलाके की घेराबंदी कर दी। संदिग्धों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद लगभग एक घंटे तक भीषण गोलीबारी हुई और छह आतंकवादी मारे गए। सिबी में आतंकवाद निरोधी दस्ते ने एक परिसर पर छापा मारा जहां एक प्रतिबंधित संगठन के सदस्य छिपे हुए थे। इस दौरान दोनों पक्षों में जबरदस्त फायरिंग हुई। जिसमें पांच आतंकवादी मारे गए और तीन अन्य गिरफ्तार कर लिए गए। दोनों जगहों से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और संचार उपकरण जब्त किए गए। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए लोग सुरक्षा बलों, पुलिस और लेवी कर्मियों पर पहले भी हुए हमलों में शामिल थे। उन्होंने बताया कि सभी शवों को पहचान के लिए पास के अस्पतालों में ले जाया गया है।



आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सैनिकों ने चगाई के दलबंदिन में एक पहाड़ी इलाके की घेराबंदी कर दी

### भारतीय मूल के सुनील अमृत ने जीता ब्रिटिश अकादमी पुस्तक पुरस्कार

द बर्निंग अर्थ के लिए मिला अवॉर्ड

**लंदन।** भारतीय मूल के इतिहासकार सुनील अमृत को उनकी किताब 'द बर्निंग अर्थः एन एनवायर्नमेंटल हिस्ट्री ऑफ द लास्ट 500 इयर्स' के लिए ब्रिटिश अकादमी पुस्तक पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया है। इस पुरस्कार के तहत विजेता को 25000 पाउंड की रकम मिलती है, जो दुनिया की सर्वश्रेष्ठ गैर-काल्पनिक कृतियों को दिया जाता है। अमेरिका के येल विश्वविद्यालय में इतिहास के प्रोफेसर सुनील अमृत का जन्म केन्या में हुआ।

46 वर्षीय अमृत की किताब को ब्रिटिश अकादमी पुस्तक अवॉर्ड के निर्णायकों ने जलवायु संकट के मामले में महत्वपूर्ण पठन सामग्री बताया। बुधवार शाम लंदन स्थित ब्रिटिश अकादमी में आयोजित एक समारोह में सुनील अमृत को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया। अमेरिका से लाइव वीडियो लिंक के से कार्यक्रम से जुड़े अमृत ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि यह मानवीय और पर्यावरणीय, दोनों तरह के नुकसान और पीड़ा के बारे में बहुत विस्तार से बताती है। साथ ही ये दर्शाती है कि ये दोनों लगभग हमेशा आपस में जुड़े रहे हैं। लेकिन अंत में, मैं इस पुस्तक से जो पढ़ना चाहूंगा, वह यह है कि इसके कई हिस्से हमें इस मुकाम तक ले आए हैं। इसलिए कई ऐसे रास्ते भी थे जिन्हें अपनाया नहीं गया, ऐसे विचार जिन्हें भुला दिया गया, ऐसे आंदोलन जो भले ही विफल रहे हों, लेकिन उन्होंने एक स्थाई विरासत छोड़ी है, ऐसी प्रौद्योगिकियां जो अधिक विनम्र और टिकाऊ थीं।

